राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



06 करण जौहर की स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3...



जनगणना-2027 के द्वितीय चरण... 12

गाजियाबाद, गुरुवार 10 सितंबर 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 13 अंक: 185, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### भारत ने सऊदी अरब पर हूती हमले की निंदा की, कहा- क्षेत्रीय सुरक्षा कमजोर होगी

**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** भारत ने यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा सऊदी अरब में ऊर्जा सुविधाओं पर किए गए हमलों की निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ऐसे हमले क्षेत्रीय सुरक्षा को कमजोर करते हैं और बाब-अल-मंदेब जलडमरूमध्य में नौवहन की स्वतंत्रता को खतरे में डालते हैं। भारत ने इस बात पर भी जोर दिया कि क्षेत्रीय शांति और समुद्री सुरक्षा पर इसके व्यापक प्रभावों को देखते हुए ऐसे कृत्यों को स्वीकार नहीं किया जा सकता।

भारत ने खासतौर पर नागरिक और आर्थिक



सुविधाओं को निशाना बनाए जाने की निंदा की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सऊदी अरब की संप्रभु भूमि पर इस तरह के हमले अस्वीकार्य हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, "ऐसे हमले जो क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता को कमजोर करते हैं और बाब-अल-मंदेब में नौवहन की स्वतंत्रता को खतरे में डालते हैं, अस्वीकार्य हैं।" बता दें बाब अल-मंदेब लाल सागर को अदन की खाड़ी से जोड़ने वाला संकरा जलमार्ग है। बीते दिन हूती विद्रोहियों ने आभा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, किंग खालिद हवाई अड्डे और आभा और जिजान में अरामको तेल सुविधाओं पर मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया था।

यमन में लड़ रहे सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन के प्रवक्ता मेजर जनरल तुर्की अल-मलिकी ने कहा था कि आभा, खमीस मुशैत, जिजान और नजरां प्रांत में हमले हुए। इसके बाद सऊदी अरब ने कहा था कि हमलों में महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 73 नागरिक घायल हो गए हैं।

### सहारनपुर के पीएनबी करेंसी चेस्ट से 17.29 करोड़ रुपये के नकली नोट बरामद, बैंक प्रबंधक गिरफ्तार

**सहारनपुर ( आरएनएस )।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में पंजाब नेशनल बैंक के करेंसी चेस्ट से 17.29 करोड़ रुपये के नकली नोट बरामद होने के बाद हड़कंप मच गया है। सोफिया बाजार स्थित बैंक के करेंसी चेस्ट से 500 रुपये के नकली नोटों के 340 बंडल मिलने के बाद मामले की जांच तेज कर दी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए




राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जांच अपने हाथ में ले ली है। जांच एजेंसी ने फरार चल रहे बैंक प्रबंधक अमित कुमार को चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया है। मामला 29 अगस्त को उस समय सामने आया, जब सदर बाजार थाना पुलिस को पंजाब नेशनल बैंक के करेंसी चेस्ट में नकली नोट रखे होने की सूचना मिली। पुलिस ने जांच की तो वहां 500 रुपये के मूल्यवर्ग के 340 बंडल नकली नोट मिले। इनकी कुल कीमत करीब 17.29 करोड़ रुपये बताई गई है। बरामद नोटों में कुछ नए और कुछ पुराने नोट शामिल थे।

### दिल्ली-एनसीआर में फिर बदलेगा मौसम का मिजाज, 11 से 14 सितंबर तक बारिश के आसार

**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** मानसून की सक्रियता और मौसम में लगातार हो रहे बदलाव का असर अब दिल्ली-एनसीआर समेत मैदानी इलाकों में भी दिखाई दे रहा है। मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के मुताबिक, आने वाले दिनों में राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में बादल छाए रह सकते हैं।

खासतौर पर 11 सितंबर से 14 सितंबर के बीच एनसीआर के मौसम में बदलाव की संभावना है। इस दौरान तापमान में भी धीरे-धीरे गिरावट दर्ज की जा सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के ताजा पूर्वानुमान में भी दिल्ली के लिए 11 सितंबर से हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के स्थानीय पूर्वानुमान के अनुसार 9, सितंबर को आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है। इस दिन अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

# देश से जातिवाद खत्म होता है तो हम आरक्षण छोड़ने के लिए तैयार : रामदास आठवले

**रायपुर ( आरएनएस )।** देशभर में आरक्षण व्यवस्था को लेकर जारी बहस के बीच केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री रामदास आठवले ने बुधवार को रायपुर में बड़ा बयान दिया। छत्तीसगढ़ के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे आठवले ने कहा कि यदि देश से जातिवाद पूरी तरह समाप्त हो जाता है तो वे आरक्षण छोड़ने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि जब तक जातिवाद खत्म नहीं होता, तब तक आरक्षण व्यवस्था जारी रहनी चाहिए।

आरक्षण व्यवस्था का विरोध करने वालों को जवाब देते हुए आठवले ने कहा कि भारत में जाति के आधार पर आरक्षण का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि



संविधान के अनुच्छेद 17 के तहत अस्पृश्यता को समाप्त किया गया है, लेकिन इसके बावजूद आज भी दलितों और आदिवासियों पर अत्याचार की घटनाएं होती हैं। उन्होंने कहा कि यदि देश में जातिवाद पूरी तरह खत्म हो जाता है तो आरक्षण छोड़ने में कोई आपत्ति नहीं होगी। लेकिन जब तक जातिगत भेदभाव और अत्याचार समाप्त नहीं होते, तब तक आरक्षण लागू रहना चाहिए। उन्होंने लोगों से आरक्षण का विरोध नहीं करने की अपील की।

केंद्रीय मंत्री ने दलितों के मुद्दे पर कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्ष अब केवल टिप्पणी करने तक सीमित रह गया है और वह देश का विकास नहीं कर सकता। आठवले ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का विकास तेजी से हो रहा है।


**● मोदी सरकार दलितों को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध**

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार दलितों की सेवा करने और उन्हें न्याय दिलाने के लिए सक्षम है। सरकार सामाजिक रूप से वंचित वर्गों के कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

अपने छत्तीसगढ़ दौरे की जानकारी देते हुए रामदास आठवले ने बताया कि रायपुर और बिलासपुर में उनके विभिन्न कार्यक्रम निर्धारित हैं। इस दौरान रायपुर नगर निगम के अधिकारियों के साथ सामाजिक न्याय एवं सशक्तीकरण से जुड़ी केंद्रीय योजनाओं को लेकर बैठक की जाएगी।

### दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे गृह मंत्री अमित शाह, राजभाषा सम्मेलन में होंगे शामिल

**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** गृह मंत्री अमित शाह इस सप्ताह दो दिवसीय दौरे पर मुंबई जाएंगे। गृह मंत्री 13 सितंबर रविवार को मुंबई स्थित एशियाटिक सोसाइटी जाएंगे और सोमवार 14 सितंबर को हिंदी राजभाषा सम्मेलन में शामिल होंगे।गृह मंत्री अमित शाह अपने मुंबई दौरे के दौरान रविवार को एशियाटिक



सोसाइटी की अमूल्य पांडुलिपियों और ऐतिहासिक धरोहरों का अवलोकन करेंगे। सोसाइटी के चुनाव जुलाई में हुए थे और भाजपा के पूर्व राज्यसभा सदस्य डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे अध्यक्ष बने थे। डॉ. सहस्त्रबुद्धे ने पत्र भेजकर गृह मंत्री शाह से सोसाइटी का दौरा करने का अनुरोध किया गया था। इस आमंत्रण पर अमित शाह मुंबई के अपने दौरे के दौरान सोसाइटी का दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गृह मंत्री के दौरे के दौरान उनके साथ रहेंगे। रविवार को एशियाटिक सोसाइटी का दौरा करने के बाद अमित शाह सोमवार को नवी मुंबई के सिडको प्रदर्शनी केंद्र में आयोजित होने वाले छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन और हिंदी दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इस सम्मेलन में मुख्य सत्र के अलावा हिंदी से जुड़े विभिन्न विषयों पर कई समानांतर शैक्षिक सत्र आयोजित किए जाएंगे।




**फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रेसिडेंट अनंत गोयनका और डायरेक्टर जनरल ज्योति विज ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।**

### प्रधानमंत्री मोदी के जनसेवा और समर्पण के 25 वर्ष पूरे होने पर चलेगा सेवा अभियान : नितिन नबीन

**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने बुधवार को दिल्ली में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर पार्टी की ओर से आयोजित किए जाने वाले 'सेवा मेरा योगदानइ अभियान की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जनसेवा और राष्ट्र के प्रति समर्पण के 25 वर्ष 7 अक्टूबर 2026 को पूरे होंगे।

नितिन नबीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल की शुरूआत की थी। इसके बाद पिछले 25 वर्षों से उनका जनसेवा और राष्ट्रसेवा का सफर लगातार जारी है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्ष के सार्वजनिक जीवन को इस रूप में देखा जा सकता है कि पहले दिन से उनके मन में जो ध्येय और संकल्प रहे, उन्हें उन्होंने लगातार पूरा करने का प्रयास किया और अनेक संकल्पों को सिद्धि तक पहुंचाया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश के करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। नितिन नबीन ने इसे प्रधानमंत्री के नेतृत्व, सोच और नीतियों का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि करीब 80 करोड़ लोगों को खाद्यान्न उपलब्ध कराना, 100 करोड़ से अधिक लोगों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ना और करीब 12 करोड़ शौचालयों का निर्माण कर लोगों के जीवन में बदलाव लाना बड़े स्तर के काम हैं। नितिन नबीन ने कहा कि कोविड महामारी के दौरान देश में करीब 200 करोड़ मुफ्त टीके लगाए गए। इसके अलावा गरीब परिवारों के लिए चार करोड़ से अधिक आवास बनाए गए। उन्होंने कहा कि आम लोगों के जीवन में बदलाव लाने और उनकी जीवन-स्थितियों को बेहतर बनाने की प्रधानमंत्री की लगातार कोशिश रही है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सार्वजनिक जीवन एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में शुरू हुआ था और आज वह देश के प्रधान सेवक के रूप में जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सफर उनके दृढ़ संकल्प और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की निरंतर कोशिश को दर्शाता है। नितिन नबीन ने कहा कि जब प्रधानमंत्री मोदी ने



**● प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश के करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। नितिन नबीन ने इसे प्रधानमंत्री के नेतृत्व, सोच और नीतियों का परिणाम बताया**

देश का नेतृत्व संभाला था, उस समय देश में निराशा और अंधकार का माहौल था। भारतीय अर्थव्यवस्था को उस समय 'कमजोर पांच देशों की श्रेणी में गिना जाता था, लेकिन आज भारत दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत की अलग पहचान बनी है तथा देश की प्रतिष्ठा और सम्मान में लगातार वृद्धि हुई है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 37 से अधिक देशों ने अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया है। उन्होंने कहा कि ये सम्मान किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के पुरुषार्थ और सामूहिक प्रयास का सम्मान है।

### राहुल के जनता दरबार में उमड़ी भीड़, लोगों की सुनी समस्याएं, सपा कार्यकताओं ने भी की मुलाकात

**रायबरेली ( आरएनएस )।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के रायबरेली दौरे के अंतिम दिन बुधवार को भुएमऊ गेस्ट हाउस में आयोजित जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। सुबह करीब नौ बजे शुरू हुए जनता दरबार में राहुल गांधी ने लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं एवं मांगें सुनीं। गेस्ट हाउस के बाहर लोगों की लंबी कतार नजर आई, जबकि सुरक्षा व्यवस्था के तहत एक-एक व्यक्ति को अंदर प्रवेश दिया गया।

जनता दरबार में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अलावा आम लोगों और विभिन्न संगठनों से जुड़े प्रतिनिधियों ने राहुल गांधी से मुलाकात कर स्थानीय समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। इस दौरान समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी राहुल गांधी से मुलाकात की और विभिन्न मुद्दे उनके सामने रखे। इससे रायबरेली में कांग्रेस और सपा के बीच राजनीतिक समन्वय की तस्वीर भी सामने आई।



मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव अखिलेश माही ने राहुल गांधी से मुलाकात कर वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में शहीद हुए रायबरेली के राजेंद्र यादव के नाम पर स्मारक और चौराहा बनवाने की मांग की।

### केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कतार में लगकर किया मतदान, विपक्ष पर साधा निशाना

**बीकानेर ( आरएनएस )।** बीकानेर नगर निगम के 80 में से 79 वार्डों के लिए वोटिंग हो रही है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल वार्ड नंबर 6 से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के लिए अपना वोट डालने पोलिंग स्टेशन पहुंचे। उन्होंने लोगों के साथ कतार में खड़े होकर मतदान किया।

आम लोगों के साथ कतार में खड़े होकर केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा, संविधान निमार्ताओं ने संविधान में ही समानता, स्वतंत्रता और भाईचारे का उल्लेख किया है। आज देखिए उसी समानता के साथ आज हम कतार में खड़े हैं और यहां भाईचारा भी नजर आ रहा है। कतार में हम खड़े हैं, क्योंकि हम सभी समान हैं। अन्य लोगों को भी वोट देने का अधिकार है और मुझे भी।

**बीकानेर नगर निगम चुनाव**

केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा, यह मेरा चुनाव क्षेत्र भी है और मेरा मोहल्ला भी है। मैंने इसी स्कूल में पढ़ाई भी की है, इसलिए यह मेरे लिए गर्व की बात है। यह मेरा पोलिंग बूथ भी है। मैंने इसी स्कूल में पढ़ाई की और अब मेरा बूथ भी यहीं है। मैं यहां वोट डालने आया हूं। यह लोकतंत्र का त्योहार है और मैं इस त्योहार में शामिल होने आया हूं।

अपने मतदान केंद्र में सुधार और जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता पर अर्जुन राम मेघवाल ने कहा, हमारे जीवन में पानी का क्या महत्व है? हमारे जीवन में पृथ्वी का क्या महत्व है? हमारे जीवन में आकाश का क्या महत्व है? जब मैं पिछली बार यहां आया था, तो मैंने इन चीजों पर ध्यान दिया था। देखिए, यह अच्छा लग रहा है और यहां यह सुविधा भी बनाई गई है। यह ऊपरी शेड भी बनाया गया है।




पहले, जब मैं पिछली बार पोलिंग स्टेशन आया था, तो आपने देखा होगा कि एक ईवीएम मशीन काफी समय तक खराब रही थी। आज, यह ठीक से काम कर रही है।

उन्होंने कहा, मुझे बताया गया कि बच्चे खुले में बैठते हैं। मुझे अच्छा लग रहा है कि यहां सुधार हुआ है। इस मतदान केंद्र में सुधार होना और स्कूल प्रशासन की ओर से मुझे फीडबैक देना, इस बारे में मतदान केंद्र पर जाने पर ही पता चलता है। इसी बीच, विपक्ष पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने निशाना साधा। उन्होंने कहा, देखिए, उन्हें (विपक्ष को) कुछ दिखाई नहीं देता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में जिस तरह का विकास हुआ है, उसमें कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं रहा है। इसीलिए इतनी मुश्किल परिस्थितियों के बावजूद हमारी जीडीपी 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। आप किसी भी क्षेत्र को देखें, वे भी जानते हैं कि बहुत विकास हुआ है, लेकिन उन्हें बोलना तो है ही, क्योंकि वे विपक्ष में हैं।

**शुभारंभ** | मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी में ९वें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ किया

# 2017 से पहले पोषाहार आपूर्ति में शामिल था शराब माफिया, तीन-तीन महीने नहीं पहुंचता था राशन: सीएम योगी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्ववर्ती सरकारों पर तीखा हमला करते हुए कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में बच्चों के पोषाहार की सप्लाई तक में शराब माफिया का दखल था। तीन-तीन महीने तक आंगनवाड़ी केंद्रों पर राशन नहीं पहुंचता था और बच्चे अपना टाट लेकर केंद्रों पर आते थे। न शुद्ध पेयजल की व्यवस्था थी, न शौचालय और न गर्म भोजन की सुविधा। पूर्ववर्ती सरकारों में गलती कोई और करता था, लेकिन उसकी गाली आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को मिलती थी। 2017 के बाद सरकार ने पोषाहार वितरण व्यवस्था में बदलाव कर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की। आज आंगनवाड़ी केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से लैस कर पोषण और प्रारंभिक शिक्षा का मजबूत आधार बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को गर्भवती एवं धात्री महिलाओं, बच्चों, किशोरियों तथा उनके परिवारों के पोषण, स्वास्थ्य, देखभाल को समर्पित 9वें राष्ट्रीय पोषण माह (9 सितंबर से 8 अक्टूबर, 2026) का वाराणसी में शुभारंभ किया। सीएम ने कार्यक्रम स्थल पर लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होंने नन्हें बच्चों को गोद में लेकर दुलारा और उनका अन्नप्राशन कराया।

**● नहिं दरिद्र कोउ दुखी न दीना की अवधारणा पर आगे बढ़ रहा यूपी, आंगनवाड़ी से रखी जा रही विकसित भारत की नींव: सीएम योगी**







सीएम योगी ने इस मौके पर यूपी समेत देश विभिन्न राज्यों से आई आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों से संवाद किया और आंगनवाड़ी केंद्रों पर आधारित लघु फिल्म भी देखी।

**नहिं दरिद्र कोउ दुखी न दीनाह्व की अवधारणा पर आगे बढ़ रहा यूपी**

मुख्यमंत्री ने शासन की आदर्श व्यवस्था की शाश्वत अवधारणा को रामराज्य से जोड़ते हुए गोस्वामी तुलसीदास की पंक्तियों नहिं दरिद्र कोउ दुखी न दीना। नहिं कोउ अबुध न लच्छन हीना॥ का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इसका आशय ऐसी व्यवस्था से है, जहां कोई गरीब, दुखी, दीन-हीन या कमजोर न हो और हर व्यक्ति स्वस्थ एवं समर्थ समाज के निर्माण में योगदान दे सके।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# 16 सितंबर से नोएडा फिल्म सिटी में शुरू होगा 19वां ग्लोबल फिल्म फेस्टिवल नोएडा 2026

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नोएडा।** सिनेमा, मीडिया, कला और संस्कृति के माध्यम से भारत के अंतरराष्ट्रीय जुड़ाव को नई ऊंचाई देने वाला 19वां ग्लोबल फिल्म फेस्टिवल नोएडा 2026 आगामी 16 सितंबर से नोएडा फिल्म सिटी में शुरू होगा। तीन दिवसीय यह अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 16 से 18 सितंबर 2026 तक आयोजित किया जाएगा। फेस्टिवल में भारत सहित विभिन्न देशों के फिल्म निमार्ता, अभिनेता, निमार्ता, मीडिया विशेषज्ञ, शिक्षाविद, राजनयिक, कलाकार, विद्यार्थी और सिनेमा प्रेमी भाग लेंगे। महोत्सव की अध्यक्षता मारवाह स्टूडियोज के अध्यक्ष एवं ग्लोबल फिल्म फेस्टिवल नोएडा के फेस्टिवल प्रेसिडेंट डॉ. संदीप मारवाह कर रहे हैं। ग्लोबल फिल्म फेस्टिवल नोएडा पिछले वर्षों में विश्व सिनेमा और भारतीय फिल्म जगत के बीच संवाद, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और रचनात्मक सहयोग का महत्वपूर्ण मंच बन चुका है। 19वें संस्करण में अंतरराष्ट्रीय फिल्मों और डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग, सेमिनार, पैनल डिस्कशन, सेलिब्रिटी वर्कशॉप, मास्टर क्लास, पुरस्कार समारोह, कला प्रदर्शनियां, पुस्तकों एवं पोस्टरों का विमोचन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डॉ. संदीप मारवाह ने कहा, सिनेमा राष्ट्रों के बीच संवाद स्थापित करने वाले सबसे शक्तिशाली माध्यमों में से एक है। ग्लोबल फिल्म फेस्टिवल नोएडा का उद्देश्य फिल्मों, रचनात्मकता, शिक्षा और संस्कृति के माध्यम से दुनिया को एक मंच पर लाना है। 19वां संस्करण फिल्मकारों, कलाकारों, विद्यार्थियों और मीडिया प्रोफेशनल्स को नए विचारों के आदान-प्रदान और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए व्यापक अवसर प्रदान करेगा। इस अवसर पर फेस्टिवल के डायरेक्टर ब फिल्म डायरेक्टर अशोक त्यागी ने कहा कि फेस्टिवल की तैयारियों में 100 देशों की अंतरराष्ट्रीय भागीदारी नोएडा के मीडिया, मनोरंजन, शिक्षा और रचनात्मक उद्योगों के उभरते वैश्विक केंद्र के रूप में बढ़ती पहचान को दशार्ती है। ए.पी.टी.ए के सीईओ विशाल सेठी

इस अवसर पर मौजूद थे उन्होंने कहा कि इन तीन दिनों में हमारी पूरी भागीदारी रहेगी 19वां ग्लोबल फिल्म फेस्टिवल नोएडा 2026 तीन दिनों तक नोएडा फिल्म सिटी को विश्व सिनेमा के जीवंत संगम में बदलने के लिए तैयार है, जहां भारत और दुनिया भर के फिल्मकार कहानी कहने की सार्वभौमिक भाषा के माध्यम से जुड़ेंगे, संवाद करेंगे और नई रचनात्मक साझेदारियों की शुरूआत करेंगे।





# क्लब जाने का शौक पूरा करने के लिए पड़ोसी के घर में चोरी, दो भाई गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** क्लब जाने का शौक पूरा करने के लिए दो भाइयों ने पड़ोसी के फ्लैट को निशाना बना डाला। टीला मोड़ थाना पुलिस ने फ्लैट में चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 2 लाख रुपये कीमत का सोने का गले का हार और 5 हजार रुपये नकद बरामद हुए हैं।

**गाजियाबाद के टीला मोड़ में चोरी का खुलासा, सोने का हार और नकदी बरामद**



पुलिस के मुताबिक, तुलसी निकेतन निवासी हैदर अब्बास परिवार के साथ गांव गए हुए थे। इसी दौरान उनके फ्लैट का ताला खोलकर अलमारी से करीब ढाई से तीन लाख रुपये और सोने का हार चोरी कर लिया गया था।जांच के दौरान पुलिस को पड़ोस में रहने वाले इमरान और उसके छोटे भाई रिहान उर्फ बाबू पर शक हुआ।

# जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में सुनीं जनसमस्याएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने आज कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनसुनवाई आयोजित कर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में नागरिकों ने उपस्थित होकर अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए।जनसुनवाई में मुख्य रूप से भूमि पर अवैध कब्जे, राजस्व संबंधी विवाद, अवैध अतिक्रमण, रास्ते एवं सार्वजनिक सुविधाओं, पेंशन, राशन कार्ड, जलापूर्ति, विद्युत, नाली एवं साफ-सफाई सहित विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं एवं शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक फरियादी की समस्या को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्रों पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि



जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब न किया जाए। प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष, प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ता को की गई कार्रवाई से अवगत भी कराया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

जनसुनवाई के दौरान नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ, डीएफओ ईशा तिवारी सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# OBC समाज के हक और हिस्सेदारी की आवाज बुलंद, जाति जनगणना के वास्तविक आंकड़ों को सामने लाने की उठी मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

नई दिल्ली। OBC समाज को उसका अधिकार, न्यायपूर्ण हिस्सेदारी और सामाजिक न्याय दिलाने के संकल्प के साथ आयोजित कार्यक्रम में OBC समाज के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। कार्यक्रम में जाति जनगणना के दौरान OBC समाज के वास्तविक आंकड़ों को सामने लाने तथा कथित रूप से आंकड़ों को दबाने के प्रयासों के खिलाफ आवाज बुलंद की गई।






जननायक राहुल गांधी जी के नेतृत्व में OBC समाज को उसका संवैधानिक अधिकार और उचित प्रतिनिधित्व दिलाने की प्रतिबद्धता दोहराई गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि जाति जनगणना केवल आंकड़े जुटाने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश में सामाजिक न्याय, समान भागीदारी और वंचित वर्गों के अधिकारों को सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। मिशन मैन डॉ. अनिल जय हिन्द जी की नेतृत्वकारी भूमिका में OBC Department, AICC द्वारा आयोजित कार्यक्रम में असरार अहमद नियाजी, राष्ट्रीय संयुक्त समन्वयक, OBC Department, AICC ने सहभागिता करते हुए OBC समाज के सही एवं वास्तविक आंकड़ों के संकलन, सामाजिक न्याय और संवैधानिक अधिकारों की आवाज को मजबूती से उठाया। उन्होंने कहा कि OBC समाज की यह लड़ाई केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पहचान, भागीदारी, अधिकार और सम्मान की लड़ाई है। वास्तविक जनसंख्या के अनुरूप हिस्सेदारी और प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना सामाजिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। कार्यक्रम के दौरान OBC समाज के अधिकारों को लेकर जनजागरूकता बढ़ाने तथा जाति जनगणना के वास्तविक आंकड़ों को सार्वजनिक करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

# नगर आयुक्त ने इंदिरापुरम में चल रहे सी एम ग्रिड फेस 2 के कार्यों का लिया जायजा, धीमी रफ्तार देख अधिकारियों और ठेकेदारों को लगाई फटकार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा इंदिरापुरम में सी एम ग्रिड फेस 2 के अंतर्गत चल रहे कार्यों का

- **15 दिन में पूरे हुए कार्यों को फिनिशिंग दे निर्माण अन्यथा होगी कार्यवाही: नगर आयुक्त**
- **2 महीने में मैन हॉल के साथ-साथ समस्त यूटिलिटी के कार्यों को पूर्ण करते हुए फुटपाथ निर्माण प्रारंभ करेगा निगम**

औचक निरीक्षण किया गया मौके पर निर्माण विभाग के अधिकारी भी पहुंचे नगर आयुक्त ने संबंधित फर्म के ठेकेदारों तथा अधिकारियों से चल रहे कार्यों की रिपोर्ट मांगी जिसमें प्रगति को देखा गया इसके अलावा नगर आयुक्त ने मौके पर पहुंचकर सभी सड़कों का जायजा लिया जिसमें इंदिरापुरम अंतर्गत काला पत्थर, कावेरी मार्ग, सुशीला नय्यर मार्ग, कस्तूरबा मार्ग, देवेंद्र जस मार्ग का जायजा लिया गया जिसमें मौके पर लेवलिंग करने, कंस्ट्रक्शन मैटेरियल हटाने, फिनिशिंग करने के लिए कहा गया, इसके बाद नगर आयुक्त द्वारा वैशाली और कौशांबी की सड़कों का भी जायजा लिया गया जिसमें डाबर चौक से आनंद विहार कनेक्टिंग रोड का निरीक्षण किया गया, हर्षवर्धन मार्ग धर्म मार्ग, यशोदा मार्ग महेश मार्ग का जायजा लिया गया मौके पर मौके पर कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए 15 दिन के भीतर पूरे हुए कार्यों पर फिनिशिंग लाने के लिए संबंधित निर्माण विभाग के अधिकारियों और ठेकेदारों को कड़े निर्देश दिए गए 'नगर आयुक्त द्वारा बताया गया गाजियाबाद नगर निगम द्वारा इंदिरापुरम क्षेत्र वासियों के लिए बहुत ही व्यवस्थित सुंदर और आकर्षक सड़कों को बनाया जा रहा है जिसमें लगभग 10 से अधिक सड़कों को लिया गया है, इंदिरापुरम में लगभग 10 किलोमीटर तथा वैशाली कौशांबी में लगभग 7 किलोमीटर में भव्य रूप से सड़कों का निर्माण कार्य चल रहा है आने वाले दो माह में यूटिलिटी के समस्त कार्यों को पूर्ण करते हुए मैनहोल डालते हुए फुटपाथ के कार्य पूर्ण करने के निर्देश टीम को दिए गए हैं साथ ही कार्यों की गति बढ़ाने के लिए कहा गया है पूर्ण हुए कार्यों में फिनिशिंग लाने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं इंदिरापुरम क्षेत्र वासियों के लिए बेहतर कार्य किया जा रहा है जिसमें क्षेत्र वासियों का भी विशेष सहयोग निगम को मिल रहा है 'नगर आयुक्त द्वारा मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी को विशेष रूप से मॉनिटरिंग बढ़ाने के लिए कहा गया साथ ही ठेकेदारों को भी टीम बढ़ाते हुए तेजी से कार्य करने के कड़े निर्देश दिए गए नगर आयुक्त द्वारा इंदिरापुरम के अंतर्गत चल रहे कार्यों का गहनता से निरीक्षण किया गया।



मौके पर निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज भी उपस्थित रहे, लगभग 300 करोड़ से सी एम ग्रिड फेस 2 के कार्यों को इंदिरापुरम क्षेत्र वासियों के लिए कराया जा रहा है ।

# पुलिस ने एक बार फिर सराहनीय पहल करते हुए उन लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौटा दी है: धवल जायसवाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जिनके मोबाइल फोन चोरी हो गए थे या कहीं गुम हो गए थे। पुलिस की विभिन्न टीमों ने तकनीकी संसाधनों और लगातार प्रयासों के जरिए बड़ी संख्या में मोबाइल फोन बरामद किए हैं।बरामद किए गए मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत करीब 1.5 करोड़ रुपये बताई जा रही है। अपने खोए हुए मोबाइल फोन वापस मिलने के बाद लोगों ने गाजियाबाद पुलिस की कार्यशैली की सराहना की और खुशी जाहिर की। मोबाइल फोन आज के समय में केवल बातचीत का माध्यम नहीं रह गया है, बल्कि इसमें लोगों का निजी डेटा, बैंकिंग जानकारी, जरूरी दस्तावेज और कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी मौजूद रहती हैं। ऐसे में मोबाइल चोरी या गुम होने के बाद उन्हें वापस पाना लोगों के लिए बड़ी राहत की बात है। पुलिस ने मोबाइल फोन बरामद करने के बाद उन्हें उनके वास्तविक मालिकों को सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस मौके पर डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने पुलिस टीमों के प्रयासों की जानकारी दी।





# महिलाओं की समस्याओं और पुलिस के बीच एक नई सुरक्षा कड़ी तैयार की कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** पुलिस ने महिला वॉलंटियर फोर्स यानी एमवीएफ का गठन किया है, जिसमें जिले के सभी 24 थाना क्षेत्रों से 591 महिलाओं को शामिल किया गया है।ये महिला वॉलंटियर उन महिलाओं तक पहुंचेंगी जो सामाजिक संकोच, पारिवारिक दबाव या अन्य कारणों से अपनी शिकायत लेकर थाने तक नहीं पहुंच पातीं। एमवीएफ सदस्य महिला अधिकारों, साइबर सुरक्षा और सरकारी सहायता योजनाओं के प्रति भी जागरूक करेंगी। इस फोर्स में डॉक्टर, अधिवक्ता, शिक्षिकाएं, साइबर प्रोफेशनल्स, समाजसेवी और गृहिणियां शामिल हैं। एसीपी महिला अपराध सुचिता सिंह के अनुसार, जरूरतमंद महिलाओं की समस्याओं को समझकर पुलिस तक पहुंचाना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है।

**एसीपी महिला अपराध सुचिता सिंह के अनुसार, जरूरतमंद महिलाओं की समस्याओं को समझकर पुलिस तक पहुंचाना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है**

# फीस की वजह से कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, ज्ञान बांटने से बढ़ता है बच्चा गरीब का हो या अमीर का शिक्षा पाने का सब बच्चों का है: एमएलसी दिनेश गोयल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशाचौधरी)।** समाजसेवा का वास्तविक अर्थ तभी सामने आता है, जब किसी जरूरतमंद की मदद बिना किसी दिखावे, प्रचार और प्रसिद्धि की इच्छा के की जाए। इसी सोच को आत्मसात करते हुए एमएलसी दिनेश गोयल पिछले करीब दो वर्षों से गरीब और जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में लगातार सहयोग कर रहे हैं।दिनेश गोयल का मानना है कि ह्लकोई बच्चा फीस की वजह से शिक्षा से वंचित न रह जाए।ह्व इसी विचार को ध्यान में रखते हुए वह पिछले दो साल से संबंधित बच्चे की स्कूल फीस की राशि सीधे उसके खाते में जमा कर देते हैं, ताकि आर्थिक परेशानी के कारण उसकी पढ़ाई प्रभावित न हो दिनेश गोयल ने इस नेक कार्य का कभी प्रचार नहीं किया और न ही इसे सार्वजनिक रूप से जताया। आज के दौर में जब छोटी-सी मदद का भी प्रचार सोशल मीडिया और सार्वजनिक मंचों पर किया जाता है, वहीं बिना किसी अपेक्षा के लगातार दो वर्षों तक किसी बच्चे की शिक्षा का खर्च उठाना निश्चित रूप से एक सराहनीय उदाहरण है।किसी बच्चे की शिक्षा में सहयोग करना केवल फीस जमा करना नहीं, बल्कि उसके भविष्य को मजबूत करने की दिशा में योगदान देना है। आर्थिक परिस्थितियों से जूझ रहे परिवारों के लिए बच्चों की स्कूल फीस कई बार बड़ी चुनौती बन जाती है। ऐसे समय में यदि कोई व्यक्ति आगे बढ़कर बच्चे की पढ़ाई की जिम्मेदारी संभाल ले, तो यह मदद उस परिवार के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होती है। एमएलसी दिनेश गोयल की यह खामोश सेवा इस बात का संदेश भी देती है कि समाज में बदलाव की जरूरत है शिक्षा और बच्चों के लिए जरूरी है ।बच्चे के बेहतर भविष्य की जिम्मेदारी माना। फीस की वजह से कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, इस सोच को जमीन पर उतार रहे एमएलसी दिनेश गोयल।



# पेंशन भुगतान की नई व्यवस्था SNA-SPARSH लागू, जल्द आएगी दिव्यांगजनों की पेंशन: अंशुल चौहान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, गाजियाबाद अंशुल चौहान ने जनपद के दिव्यांग पेंशन लाभार्थियों को सूचित किया है कि 80 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले लगभग 1,200 लाभार्थियों की लंबित दिव्यांग पेंशन सितंबर माह के अंत अथवा अक्टूबर माह के प्रारंभ में प्राप्त होने की संभावना है। इन पात्र लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2026-27 के अप्रैल से सितंबर तक छह माह की कुल 6,000 पेंशन एक साथ प्राप्त होगी।

उन्होंने बताया कि जनपद गाजियाबाद में वर्तमान में लगभग 8,300 दिव्यांग पेंशन लाभार्थी हैं। इनमें लगभग 7,100 लाभार्थी 80 प्रतिशत से कम दिव्यांगता वाले हैं। इन लाभार्थियों को अप्रैल, मई एवं जून 2026 की प्रथम त्रैमासिक किस्त के रूप में 3,000 की पेंशन जुलाई माह में प्राप्त हो चुकी है। शेष लगभग 1,200 लाभार्थी 80 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले हैं। इन लाभार्थियों की अप्रैल, मई एवं जून की पेंशन जुलाई माह में प्राप्त नहीं हो सकी थी। इसका प्रमुख कारण भारत सरकार द्वारा लागू की गई नई रठअ-रढअफरऌ भुगतान प्रणाली के अंतर्गत भुगतान व्यवस्था में किया जा रहा परिवर्तन है।

**80% या उससे अधिक दिव्यांगता वाले लाभार्थियों की पेंशन में केंद्र सरकार का भी होता है अंश**

80 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले पात्र दिव्यांग पेंशन लाभार्थियों की 1,000 प्रतिमाह पेंशन में भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार दोनों का अंश सम्मिलित होता है।

80 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता एवं 80 वर्ष से कम आयु के लाभार्थियों की 1,000 मासिक पेंशन में 300 भारत सरकार तथा 700 उत्तर प्रदेश सरकार का अंश होता है। इसी प्रकार 80 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता एवं 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के लाभार्थियों की 1,000 मासिक पेंशन में 500 भारत सरकार तथा 500 उत्तर प्रदेश सरकार का अंश होता है।

**SNA-SPARSH लागू होने के कारण भुगतान प्रक्रिया में हुआ परिवर्तन**

पूर्व व्यवस्था में भारत सरकार द्वारा अपना केंद्रीय अंश राज्य सरकार को उपलब्ध कराया जाता था तथा राज्य सरकार उसमें अपना अंश सम्मिलित कर लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से पेंशन का भुगतान करती थी।

अब भारत सरकार द्वारा SNA-SPARSH (समयोचित प्रणाली एकीकृत शीघ्र हस्तांतरण/रियल Time सिस्टम of इंटेग्राटेड क्विक ट्रांसफर्स ) व्यवस्था लागू की गई है। यह Just-in-Time फंड ट्रांसफर व्यवस्था है, जिसमें PFMS सहित राज्य एवं केंद्र की संबंधित वित्तीय प्रणालियों को आपस में एकीकृत कर भुगतान प्रक्रिया संचालित की जाती है।नई व्यवस्था को लागू करने के लिए संबंधित पोर्टलों एवं भुगतान प्रणालियों में आवश्यक तकनीकी एवं प्रक्रियागत सुधार किए जा रहे हैं। इसी संक्रमण प्रक्रिया के कारण 80 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले लगभग 1,200 लाभार्थियों की प्रथम त्रैमासिक पेंशन के भुगतान में विलंब हुआ है। लाभार्थी परेशान न हों, छह माह की पेंशन एक साथ मिलेगी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अंशुल चौहान ने बताया कि पात्र लाभार्थियों को पेंशन को लेकर परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। 80 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले लगभग 1,200 लाभार्थियों को अप्रैल से सितंबर 2026 तक छह माह की कुल ?6,000 पेंशन सितंबर माह के अंत अथवा अक्टूबर माह के प्रारंभ में एक साथ प्राप्त होने की संभावना है। उन्होंने लाभार्थियों से अपील की है कि वे पेंशन भुगतान के संबंध में किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा विभाग द्वारा जारी आधिकारिक सूचना पर ही विश्वास करें।

**छठी उत्सव**

# आज हमारे कन्हैया की छठी है 'बधाई हो बधाई भजनों पर झूमीं महिलाएं

# गुलमोहर एन्क्लेव सोसायटी के श्री शिव बालाजी धाम मंदिर में धूमधाम से मनाई गई लड्डू गोपाल की छठी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** गुलमोहर एन्क्लेव सोसायटी के श्री शिव बालाजी धाम मंदिर में बुधवार को लड्डू गोपाल की छठी उत्सव श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में सोसायटी की महिलाएं एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने कान्हाजी की छठी के भजनों और गीतों का गायन किया। ढोलक और मंजीरों की मधुर धुन पर महिलाओं ने भक्ति गीत गाते हुए नृत्य भी किया। पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। कान्हा जी को झूला झुलाते हुए महिलाओं ने बधाइयां दीं।





इसके बाद विधि-विधान के साथ लड्डू गोपाल की आरती की गई। आरती के पश्चात सभी भक्तों को कढ़ी-चावल का प्रसाद वितरित किया गया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया।

मंदिर के पुजारी पंडित राजीव मिश्रा ने बताया कि लड्डू गोपाल की छठी के अवसर पर आयोजित संकीर्तन में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर सोसायटी की पूर्व अध्यक्ष रश्मि चौधरी ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से सोसायटी में श्रद्धा, आपसी प्रेम और भाईचारे की भावना मजबूत होती है।

लड्डू गोपाल की छठी का आयोजन आलोक मिश्रा एवं करुणा मिश्रा परिवार की ओर से किया गया। इस अवसर पर सोसायटी की पूर्व अध्यक्ष रश्मि चौधरी, करुणा मिश्रा ,संतोष बिग, सोनिया मल्होत्रा , पंडित राजीव मिश्रा, सुरेश मिश्रा , आलोक मिश्रा, दिनेश सिंह सहित बड़ी संख्या में सोसायटी निवासी एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

# नगर के शिव मंदिरों में धूमधाम से मनाई भगवान श्रीकृष्ण की छठी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी।** नगर में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपरांत छठी उत्सव श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। नगर के नेहरू चौक स्थित शिव मंदिर तथा मोहल्ला अब्दुल्ला स्थित शिव मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण की छठी के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। दोनों मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए और भक्ति कार्यक्रमों में सहभागिता कर धर्म लाभ प्राप्त किया। नेहरू चौक स्थित शिव मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा छठी उत्सव का आयोजन कराया गया।

इस अवसर पर मुरादाबाद से आए मानू व्यास एवं उनके साथी कलाकारों ने भजन-कीर्तन की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत श्रीकृष्ण के भजनों पर श्रद्धालु भक्तिभाव में झूमते नजर आए। मंदिर परिसर देर तक जयकारों और भजनों से गूंजता रहा।

कार्यक्रम में सभासद सुमित गुप्ता, सिंटू पंडित, विकास उर्फ विक्की, सचिन गुप्ता, अमित सिंह, नंदकिशोर, सरवन, शिवानी, पूर्वी, ज्योति गुप्ता, अनामिका गुप्ता, योगेश, विष्णु, गीता गुप्ता, सारिका गुप्ता सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर मोहल्ला अब्दुल्ला स्थित शिव मंदिर में भी भगवान श्रीकृष्ण की छठी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर में श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन कर भगवान श्रीकृष्ण की आराधना की। महिलाओं ने विशेष रूप से भक्ति गीतों एवं कीर्तन में सहभागिता की। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।मोहल्ला अब्दुल्ला स्थित मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में अखिलेश पांडे, भगवान चंद सक्सेना, रोमी बंसल, राजू बंसल, रूपक बंसल, निखिल पांडे, अभिषेक पांडे, कार्तिक पांडे, आदर्श गुप्ता, केशव शर्मा, अजय शर्मा, सुनीता पांडे, काजल मिश्रा, अर्चना शर्मा, मुस्कान शर्मा, छवि, संजय सक्सेना, मंजू गुप्ता, रा खी गुप्ता एवं प्रेमलता सक्सेना सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। दोनों मंदिरों में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के भजनों का गुणगान करते हुए सुख-शांति एवं विश्व कल्याण की कामना की।



कार्यक्रम में मौजूद भक्त

छठी उत्सव के अवसर पर प्रसाद वितरण भी किया गया।

धार्मिक आयोजनों के चलते नगर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय नजर आया और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया।आयोजकों ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की छठी का आयोजन धार्मिक परंपराओं और संस्कारों को आगे बढ़ाने के साथ समाज में आपसी प्रेम, श्रद्धा और सद्भाव की भावना को मजबूत करता है। कार्यक्रम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया गया।

# मंदिर श्री बिहारी श्रद्धा और उत्साह से मनाई श्रीकृष्ण छठी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** बाजार गंज स्थित मंदिर श्री बिहारी जी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्रीकृष्ण की छठी महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। महोत्सव के अवसर पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया।भक्तों ने मंदिर पहुंचकर भगवान श्री कृष्ण के दर्शन किए। विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री कृष्ण के पूजन के साथ हुआ।पूजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा।महिलाओं ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए।महिलाओं ने भगवान श्री कृष्ण की महिमा का गुणगान करते हुए विभिन्न भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।भजनों की धुन पर श्रद्धालु भी भाव विभोर होकर झूमते नजर आए। इससे पूरे मंदिर परिसर



पूजा अर्चना में शामिल भक्त

में भक्ति रस की धारा बहती रही।भजन-कीर्तन के उपरांत भगवान श्रीकृष्ण की आरती की गई। आरती में मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं ने श्रद्धा पूर्वक भाग लिया।भगवान से परिवार की खुशहाली,सुख-शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना की।भगवान को विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। महोत्सव के समापन पर मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया।बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों के साथ भक्तों ने भी भंडारे में बढ़-चढ़कर सहयोग किया।पूरे दिन मंदिर परिसर में धार्मिक एवं भक्तिमय माहौल बना रहा।

आयोजकों ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की छठी महोत्सव का आयोजन प्रत्येक वर्ष परंपरागत रूप से किया जाता है।उद्देश्य धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाना तथा लोगों को भगवान श्री कृष्ण की भक्ति से जोड़ना है।श्रद्धालुओं ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन आपसी भाईचारे, सद्भाव और सामाजिक एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# बारिश के पानी से ढहा मकान, टीन शेड गिरने से बेटा घायल, लाखों का नुकसान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हसनपुर।** विकासखंड गंगेश्वरी की ग्राम पंचायत जयतौली के गांव महमूदाबाद में बुधवार दोपहर 3:30 बजे एक बड़ा हादसा हो गया।गांव निवासी कलुआ, उनकी पत्नी कृष्णा, बेटी मोनिका और दो बेटे हिमांशु व विपिन घर में बैठे हुए थे। तभी अचानक पूरा मकान भरभराकर गिर गया।

हादसे से चीख-पुकार मच गई और देखते ही देखते मकान मलबे में तब्दील हो गया।



बरसात के पानी के चलते गिरा मकान

बताया जा रहा है मकान के पीछे लंबे समय से बरसात का पानी भरा हुआ था, जिससे दीवारों में सीलन आने के कारण यह हादसा हुआ।

इस दौरान टीन शेड गिरने से कलुआ का बेटा हिमांशु गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।अचानक हुए इस हादसे में घर में रखा सारा गृहस्थी का सामान मलबे में दबकर नष्ट हो गया। पीड़ित परिवार के अनुसार हादसे में लाखों रुपये का भारी नुकसान हुआ है। घटना की सूचना पाकर ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और राहत-बचाव कार्य में मदद की।

# एसएस चिल्ड्रन एकेडमी ने जीते बालक एवं बालिका वर्ग के खिताब

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** नेशनल स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में क्रिप्टन पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड मुरादाबाद में आयोजित दो दिवसीय अंतर-विद्यालयी बास्केटबॉल टूर्नामेंट का बुधवार को उत्साहपूर्ण समापन हुआ। 8 एवं 9 सितंबर 2026 को आयोजित प्रतियोगिता में मुरादाबाद एवं आसपास के विभिन्न विद्यालयों की बालक एवं बालिका वर्ग की टीमों ने प्रतिभाग कर शानदार खेल प्रतिभा, अनुशासन और टीम भावना का प्रदर्शन किया।

बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में एस.एस. चिल्ड्रन्स एकेडमी, मुरादाबाद ने राणा इंटरनेशनल स्कूल अमरोहा को 12-6 से हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। राणा इंटरनेशनल स्कूल ने द्वितीय तथा आर.आर.के. स्कूल, मुरादाबाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।एसएस चिल्ड्रन्स एकेडमी के भविष्य शर्मा को शानदार प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। वहीं शशांक तिवारी ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया।बालिका वर्ग में भी



पुरस्कार के साथ मौजूद टीम

एसएस चिल्ड्रन्स एकेडमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रिप्टन पब्लिक स्कूल, मुरादाबाद को 8-4 से पराजित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। क्रिप्टन पब्लिक स्कूल द्वितीय तथा लिटिल स्कॉलर्स एकेडमी, अमरोहा तृतीय स्थान पर रही। तीसरे स्थान के मुकाबले में लिटिल स्कॉलर्स ने सेंट मैरीज को 6-2 से हराया।एसएस चिल्ड्रन एकेडमी की अन्वेषा चौधरी एवं रितिका यादव ने सर्वाधिक बास्केट कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई, जबकि अवनी सिंह का प्रदर्शन भी उल्लेखनीय रहा।

समापन समारोह में क्रिप्टन पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सीबी जदली ने मुख्य अतिथि डॉ. मंजेश राठी तथा विशिष्ट अतिथियों में मनोज गुप्ता पूर्व महानगर अध्यक्ष भाजपा एवं डॉ. जीशान का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया।मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने विजेता व प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए खेलों को विद्यार्थियों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संदेश दिया। नेशनल स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष चंद्रकांत सरन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सभासद अमन कोरी ने कुमुद अग्रवाल को बनाया अपना वार्ड प्रतिनिधि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी ।** नगर पालिका परिषद चंदौसी के वार्ड संख्या 07 (संभल गेट) के सभासद अमन कुमार कोरी ने जनहित और वार्ड के विकास कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए कुमुद अग्रवाल को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है।

जारी किए नियुक्ति पत्र के अनुसार, होली मोहल्ला निवासी कुमुद अग्रवाल वार्ड संख्या 07 में सभासद के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करेंगी। उन्हें वार्ड से जुड़े विभिन्न मामलों, नागरिक समस्याओं और विकास कार्यों को संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाने, आवश्यक पत्राचार करने व जनहित के मुद्दों पर सभा सद का प्रतिनिधित्व करने के लिए अधिकृत किया गया है।सभासद अमन कोरी ने संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया है कि कुमुद अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले जन समस्याओं और वार्ड हित से जुड़े प्रकरणों पर संज्ञान लेकर आवश्यक सहयोग व त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस नियुक्ति की प्रतिलिपि सूचना और आवश्यक कार्रवाई के लिए अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद चंदौसी को भी प्रेषित कर दी गई है।

# 19 सितंबर से होगी श्री राम कथा की अमृत वर्षा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी।** नगर के गन्ना समिति प्रांगण में आगामी 19 सितंबर से 25 सितंबर तक सात दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा व्यास श्री अतुल कृष्ण भारद्वाज के श्रीमुख से श्रद्धालुओं को श्री राम कथा की अमृतमयी वाणी का श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। आयोजकों ने नगर एवं क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से कथा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ प्राप्त करने का आह्वान किया है।

श्री राम कथा के दौरान भगवान श्री राम के जीवन, आदर्शों, मयार्दा, त्याग, सत्य और धर्म के विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा। आयोजकों की ओर से कहा गया है कि यह धार्मिक आयोजन नगर वासियों के लिए आध्यात्मिक एवं धार्मिक दृष्टि से विशेष अवसर है।

उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से स परिवार कथा स्थल पर पहुंचकर श्री राम कथा का श्रवण करने की अपील की है। श्री राम कथा के आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। आयोजकों ने सभी धर्म प्रेमी बंधु-बहनों को सादर आमंत्रित करते हुए आयोजन को सफल बनाने में सहयोग की अपील की है।

# उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों को मिलेगा 50 लाख रुपये तक का पुरस्कार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** ग्राम पंचायतों में बेहतर विकास कार्य, स्वच्छता, जनसेवा, पर्यावरण संरक्षण और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री विशेष पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना शुरू की है। योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों का चयन किया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी श्री नाथू लाल गंगवार ने बताया की इस योजना के तहत प्रत्येक श्रेणी की चयनित ग्राम पंचायत को 50 लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा। राशि सीधे ग्राम पंचायत के खाते में भेजी जाएगी।ग्राम पंचायतों का चयन घर-घर कूड़ा संग्रह, अपनी आय बढ़ाने, कॉमन सर्विस सेंटर से अधिक सेवाएं देने, तालाब संरक्षण, आधार

**मुख्यमंत्री विशेष पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत 10 श्रेणियों में होगा चयन**

सेवाएं, तरल एवं प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, पर्यावरण एवं जैव विविधता संरक्षण, महिला सहभागिता और जैविक खेती जैसे क्षेत्रों में बेहतर कार्य के आधार पर होगा।इच्छुक ग्राम पंचायतें सीएम अवार्ड पोर्टल पर आवेदन कर सकती हैं। इसके लिये पहले 20 अंकों की बेसिक प्रश्नावली भरनी होगी। इसमें कम से कम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली ग्राम पंचायतें आगे की 80 अंकों की विशेष प्रश्नावली भर सकेंगी। एक ग्राम पंचायत केवल एक श्रेणी में आवेदन कर सकेगी।आवेदनों की जांच के बाद जनपद एवं मंडल स्तर पर स्थलीय सत्यापन होगा। अंतिम चयन राज्य स्तर पर किया जाएगा।जिला पंचायत राज अधिकारी ने जनपद की सभी ग्राम पंचायतों से अपील की है कि वे अपनी उपलब्धियों के आधार पर निर्धारित श्रेणी में समय से आवेदन कर योजना का लाभ उठाएं। योजना का उद्देश्य पंचायतों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ाकर गांवों में विकास और जनसुविधाओं को और बेहतर बनाना है।

आयोजन

## आने वाला समय इन्ही वंचित समाज के लोगों का होगा

# मछुआ समाज की सभी जातियां मजबूती के साथ एक मंच पर आए: डॉ.संजय निषाद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद आए निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री जो प्रदेश भर के मछुआ समाज को एक मंच पर लाने के लिए संघर्षशील डॉक्टर संजय निषाद तुरैहा का तुरैहा मछुआ समाज की ओर से सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने पुष्प माला पहनाकर एवं भगवान श्री राधे कृष्ण की तस्वीर स्मृति चिन्ह के रूप में देकर स्वागत किया।

सम्बोधित करते हुए डॉक्टर संजय निषाद ने समाज का आह्वान करते हुए कहां की आज पूरे प्रदेश में मछुआ समाज आज भी एक मंच पर नहीं आ पा रहा है। जिस कारण अन्य पार्टी के तथाकथित नेताओं ने हमेशा हमारे समाज का उत्पीड़न ही किया है जो निंदनीय है।

मैं पूरे प्रदेश के मछुआ समाज को एक मंच पर लाने के लिए प्रत्येक जिले पर समाज के जागरूक लोगों के बीच जाकर सभी का आह्वान करता हूं कि सब एक होकर एक मंच पर आए जहां न कोई नेता हो और न कोई समाज का मुखिया हो। इसी उद्देश्य के साथ आज मुरादाबाद मंडल में अपने लोगों के बीच आया जहां समाज के स्नेह व सम्मान पाकर काफी गौरवान्वित महसूस किया हूं।

उन्होंने कहां की मछुआ समाज के साथ साथ प्रजापति समाज को साथ लेकर इनके अधिकारों की लड़ाई भी हम सभी लोग मिलकर लड़ेंगे।

आने वाला समय इन्ही वंचित समाज के लोगों का होगा।हम निषाद मछुआ समाज के लोग है और समाज को एक मंच एक पंक्ति में लाने का प्रयास कर रहे इसी उद्देश्य से आज मुरादाबाद में तुरैहा मछुआ समाज के तत्वाधान में हुए स्वागत से अपने आप को गौरवान्वित कर रहा हूं।स्वजातीय साथियों से मिलकर काफी प्रसन्नता हुई।कहां की मैं लगातार संघर्षशील हूं और आपको विश्वास दिलाता हूं की अपने समाज की





मुख्य अतिथि को सम्मानित करते जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा एवं अन्य। कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि

हर जायज मांग को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत करके पूरी कराने ही कोशिश करूंगा।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मछुआ समाज के जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कैबिनेट मंत्री डॉक्टर संजय निषाद का धन्यवाद दिया, कहां की आज के समय का आप अपने सबसे शोषित व पिछड़े मछुआ समाज को एक मंच पर लाने का जो प्रयास व कोशिश कर रहे है उसमे आपको निसंदेह सफलता मिलेगी।

**यह रहे मौजूद**

विनोद कश्यप सभासद, राम सिंह तुरैहा, अजय कुमार प्रधान, अर्जुन कुमार तुरैहा,रामकिशोर तुरैहा, गोपाल,अर्जुन कुमार,अरविन्द कश्यप,धर्म सिंह, रामगोपाल पंडित, पवन कश्यप, हरिशंकर कश्यप, अशोक कुमार तुरैहा, कमल कुमार मुन्ना, मुरारी लाल, पूरन लाल तुरैहा, प्रीतम सिंह, कोमल कुमार आदि उपस्थित रहें। संचालन राम सिंह तुरैहा एडवोकेट द्वारा किया गया।







## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय शिक्षक रत्न से सम्मानित हुए एमपी सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह को हिन्दुस्तान एग्रीकल्चर रिसर्च वेलफेयर सोसाइटी आगरा की ओर से राष्ट्रीय शिक्षक रत्न सम्मान- 2026 से सम्मानित किया।




प्रो. सिंह के शिक्षा एवं शिक्षण के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट और अनुकरणीय शैक्षणिक कार्यों के प्रसार, स्टूडेंट्स के मार्गदर्शन, अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति समर्पण एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए शिक्षक दिवस पर राष्ट्रीय शिक्षक रत्न सम्मान का अवार्ड दिया गया है। हिन्दुस्तान एग्रीकल्चर रिसर्च वेलफेयर सोसाइटी का मानना है, प्रो. सिंह की शैक्षणिक निष्ठा, शोधपरक दृष्टिकोण, नवाचार, स्टुडेंट्स के प्रति समर्पण शिक्षा-जगत के लिए प्रेरणा स्त्रोत है।ज्ञान-साधना, अकादमिक उत्कृष्टता और राष्ट्र के शैक्षणिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उल्लेखनीय है, प्रो. सिंह 25 बरस से टीएमयू से जुड़े हुए हैं। 2 बुक पब्लिश हो चुकी है। 2 पेटेंट के संग-संग 17 पुस्तकों का संपादन भी उनके नाम है। वह दो रिसर्च प्रोजेक्ट भी कर चुके है। 100 से अधिक नेशनल और इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में शिरकत कर चुके हैं।

### हिम्मतनगर में आज होगी किसान पंचायत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**भोट।** हिम्मत नगर गांव में गुरुवार सुबह नौ बजे भाकियू अंबावता की किसान पंचायत होगी। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी के अनुसार, पंचायत में ग्रामीणों के शोषण और आबादी की जमीन को कृषि भूमि दर्शाकर बैनामा कराने से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा होगी। साथ ही आगामी आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी।संगठन ने किसान-मजदूरों से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

### मंदिर में हुई पूजा अर्चना



पूजा अर्चना में शामिल भक्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** शक्ति दरबार अग्रवाल धर्मशाला में राधा कृष्ण मंदिर में कान्हा के छठी महोत्सव मनाया गया। शामिल भक्तों ने भजन कीर्तन किया। इस मौके पर प्रतीक जिंदल, कृष्ण औतार अग्रवाल, राम भरोसे लाल यादव, तिलक राज वासन, मुकेश कुमार रावत, पंडित ललित मोहन शर्मा, श्वदेश ठाकुर, बल्देव सिंह, राजू पंडित, विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा, राजेन्द्र सिंह, साथ सैकड़ों भक्त शामिल

### राधा-कृष्ण की झांकी के साथ निकला नगर संकीर्तन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** मोहल्ला कागजी स्थित श्री सनातन धर्म पंजाबी सभा मंदिर में बुधवार को भगवान श्रीकृष्ण का छठी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भगवान श्री राधा-कृष्ण की झांकी के साथ नगर संकीर्तन निकाला गया। इसमें बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। शाम पांच बजे मंदिर से शुरू हुआ नगर संकीर्तन फव्वारा चौक, मुरादाबाद गेट, लक्ष्मी बाजार, बड़ा बाजार, घंटाघर, जवाहर रोड, बड़ा महादेव, संभल गेट और रामस्वरूप रोड होते हुए मंदिर पहुंचकर संपन्न हुआ। इस दौरान श्रद्धालु भजनों पर झूमते नजर आए। इसके बाद मंदिर में भजन-कीर्तन और आरती हुई। छठी महोत्सव के उपलक्ष्य में कढ़ी-चावल, हलवा और शरबत का प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। कार्यक्रम में सुधीर मल्होत्रा, बुद्धिश छाबड़ा, सचिन मग्गो, विजय अरोड़ा, मोनू अदलखा, रोहित मग्गो, अमन मल्लन, गगन अरोड़ा, नीतू ओहरी, बिट्टू अदलखा, गुलशन खत्री, ऋतिक अदलखा, अर्पित मल्होत्रा, राजू कालरा, मनमोहन भसीन, इंद्रमोहन बतरा, सचिन अरोड़ा, पुनीत खुराना, संजय मदान, विमल साहनी, हनी डुडेजा, गुलशन अरोड़ा, यश मदान, सावन शर्मा, अभिषेक कुमार आदि का सहयोग रहा।



झांकी में शामिल भक्त

गाजियाबाद, गुरुवार, 10 सितंबर 2026

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

https://bulandsandesh.Com






# भमरौआ रोड पर 40 बीघा प्लाटिंग पर चली आरडीए की जेसीबी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** अनाधिकृत निर्माण और अवैध प्लाटिंग के खिलाफ रामपुर विकास प्राधिकरण ने अपना अभियान जारी रखते हुए तीसरे दिन भी बुधवार को भी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की।

जिलाधिकारी एवं प्राधिकरण के उपाध्यक्ष

**पूर्व में प्लाटिंग को लेकर जारी किए गए थे नोटिस, की ध्वस्तीकरण कार्रवाई**

अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर आरडीए की टीम ने पुलिस बल को साथ लेकर भमरौआ मंदिर अंडरपास स्थित जगजीत कौर की 40 बीघा भूमि पर अवैध प्लाटिंग को बुल्डोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई से अन्य प्रापर्टी डीलरों में खलबली मच सी गई है। आरडीए के सहायक अभियंता मनोज कुमार सिसोदिया ने बताया कि जगजीत कौर ने भमरौआ मंदिर अंडरपास के करीब 40 बीघा में प्लाटिंग की थी। प्राधिकरण की ओर से इस मामले में संबंधित को नोटिस जारी किए गए थे। सुनवाई के बाद सचिव ने आदेश पारित किए। इसी आदेश के अनुपालन में बुधवार को मौके पर कार्रवाई की गई। ध्वस्तीकरण कार्रवाई के दौरान आरडीए के तहसीलदार रणवीर सिंह, अवर अभियंता रवि शंकर के साथ सिविल लाइंस पुलिस मौजूद रही। अधिकारियों की मौजूदगी में अनधिकृत विकास के खिलाफ कार्रवाई पूरी की गई।



भमरौआ रोड स्थित अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त करती आरडीए की जेसीबी।

**आज भी जारी रहेगी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई**

सहायक अभियंता ने बताया कि गुरुवार को भी ध्वस्तीकरण कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि सोमवार, मंगलवार, बुधवार लगातार तीन दिन के भीतर 130 बीघा प्लाटिंग को ध्वस्त किया जा चुका है। उन्होंने लोगों से भी सतर्कता बरतने की अपील की है। कहा कि भवन या भूखंड खरीदने से पहले प्राधिकरण से मानचित्र की स्वीकृति और लेआउट की स्थिति की जांच अवश्य कर लें। ताकि अवैध प्लाटिंग में पैसा लगाकर होने वाली आर्थिक क्षति और बाद में होने वाली परेशानी से बचा जा सके।

## एसपी ने कई दरोगा का किया तबादला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सिसोदिया ने देर रात को कई दरोगाओं का तबादला कर दिया है। जिसमें दरोगा रजनीश कुमार चौकी प्रभारी रेवडी कला थाना मिलक से थाना सिविल लाइंस भेजा गया है। सतेन्द्र कुमार शर्मा चौकी प्रभारी ज्वाला नगर को चौकी प्रभारी रेवडी कला थाना मिलक भेजा गया है।

अभिनव देशवाल थाना स्वार से चौकी प्रभारी ज्वालानगर, मनोज कुमार मिश्रा को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी ढकिया बनाया गया है।ब्रहम कुमार चौकी प्रभारी गुजर टोला थाना गंज से चौकी प्रभारी चौक थाना कोतवाली बनाया गया। प्रेमचन्द्र शर्मा चौकी प्रभारी पाखड थाना गंज से थाना स्वार, विनोद कुमार चौकी प्रभारी हजियानी थाना कोतवाली से थाना स्वार, रितेश कुमार चौकी प्रभारी चौक थाना कोतवाली से थाना अजीम नगर भेजा गया है।सुमित कुमार थाना शाहबाद से चौकी प्रभारी पाखड थाना गंज, संदीप कुमार थाना अजीम नगर से चौकी प्रभारी हजियानी थाना कोतवाली भेजा गया।महेन्द्रपाल सिंह चौकी प्रभारी धमोरा थाना शहजादनगर से थाना बिलासपुर, विकास राजपूत थाना बिलासपुर चौकी प्रभारी से पनवड़िया भेजा है।दरोगा उदयवीर सिंहपुलिस लाइन से न्यायालय सुरक्षा, अजय कुमार राना चौकी प्रभारी एकता तिराहा से चौकी प्रभारी मुरसैना थाना अजीमनगर भेजा है।विनोद कुमार चौकी प्रभारी मुरसैना थाना अजीमनगर से थाना स्वार, राधाकृष्ण थाना सिविल लाइन से चौकी प्रभारी एकता थाना कोतवाली, मनोज कुमार थाना शाहबाद से चौकी प्रभारी धमौरा थाना शहजादनगर भेजा है। रोहित कुमार चौकी प्रभारी पनवड़िया को चौकी प्रभारी कस्वा शाहबाद, श्रीपाल सिंह चौकी प्रभारी जेल से चौकी प्रभारी गुजरटोला थाना गंज, जोत सिंह चौकी प्रभारी बड़ा गांव थाना मिलक से थाना सिविल लाइन भेजा है। विनेश कुमार थाना सैफनी से चौकी प्रभारी बड़ा गांव, कपिल कुमार चौकी प्रभारी ढकिया थाना शाहबाद से चौकी प्रभारी जेल थाना गंज, मुकेश कुमार चौकी प्रभारी मनकरा थाना भोट से थाना भोट, आदर्श गुप्ता थाना स्वार से चौकी प्रभारी नरपत नगर थाना स्वार भेजा है। सूरत सिंह चौहान चौकी प्रभारी नरपतनगर थाना स्वार से चौकी प्रभारी रज्जड थाना गंज, कार्तिक सहरावत थाना भोट से चौकी प्रभारी मनकरा थाना भोट, सत्यप्रकाश थाना पटवई से एएचटीयू, श्रीकृष्ण सिंह थाना सैफनी भेजे गए है। दरोगा प्रमोद कुमार शर्मा थाना केमरी से न्यायालय सुरक्षा, दूधनाथ यादव पुलिस लाइन से थाना मिलक खानम, दरोगा प्रेम सिंह थाना खजुरिया, नेहा चौधरी मिशन शक्ति केन्द्र मिलक खानम, निशा देवी थाना बिलासपुर से मिशन शक्ति केन्द्र थाना खजुरिया, संध्या रावत थाना शहजादनगर से मिशन शक्ति केंद्र थाना सैफनी, स्नेहलता महिला थाना से मिशन शक्ति केंद्र थाना पटवाई भेजी गई है।

**सतेन्द्र कुमार शर्मा चौकी प्रभारी ज्वालानगर को चौकी प्रभारी रेवड़ी कला भेजा**

**दिव्यांगों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर राज्यपाल को भेजा ज्ञापन**

## छह माह से वृद्धों, दिव्यांगों को नहीं मिल रही पेंशन,प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** आल इंडिया विकलांग सेवा संगठन ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा है।दिव्यांगो और विधवाओं की पेंशन छह महीने से इन गरीबों के खातों में सरकार द्वारा नहीं भेजी गई है।आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं और बहुत परेशान हैं। पेंशन उनके खातों में जल्द भिजवाई जाए।

दिव्यांगों को तहसील सदर एवं कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों द्वारा अकारण परेशान किया जा रहा है। उनकी पत्रावली पर जान बूझकर त्रुटि पूर्ण रिपोर्ट लगा कर एक पटल से दूसरे पटल पर महीनों घुमाया जाता है। ऐसा करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। दिव्यांगो के 5 प्रतिशत आरक्षण के आधार पर, संविदा, निविदा कर्मी के रूप में, रजा लाइब्रेरी रामपुर, नगरपालिका रामपुर, बिजली विभाग व अन्य विभागों में भर्ती करने के आदेश किये जाए। सभी दिव्यांगों की पेंशन 2000 रुपये की जाए।

उनके अन्त्योदय राशन कार्ड बनवा कर दिया जाए। साथ ही पात्र दिव्यांगों को आसरा एवं कांशीराम आवास उपलब्ध कराए जाय। ज्ञापन पर जय सिंह सैनी, नूर अहमद, सिफात अली खान, नैपाल सिंह यादव, फैजान अली, आरिफ, इमरान, विकास बाबू, कौशल कुमार, जावेद खां, परवीन, रामचंद्र मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट के गेट के बाहर प्रदर्शन करते दिव्यांग।

## कांग्रेसियों ने कथित जातिगत भेदभाव के गंभीर आरोपों को लेकर किया प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** मतदाता सूची के पुनरीक्षण तथा बीएलओ की नियुक्ति एवं हटाने की प्रक्रिया में कथित जातिगत भेदभाव के गंभीर आरोपों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन और नारेबाजी की।इसके बाद कांग्रेस नेताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की तत्काल निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की।

**किसी राजनीतिक दल का कार्यकर्ता नहीं, बल्कि चुनावी व्यवस्था का हिस्सा**

ज्ञापन में पूर्व विधायक संजय कपूर ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता सूची किसी जाति धर्म या समुदाय की जागीर नहीं है, बल्कि प्रत्येक योग्य नागरिक के संवैधानिक मताधिकार की बुनियाद है। यदि किसी को उसकी जाति अथवा समुदाय के आधार पर हटाने का प्रयास किया जा रहा है। या मतदाता सूची में नाम जोड़ने-काटने में किसी प्रकार का भेदभाव किया जा रहा है, तो यह चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़ा करता है।संजय कपूर ने कहा, चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है और इसकी पहली शर्त निष्पक्ष मतदाता सूची है।जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा ने कहा, कि कांग्रेस किसी भी जाति या समुदाय के खिलाफ भेदभाव बर्दाश्त नहीं करेगी। किसी राजनीतिक दल का कार्यकर्ता नहीं, बल्कि चुनावी व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उसे जाति देखकर हटाने की कोशिश लोकतंत्र की निष्पक्षता पर सीधा हमला है। कांग्रेस नेताओं ने जिलाधिकारी से मांग की कि संबंधित बीएलओ को हटाए जाने के मामलों की तत्काल जांच कराई जाए, मतदाता सूची में हाल में जोड़े गए एवं हटाए गए नामों का नियमानुसार सत्यापन कराया जाए तथा जाति अथवा समुदाय के आधार पर भेदभाव की पुष्टि होने पर जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।



डीएम से मुलाकात करते कांग्रेसी

## निर्माण खंड के जेई का लखनऊ हुआ तबादला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** नगर पालिका परिषद के निर्माण खंड के अवर अभियंता का प्रमोशन तीन दिन पहले शासनादेशानुसार हो गया है। उनका तबादला नगर निगम लखनऊ में एई के पद पर हुआ है।मार्च 2024 में पालिका में आए थे। करीब 18 महीने तक रूके।15 दिन पहले वाटर वर्क्स के जेई का भी झांसी तबादला हो चुका है। उनके स्थान पर हापुड़ से आए विकास चौहान को वाटर वर्क्स, पथ प्रकाश विभाग की जिम्मेदारी मिल गई है। हालांकि निर्माण खंड के जेई के स्थान पर किसी की तैनाती नहीं हुई है। बुधवार को उन्होंने कार्यालय में कार्य किया। शहर में 43 वार्ड है। सभी वार्डों की गली-मोहल्लों में सड़क, नाला निर्माण समेत अन्य कार्य पालिका के निर्माण खंड के अधीन होते हैं। मालूम हो पालिका की बोर्ड की बैठक में सड़क, नाले निर्माण समेत अन्य कार्यों के प्रस्ताव पारित होते है। उसके बाद टेंडर प्रक्रिया कराई जाती है। टेंडर खुलने के बाद ही ठेकेदार से कार्य कराया जाता है। बुधवार को नगर पालिका परिषद में निर्माण खंड के जेई उमेश बाबू के तबादले होने की चर्चा रही।



नगर पालिका परिषद।

## 6940 उपभोक्ताओं पर बिजली निगम का 22 करोड़ का बकाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** बिजली निगम सुस्त रवैया के कारण जनपद के 6940 उपभोक्ताओं पर 22 करोड़ रुपये का बकाया है। आम तौर किसी उपभोक्ता पर अगर एक हजार रुपये का भी निगम का बकाया है तो उसकी लाइन काट दी जाती है। इससे साफ जाहिर होता है बकायेदारों से बकाया जमा करने के बजाए खुली छूट दी जा रही है।

ऐसे में लाइन नहीं काटने के सवाल पर निगम के अधिकारियों का कहना है कि बकाया जमा नहीं करने वालों के खिलाफ आरसी जारी कर साथ ही सूची भी शासन को भेज दी गई है। कार्रवाई तहसील स्तरों से की जाती है।

बिजली निगम के उच्च अधिकारियों का बिजली चोरी पर रोकथाम, अधिक से अधिक राजस्व जमा कराए जाने पर जोर दिया जा रहा है।बिजली निगम के

**महज 259 उपभोक्ताओं ने जमा किया 89 लाख रुपये**

आंकड़ों के अनुसार 1 अप्रैल से 9 सितंबर तक 6940 उपभोक्ताओं पर 22 करोड़ रुपये का बकाया है। करीब 259 उपभोक्ता ऐसे है जिन्होंने 89 लाख रुपये का बकाया जमा किया है।स्थिति तब है समीक्षा के दौरान राजस्व अधिक से अधिक जमा कराए जाने का मुद्दा उठता है, लेकिन इसके बाद भी निगम के अधिकारियों की लेटलतीफी के कारण राजस्व जमा नहीं हो पा रहा है।जानकारी में आया है कि बकाया जमा कराए जाने के लिए मोहल्ला, गली-चौराहों पर निगम के कर्मचारी सूचना उपभोक्ताओं को लीक कर देते है जिसके कारण टीम बैरंग लौट आती है।इसी वजह से राजस्व जमा नहीं हो पा रहा है। इसको लेकर अधिशासी अभियंता वाणिज्यिक पीके शर्मा ने बताया कि बकाया जमा नहीं करने वालों के खिलाफ आरसी की कार्रवाई की जा रही है। इसके बाद भी आरसी की सूची बनाकर शासन को भेजी जाती है।

**मदद** **चाइल्ड केयर एण्ड प्रोटेक्शन फण्ड से मिली त्वरित राहत**

## करंट की चपेट में आकर झुलसे दक्ष के इलाज को डीएम ने दिए 1 लाख रुपये

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर जिंदगी और मौत से जूझ रहे मासूम के इलाज के लिए जिला प्रशासन देवदूत बनकर सामने आया है।

जनता दर्शन में आर्थिक तंगी की लाचारी लेकर पहुंचे बेबस पिता की व्यथा पर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने फौरी संवेदनशीलता दिखाई। 11 हजार केवी विद्युत लाइन की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलसे बालक दक्ष के समुचित उपचार के लिए प्रशासन ने चाइल्ड केयर एंड प्रोटेक्शन फण्ड से तत्काल एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की। डीएम ने पीड़ित परिजनों को कलेक्ट्रेट बुलाकर एक लाख रुपये का चेक सौंपा।तहसील सदर क्षेत्र के ग्राम नईमगंज निवासी मुकेश कुमार विगत दिनों कलेक्ट्रेट में आयोजित जनता दर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने जिलाधिकारी के समक्ष नम आंखों से अपनी व्यथा बयां करते हुए बताया कि उनका पुत्र दक्ष 11 हजार केवी विद्युत लाइन के संपर्क में आने से बुरी तरह झुलस गया है। हादसे के बाद उसे गंभीर हालत में बरेली स्थित एहसान हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उसका सघन उपचार चल रहा है। परिवार की कमजोर माली हालत का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि भारी-भरकम चिकित्सा खर्च उठाना अब उनके बूते से बाहर हो चुका है और पैसे के अभाव में बेटे का उपचार बीच में ही रुकने के कगार पर पहुंच गया है।

**अफसरों को जांच और त्वरित राहत का मिला जिम्मा**

पीड़ित पिता की दर्दनाक दास्तान सुनने के बाद जिलाधिकारी ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया। उन्होंने बिना किसी देरी के जिला कार्यक्रम अधिकारी को बच्चे की चिकित्सा स्थिति व पारिवारिक पृष्ठभूमि की त्वरित जांच कर आवश्यक विधिक व प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी करने के सख्त निर्देश दिए। निर्देश मिलते ही विभागीय तंत्र सक्रिय हुआ और औपचारिकताएं पूर्ण कर बच्चे को राहत दिलाने की रूपरेखा तैयार की गई।जिले में विषम परिस्थितियों में फंसे और गंभीर बीमारियों का सामना कर रहे बच्चों के संरक्षण व देखभाल के लिए चाइल्ड केयर एंड प्रोटेक्शन फण्ड की व्यवस्था है। इसी कोष का उपयोग करते हुए दक्ष के उपचार के लिए एक लाख रुपये की तात्कालिक सहायता मंजूर की गई। इसके बाद जिलाधिकारी ने दक्ष के परिजनों को कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में आमंत्रित कर एक लाख रुपये का चेक प्रदान किया। चेक प्राप्त करने के बाद दक्ष के परिजनों की आंखें भर आईं और उन्होंने जिलाधिकारी का आभार जताया। परिजनों का कहना था कि जीवन के सबसे विकट आर्थिक संकट के दौर में मिली यह सरकारी इमदाद उनके बेटे को नया जीवन देने में मददगार साबित होगी। वहीं जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि आर्थिक अभाव के चलते किसी भी जरूरतमंद बच्चे का उपचार नहीं रुकने दिया जाएगा। जनता की समस्याओं का प्राथमिकता पर त्वरित निस्तारण करना ही प्रशासन की मूल जिम्मेदारी है।



पीड़ित को चेक देते डीएम

## संक्षिप्त समाचार

### गवाह को धमकाने में इंस्पेक्टर के वारंट जारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां से जुड़े मुकदमों की सुनवाई जारी है। बुधवार को तीन मामलों में सुनवाई। जिसमें एक मामले में सेवानिवृत इंस्पेक्टर के वारंट जारी है। सुनवाई के दौरान आजम खां वीसी के जरिए पेश हुए। थाना कोतवाली में मोहल्ला बेरियान निवासी नन्हे ने सपा नेता आजम खां, उजैर खां, शानी खां, कामरान आदि के खिलाफ धमकाने और मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें सेवानिवृत इंस्पेक्टर गजेंद्र त्यागी की सेशन कोर्ट में गवाही चल रही है, लेकिन इंस्पेक्टर के नहीं आने पर उनके वारंट जारी कर दिए है। जबकि थाना कोतवाली में आरपीएस स्कूल को खाली कराने और फर्जी मान्यता के मामले में बुधवार को बिजनौर से खंड शिक्षाधिकारी नहीं आ सके। थाना गंज में शतुर खाना चौराहे पर जनसभा को संबोधित करते हुए आजम खां ने आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी थी। इस मामले में गवाह नहीं आने के कारण सुनवाई टल गई। अब 16 सितंबर को होगी।

### बिना आग एवं बिना बर्तन के बच्चों ने बनाया भोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** स्काउट गाइड प्रशिक्षण कैंप के तृतीय दिवस की शुरूआत पुनः बच्चों को ध्वज शिष्टाचार करा कर की गई।प्रशिक्षक गुरप्रीत सिंह, कुशल राणा, मनोज निमेष एवं विकास कुमार के द्वारा बच्चों को टेंट पिचिंग करने के लिए सामान का उपयोग के लिए दिशा निर्देश दिए गए सभी बच्चों के द्वारा दो टोलिया बनाई गई। जिसमें प्रथम टोली का नाम कल्पना चावला टोली, द्वितीय टोली कस्तूरबा गांधी टोली रखा गया। प्रशिक्षिका निदा खुशनूद के द्वारा सभी गोलियो के टोली लीडर व सहायक टोली लीडर को नियुक्त किया। प्रशिक्षकों की देख-देख में बच्चों से टेंट पिचिंग का कार्य कराया।जिसमें सभी बच्चों ने अपने-अपने सुंदर टेंट का निर्माण किया एवं उन्हें प्राकृतिक वस्तुओं के द्वारा सजाया गया। बिना आग एवं बिना बर्तन के भोजन बच्चों द्वारा बनाया गया।इसके पश्चात प्रशिक्षण के अंतिम दिवस पर समापन समारोह के उपरांत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी स्वार के द्वारा टेंट पिचिंग कार्य के निरीक्षण के लिए सभी टेंट में जाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया एवं सभी प्रशिक्षकों को प्रोत्साहित किया।वह ऐसे ही बेसिक शिक्षा विभाग में स्काउट गाइड के माध्यम से बच्चों में देश सेवा नैतिक शिक्षा एवं प्रकृति प्रेम का भावना जागृत करते रहे।अंत में वार्डन प्रतिभा सक्सेना ने सभी का धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया। इसके पश्चात राष्ट्रगान कर समापन किया गया।कार्यक्रम का संचालन गुरप्रीत सिंह द्वारा किया गया।इस अवसर पर श्रीमान खंड शिक्षा अधिकारी स्वार, जिला गाइड कैप्टन निदा खुशनूद, वार्डन प्रतिभा सक्सेना, मास्टर ट्रैनर गुरप्रीत सिंह, मनोज कुमार निमेष, कुशल राणा, विकास कुमार, कंबोज राजपूत, सोनी सागर, खुशबू सिंह, दीप शिखा, अर्चना अग्रवाल, नजराना, रजनी देवी ज्योति आदि मौजूद रही।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद मुख्य अतिथि

### आज खुलेगा वेयर हाउस,डीएम करेंगे निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** जिला प्रशासन की ओर से विधानसभा को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। जिसके चलते गुरुवार को डीएम सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निरीक्षण करेंगे। 17 सितंबर को 2973 ईवीएम का प्रथम चेक अभियान शुरू होगा। चुनाव अधिकारी दिलीप कुमार शर्मा ने बताया कि ईवीएम की चेकिंग अभियान के लिए छह जेई तैनात किए गए है जोकि भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के होगे। इनकी देख रेख में कराया जाएगा। उसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएमएआर को सुपरवाइजर नियुक्त किया है।

### चाइल्ड हेल्पलाइन ने गुमशुदा बालक को सुरक्षित वाराणसी पहुंचाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** 26 अगस्त को रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर जीआरपी द्वारा गुमशुदा अवस्था में मिले 11 वर्षीय बालक को चाइल्ड हेल्पलाइन ने सुरक्षित उसके परिजनों तक पहुंचने की कार्रवाई की।सूचना पर जिला प्रोबेशन अधिकारी इरा आर्या के निर्देश पर चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने बालक को संरक्षण में लेकर काउंसलिंग की। पूछताछ के दौरान बालक ने अपना नाम अमन, पिता का नाम हसनैन तथा निवासी वाराणसी बताया।थाना पुलिस के माध्यम से बालक की मां से संपर्क किया, लेकिन आर्थिक कठिनाई के कारण परिजन नहीं आ सके।बाल कल्याण समिति के निर्देश पर वाराणसी की बाल कल्याण समिति से संपर्क किया, जानकारी मिली कि बालक अमन उर्फ सलमान चौबेपुर स्थित एसओएस भारतीय बाल ग्राम में आश्रित था, वहां से चला गया था।समिति के आदेश के अनुपालन में चाइल्ड हेल्पलाइन टीम एवं पुलिस एस्कॉर्ट द्वारा बालक को सकुशल बाल कल्याण समिति वाराणसी के सुपुर्द कर दिया गया।



परिजनों के साथ मौजूद बालक

### ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध अभियान, 3.79 लाख रुपये का जुर्माना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर जनपद में ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध तथा ऑपरेशन कवच के अनुपालन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में बुधवार प्रातः 12 बजे से 6:30 बजे तक परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा प्रवर्तन कार्रवाई की गई। एआरटीओ राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अभियान के दौरान 2 डंपरों का ओवरलोड में चालान कर 1.32 लाख रुपये का जुमार्ना वसूल किया।वहीं 3 पिकअप, 2 ट्रक एवं 1 ट्रैक्टर को ओवरलोड पाए जाने पर थाना भोट में सीज किए। जिन पर 2.47 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया।इस प्रकार ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई में कुल 3.79 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया।इसके अतिरिक्त 1 बस का परमिट की शर्तों के उल्लंघन में चालान किया।ओवरलोडिंग, परमिट शर्तों के उल्लंघन तथा सड़क सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले वाहनों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।



वाहनों की चेकिंग करते अधिकारी

# पढ़ाई, कैरियर लक्ष्य पर जिलाधिकारी ने दिये सफलता के मंत्र

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** कॅरियर को लेकर मन में सवाल हों, भविष्य को लेकर दुविधा हो और सामने जिले के जिलाधिकारी हों,तो संवाद निश्चित रूप से खास बन जाता है। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों की बालिकाओं से

### छात्राओं से किया सीधा संवाद, बीएसए रही मौजूद

विकास भवन सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कैरियर गाइडेंस एवं शिक्षण संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कक्षा 9से 12 की छात्राओं से सीधे संवाद किया।जीवन व कैरियर में सफलता के लिए जरूरी बातों को साझा किया। छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर अपनी जिज्ञासाएं और सवाल रखे, जिनका उन्होंने मार्गदर्शन के साथ जवाब दिया। छात्राओं को अपनी जिज्ञासा, समस्या और कैरियर से जुड़े सवाल अधिकारी के सामने रखने का अवसर मिला। जिलाधिकारी ने छात्राओं से कहा कि सफलता के लिए सबसे पहले यह स्पष्ट होना जरूरी है कि वे जीवन में क्या हासिल करना चाहती हैं। लक्ष्य तय करने के बाद उसके लिए नियमित तैयारी और अनुशासन जरूरी है।छात्राओं को अपनी क्षमता और रुचि को पहचानने तथा उसी के अनुरूप आगे की राह चुनने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं ने अपने भविष्य को लेकर अलग-अलग सवाल सामने रखे और जिलाधिकारी ने उन्हें व्यावहारिक तरीके से समझाया कि कैरियर का चुनाव जल्दबाजी में नहीं, बल्कि अपनी रुचि, क्षमता और लक्ष्य को ध्यान में रखकर करना चाहिए।



छात्रों के सवालों का जवाब देते डीएम

विद्यालय से आयीं छात्राओं ने कैरियर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, सफलता से जुड़े सवाल पूछे, जिसपर जिलाधिकारी ने बच्चों को सकारात्मक सोच,अनुशासन, ईमानदारी और निरन्तर मेहनत को सफलता की कुंजी बताया। उन्होंने बताया कि उच्च शिक्षा के लिए मेधावी छात्राओं को शासन द्वारा कई योजनाओं का लाभ भी दिया जाता है। संवाद के दौरान छात्राओं में खास उत्साह दिखाई दिया तथा कई छात्राओं ने अपनी जिज्ञासाएं साझा कीं। बातचीत के दौरान छात्राएं बिना झिझक अपनी बात रखी।सवालों के जवाब के साथ उन्हें यह भरोसा भी मिला कि बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए शुरूआत छोटे और नियमित प्रयासों से ही होती है। जिला धिकारी ने छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं और आगे की पढ़ाई को लेकर भी दिशा दिखाई।जिलाधिकारी ने छात्राओं को असफलता से निराश न होने और मुश्किल परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखने की सीख दी।

उससे सीख लेकर दोबारा कोशिश करना ही आगे बढ़ने का रास्ता है। छात्राओं को तनाव से बचते हुए सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यमों का सकारात्मक उपयोग करने की सलाह भी दी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र, डिप्टी कलेक्टर रत्निका श्रीवास्तव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी उपस्थित रहीं।


# मदरसा फैज उलूम में छमाही परीक्षा हुई शुरू

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** मदरसा इस्लामिया अरबिया फैज उल उलूम में हजरत मौलाना मोहम्मद असलम जावेद कासमी की सरपरस्ती में छमाही लिखित परीक्षाएं शुरू हो गई है। मदरसे में परीक्षाओं के लिए सभी

### उस्तादों की निगरानी में विभिन्न कक्षाओं की हो रही लिखित परीक्षाएं

आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। विभिन्न कक्षाओं के छात्र उस्तादों की निगरानी में अनुशासन और शांतिपूर्ण वातावरण में अपनी परीक्षाएं दे रहे हैं। इन परीक्षाओं में फारसी से लेकर दौर-ए-हदीस तक के विभिन्न दर्जों के अलावा शोबा-ए-इफ्ता, शोबा-ए-तजवीद और शोबा-ए-हिफ्ज के छात्रों की भी परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। वहीं हिफ्ज विभाग में उर्दू एवं दीनीयात, प्राथमिक स्तर के छात्रों के लिए भी निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार परीक्षाएं ली जा रही हैं। मदरसे के उस्तादों की ओर से परीक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ताकि छात्रों की शैक्षिक योग्यता और पूरे छमाही पाठ्यक्रम की तैयारी का निष्पक्ष मूल्यांकन किया जा सके। मदरसा प्रशासन ने परीक्षाओं को व्यवस्थित एवं सफलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी शिक्षकों और कर्मचारियों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी हैं।



मदरसा फैज उल उलूम में परीक्षा देते परीक्षार्थी।

# बोर्ड बैठक में प्रस्तावों की अनदेखी का आरोप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

शाहबाद। नगर पंचायत शाहाबाद की बोर्ड बैठक में विकास कार्यों को लेकर सभासदों की ओर से कई प्रस्ताव रखे गए। सभासद अर्पित वशिष्ठ ने मोक्ष वाहन की व्यवस्था, मंगोली में नाला निर्माण, वार्डों में कूड़ेदान रख वाने तथा वार्ड संख्या 1, 6, 2 और 4 में सड़कों के निर्माण के प्रस्ताव दिए। वहीं नामित सभासद अमित चंद्रवंशी ने तहसील रोड स्थित कॉलोनी में सड़क निर्माण, पथ प्रकाश व्यवस्था तथा अंतिम संस्कार पर सब रखने के बॉक्स की व्यवस्था कराने के प्रस्ताव रखे।सभासद अर्पित वशिष्ठ ने आरोप लगाया उनके द्वारा दिए गए प्रस्तावों की अनदेखी की गई और बैठक में महज औपचारिकताएं पूरी की गईं। कुछ वार्डों में ठेकेदारों द्वारा कार्य अधूरा छोड़ने की शिकायतें भी मिली हैं।

### वहीं नामित सभासद अमित चंद्रवंशी ने तहसील रोड स्थित कॉलोनी में सड़क निर्माण, पथ प्रकाश व्यवस्था तथा अंतिम संस्कार पर सब रखने के बॉक्स की व्यवस्था कराने के प्रस्ताव रखे

मामले को लेकर जल्द ही उच्च अधिकारियों से मिलकर शिकायत की जाएगी।अमित चंद्रवंशी ने बताया कि उनके प्रस्तावों में एक प्रस्ताव की चर्चा हुई।कहा कि जिलाधिकारी के आदेश पर ब्लॉक के सामने स्थित प्राचीन कुएं को कब्जा मुक्त कराया गया था, लेकिन करीब चार माह बीतने के बाद भी कुएं का सौंदर्यीकरण शुरू नहीं कराया गया है। उन्होंने नगर पंचायत प्रशासन पर मामले की लगातार अनदेखी करने का आरोप लगाया।

# आबादी में घर,अभिलेखों में कृषि भूमि, रजिस्ट्री की जांच को गांव पहुंची टीम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**भोट।** जिस जमीन पर कई परिवार वर्षों से घर बनाकर रह रहे हैं, जहां बच्चों के लिए विद्यालय, इबादत के लिए मस्जिद और पूर्वजों की कब्रें मौजूद हैं, वही जमीन राजस्व अभिलेखों में कृषि भूमि दर्ज होने के आरोपों ने पेमपुर मजरा हिम्मतनगर गांव में नया विवाद खड़ा कर दिया है।ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी से शिकायत के बाद बुधवार को रजिस्ट्रार कार्यालय की टीम गांव पहुंची। टीम ने मौके पर पहुंचकर आबादी की स्थिति देखी और संबंधित रजिस्ट्री व राजस्व अभिलेखों की जानकारी जुटाई।

सोमवार को ग्रामीणों ने जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर मामले की शिकायत की



हिम्मतनगर गांव में मौजूद ग्रामीणों से जानकारी जुटाती रजिस्ट्रार कार्यालय की टीम।

थी।ग्रामीणों का आरोप था कि गांव में वर्षों से आबादी बसी है। यहां मकान, विद्यालय, मस्जिद और कब्रिस्तान तक मौजूद हैं। इसके बावजूद जमीनों की खरीद फरोख्त करने वाले कुछ लोगों ने कथित रूप से राजस्व कर्मचारियों से मिलीभगत कर आबादी की जमीन को अभिलेखों में कृषि भूमि दर्शाकर उसकी रजिस्ट्री और दाखिल-खारिज करा लिया।शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों ने मामले की जांच के आदेश दिए। इसके बाद बुधवार को रजिस्ट्रार कार्यालय की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों से भी आवश्यक जानकारी ली।

### ग्रामीणों की शिकायत पर रजिस्ट्रार कार्यालय की टीम ने किया निरीक्षण

ग्रामीणों का कहना है कि विवाद सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं है। आरोप है कि कुछ लोग पहले खरीदी जा चुकी जमीन को दोबारा खरीदने का दबाव बना रहे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, दोबारा जमीन न खरीदने पर बस्ती में बने मकानों को ध्वस्त कराने की धमकी भी दी जा रही है।इससे उन परिवारों की चिंता बढ़ गई है, जिन्होंने वर्षों की मेहनत से अपने मकान बनाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि अभिलेखों में दर्ज भूमि की स्थिति स्पष्ट नहीं की गई तो भविष्य में उनके सामने अपने घर और जमीन को लेकर बड़ा संकट खड़ा हो सकता है।

**30 साल पुरानी आबादी को अभिलेखों में दर्ज कराने की मांग**

ग्रामीणों ने करीब 30 वर्ष पुरानी आबादी की वास्तविक स्थिति को राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराने की मांग की है। उनका कहना है कि मौके पर आबादी और निर्माण वर्षों से मौजूद हैं, इसलिए अभिलेखों में भी वास्तविक स्थिति स्पष्ट होनी चाहिए।साथ ही जमीन की खरीद-फरोख्त, रजिस्ट्री और दाखिल-खारिज की जांच कराने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि रजिस्ट्री के दौरान आबादी और निर्माणों को छिपाकर स्टांप शुल्क अथवा राजस्व में अनियमितता की गई हो सकती है।

मौके और कागजों का होगा मिलान बुधवार को गांव पहुंची टीम ने मौके की स्थिति का निरीक्षण करने के साथ संबंधित अभिलेखों की जानकारी जुटाई। अब मौके पर मौजूद आबादी और राजस्व अभिलेखों में दर्ज भूमि की स्थिति का मिलान जांच का अहम हिस्सा होगा। ग्रामीणों को उम्मीद है कि जांच के बाद वर्षों पुराने विवाद की तस्वीर साफ होगी और वास्तविक स्थिति अभिलेखों में दर्ज की जाएगी।

# प्रथम सत्र परीक्षा में शीर्ष 5 स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** विकास खंड चमरौआ के प्राथमिक विद्यालय खजुरिया में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक का आयोजन किया।बैठक में प्रथम सत्र परीक्षा में कक्षा में टॉप 5 स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को उनके अभिभावकों की उपस्थिति में सम्मानित किया।

बैठक में बच्चों के अभिभावकों को डीबीटी के माध्यम से प्राप्त धनराशि का सदुपयोग करने, कैच अप गतिविधि,

### विद्यालय प्रबंध समिति के समक्ष दिए गए पुरस्कार

गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन, स्वच्छता, विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति एवं ठहराव आदि मुख्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए इंचार्ज प्रधानाध्यापक प्रसन्न प्रकाश ने जानकारी साझा की। बैठक में उपस्थित एसएमसी सदस्यों एवं सक्रिय अभिभावकों करतल ध्वनि से प्रशंसा की एवं मन लगाकर पढ़ने हेतु प्रेरित किया। बैठक में टॉप 5 स्टूडेंट्स खुशी, आरुषि,गौरी,असद, नंदनी, कासिम, साहिल, नितिन, संस्कार, सोफिया बी, राज, मन्नान, सादिया, आयत नूर, निखिल, हुदा, शिफा, रिजा फात्मा, रीफा, हिवजी नूर,कामनी,काशिफा एवं उनके अभिभावक दिनेश बाबू, बृजपाल,जाकिर नवी, मुस्तकीम, कमलेश, राजू, इरशाद हुसैन, विजय सिंह, विजेंद्र, गीता, सीमा आदि उपस्थित रहे।



मेधावी बच्चों को सम्मानित करते प्रसन्न प्रकाश

# खुले हुए नालों को ढकवाया,समिति ने किया प्रदर्शन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** जनसेवा समिति के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर कहा कि

### जन सेवा समिति ने कलेक्ट्रेट पर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

शहर, सिविल लाइन के क्षेत्र के मोहल्ले और कॉलोनी के आसपास जो गहरे नाले नालियां खुली हुई है उनको ढकने का काम किया जाए।नालों के बाहर बाउंड्री कराई जाए।

जिससे दोबारा कोई घटना न हो। बुधवार को जनसेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष वसीम उल हसन के नेतृत्व में पदाधिकारी एकत्रित होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे।उन्होंने नाले-नालियों को ढकवाने के लिए प्रदर्शन किया। उन्होंने मांग की है कि पिछले दिनों दो मासूमों की मौत इन गड्ढों के खुले होने की वजह से हो चुकी है लिहाजा इनको ढकवाया जाए। साथ ही दोनों परिवारों को 25-25 लाख रुपये का मुआवजा दिलाया जाए।प्रदर्शन करने वालों में हारिस शम्सी, मनी सिंह,चंद्र प्रकाश रस्तोगी,ऋषभ शर्मा, समद मियां, शिराज शम्सी, फैजान खान, इमरान अली, हारुन खां, शहाब खां, शिबू खान और अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट परिसर में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी।

## संक्षिप्त समाचार

### मंडी में घूम रहे छुट्टा पशु,आढ़ती परेशान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** नवीन मंडी में छुट्टा पशुओं खुलेआम घूम रहे है। इससे आढ़ती काफी परेशान है यह आढ़तों पर रखे सब्जी, आलू को पशु खा रहे है इससे आढ़ती बर्बाद हो रहे है। व्यापारियों और किसानों का माल सुरक्षित नहीं है इससे काफी नुकसान हो रहा है। इसको लेकर बुधवार को तमाम आढ़ती एकत्र होकर मंडी सचिव कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने पशुओं को पकड़वाने के लिए प्रदर्शन कर सचिव को ज्ञापन सौंपा। जिसमें आढ़तियों ने मांग की। इन पशुओं को बाहर कराया जाए जिससे कि आढ़ती सुरक्षित होकर अपना कारोबार कर सके। ऐसे में नहीं तो आढ़ती बर्बाद हो जाएंगे। ज्ञापन देने वालों में फरमान, राहिल, भूरा अली, अमान, कदीर, गुफरान आदि मौजूद रहे।

### अभ्युदय योजना में निःशुल्क कोचिंग के लिए पंजीकरण शुरू

**बुलन्द संदेशज्ञ ब्यूरो**

**रामपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत राजकीय रजा इंटर कॉलेज में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए सिविल सेवा परीक्षा,नीट-यूजी एवं अन्य परीक्षा की निःशुल्क कोचिंग कक्षाएं संचालित हैं।अभ्यर्थियों के ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया जारी है।अभ्यर्थी प्रातः 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक राजकीय रजा इंटर कॉलेज पहुंचकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया आवेदन के लिए पासपोर्ट साइज फोटो तथा हाईस्कूल,इंटरमीडिएट एवं स्नातक की अंकतालिकाओं की छायाप्रति लाना अनिवार्य है।बताया कि योजना के तहत निःशुल्क शिक्षण के साथ पुस्तकालय की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

### वार्ड नंबर तीन में चार साल से विकास कार्य ठप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शाहबाद।** नगर पंचायत शाहबाद के वार्ड नंबर तीन में करीब चार वर्षों से विकास कार्य नहीं कराए जाने का आरोप लगाते हुए सभासद प्रतिनिधि रवि गोला ने नगर पंचायत प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को शिकायती पत्र देकर वार्ड की समस्याओं का स्थलीय निरीक्षण कराकर प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य शुरू कराने की मांग की है। शिकायती पत्र में रवि गोला ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत के अन्य वार्डों में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जबकि वार्ड नंबर तीन लंबे समय से उपेक्षित है। उन्होंने आरोप लगाया कि वार्ड के हिंदू बाहुल्य होने के कारण विकास योजनाओं में अपेक्षित प्राथमिकता नहीं दी जा रही है। इससे वार्डवासियों में नाराजगी है।उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष पर भी वार्ड के साथ कथित पक्षपात का आरोप लगाया। रवि गोला का कहना है कि आबादी के अनुरूप वार्ड में सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार जरूरी है। उन्होंने कुछ वार्डों में फ्रीजर लगाए जाने का हवाला देते हुए वार्ड नंबर तीन में भी ऐसी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की।सभासद प्रतिनिधि ने कहा कि विकास कार्य किसी राजनीतिक या अन्य आधार पर नहीं, बल्कि जरूरत और प्राथमिकता के अनुसार होने चाहिए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी से वार्ड का निरीक्षण कराकर समस्याओं का आकलन करने तथा लंबित विकास कार्यों को जल्द शुरू कराने की मांग की है।

### 50 हजार रुपये जमा करने पहुंची बुजुर्ग महिला के पर्ची पर राशि अंकित न करने का आरोप

**शाहबाद।** ग्राम नवाबपुरा निवासी 65 वर्षीय कलावती बुधवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में 50 हजार रुपये जमा करने पहुंचीं। बुजुर्ग का आरोप है कि बैंक कर्मचारियों ने जमा धनराशि की स्पष्ट राशि उनकी जमा पर्ची पर अंकित नहीं की। कलावती के अनुसार, उन्होंने बैंक कर्मचारियों से पासबुक में जमा किए गए 50 हजार रुपये दर्ज करने का अनुरोध किया, लेकिन कथित रूप से कर्मचारियों ने इससे इनकार कर दिया। इससे वह परेशान हो गईं और बैंक कर्मचारियों के रवैये पर नाराजगी जताई। बुजुर्ग ने मामले की शिकायत बैंक के उच्च अधिकारियों से करने की बात कही है। उनका कहना है कि जमा धनराशि का सही रिकॉर्ड पासबुक में दर्ज होना जरूरी है, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### तेज रफ्तार बस ने वाहन में मारी टक्कर, किसान की उपचार के दौरान मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शाहबाद।** ढकिया नसरत नगर निवासी 65 वर्षीय किसान प्रेमराज की तेज रफ्तार बस की टक्कर लगने से उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसा ढकिया में हीरो बाइक एजेंसी के पास हुआ। जानकारी के अनुसार प्रेमराज अपनी लूना से गांव से ढकिया की ओर आ रहे थे।इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने उनकी लूना में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें सीएचसी शाहाबाद लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए मुरादाबाद रेफर कर दिया। परिजन उन्हें साईं अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### शाहबाद में खेल मैदान व स्टेडियम बनाने की मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शाहबाद।** तहसील शाहबाद मुख्यालय के निकट खेल मैदान एवं स्टेडियम बनवाने की मांग को लेकर क्षेत्रीय युवाओं ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि तहसील शाह बाद क्षेत्र में कोई उचित खेल मैदान और स्टेडियम नहीं है।युवाओं का कहना है कि क्षेत्र के कई युवक-युवतियां पुलिस, सेना, अर्धसैनिक बल, दिल्ली पुलिस सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। खेल मैदान की सुविधा नहीं होने के कारण उन्हें शारीरिक तैयारी में परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क किनारे दौड़ लगाने से हादसे का खतरा भी बना रहता है।आर्थिक रूप से कमजोर युवा निजी मैदानों का खर्च वहन नहीं कर पाते। पत्र में तहसील मुख्यालय के निकट खेल मैदान एवं स्टेडियम का निर्माण कराए जाने की मांग की गई है, ताकि क्षेत्र के युवाओं को अभ्यास की बेहतर सुविधा मिल सके।कोच शेर अली ,अजीत यादव, अंकित यादव ,बॉबी यादव ,सचिन यादव ,साहिल विवेक यादव ,फरमान ,अभिषेक यादव आदि मौजूद रहे।



अधिकारी को ज्ञापन सौंपते युवक


**उठाई मांग** चेयरमैन ने पीडब्ल्यूडी से सड़क निर्माण कराने की उठाई मांग

# तीन किमी कच्चे रास्ते से जूझ रहे ग्रामीण,छात्राओं की राह भी मुश्किल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मसवासी।** नरपत नगर दूंदा वाला क्षेत्र के ग्रामीण करीब तीन किलोमीटर लंबे कच्चे रास्ते की बदहाली से परेशान हैं। बारिश के दिनों में रास्ते पर जलभराव होने से ग्रामीणों के साथ राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं को भी आवागमन में परेशानी उठानी पड़ती है। समस्या को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष खालिद अली ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को पत्र भेजकर मार्ग का निर्माण कराने की मांग की है। यह कच्चा मार्ग नवाब नगर, रतनपुरा, मिजार्पुर और जहांगीरपुर समेत कई गांवों को स्वार-बाजपुर मुख्य मार्ग से जोड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग की हालत खराब होने के कारण बरसात में पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। जगह-जगह

### लोक निर्माण विभाग से प्रधानमंत्री सड़क सुधार योजना अथवा विभागीय स्तर से करीब तीन किलोमीटर लंबे मार्ग का निर्माण कराने की मांग की है



दल दल में तब्दील सड़क

पानी और कीचड़ जमा होने से आवागमन बाधित रहता है।नरपत नगर दूंदावाला स्थित राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की छात्राएं भी इसी रास्ते से होकर विद्यालय पहुंचती हैं। बारिश के दौरान जलभराव और कीचड़ के कारण छात्राओं को काफी दिक्कत होती है। कई बार रास्ता खराब होने के कारण छात्राएं विद्यालय तक नहीं पहुंच पाती हैं। रात के समय ग्रामीणों को दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है।

**बीमार को अस्पताल पहुंचाना भी मुश्किल**

ग्रामीणों के मुताबिक कच्चा रास्ता होने के कारण किसी व्यक्ति के बीमार पड़ने पर उसे तत्काल उपचार के लिए ले जाना मुश्किल हो जाता है। बारिश में स्थिति और खराब हो जाती है। ग्रामीण लंबे समय से मार्ग निर्माण की मांग कर रहे हैं।चेयरमैन खालिद अली ने बताया कि गांवों को संपर्क मार्ग से जोड़ने की पूर्व योजना में भी यह मार्ग निर्माण से वंचित रह गया था। उन्होंने लोक निर्माण विभाग से प्रधानमंत्री सड़क सुधार योजना अथवा विभागीय स्तर से करीब तीन किलोमीटर लंबे मार्ग का निर्माण कराने की मांग की है। साथ ही पत्र में कार्रवाई से अवगत कराने का अनुरोध किया गया है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

सम्पादकीय

# नीति में उचित बदलाव लाए



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

पेट्रोल में इथेनॉल की मात्रा बढ़ाने की नीति के गंभीर परिणाम सामने होने के बावजूद सरकार में इस नीति पर पुनर्विचार के संकेत नहीं हैं। जबकि उचित यह होगा कि वह इसे प्रतिष्ठा का प्रश्न ना बनाए।

केंद्र के इस दावे पर यकीन करना कठिन है कि चीनी आयात के फैसले का पेट्रोल में इथेनॉल की मिलावट से कोई संबंध नहीं है। अभी हाल तक अच्छी फसल वाले साल में भारत 70 लाख टन तक चीनी का निर्यात करता था। अब दस लाख टन चीनी आयात करने की नौबत आई है। गणित सीधा है। खबरों के मुताबिक 28 फीसदी इथेनॉल का उत्पादन गन्ने से हो रहा है। अनुमान है कि जितना गन्ना इसमें लगा, उससे 30 लाख टन चीनी बन सकती थी। ऐसा होता, तो देश में मांग की तुलना लगभग 20 लाख टन अतिरिक्त चीनी उपलब्ध रहती। इसलिए इस धारणा में दम है कि वाहनों में ईंधन के रूप इथेनॉल के इस्तेमाल को बढ़ावा देने की गुमराह नीति विदेशी मुद्रा की किल्लत के दौर में चीनी जैसी सामान्य वस्तु के आयात के लिए जिम्मेदार है। लेकिन बात यहीं तक नहीं है। चावल जैसे आम अनाज का भी इथेनॉल उत्पादन में इस्तेमाल बढ़ रहा है। खबरों के मुताबिक बीते अप्रैल-जुलाई के बीच भारतीय खाद्य निगम ने इस मकसद से 23.42 लाख टन चावल बेचा। वित्त वर्ष 2025-26 में इससे दो गुना चावल इसके लिए बेचा गया था। इस रुझान में किस तेजी से वृद्धि हुई है, इसे जानने के लिए इस पर गौर करना पर्याप्त होगा कि 2023-24 तक महज 8.96 लाख टन चावल का इथेनॉल उत्पादन में इस्तेमाल हुआ था। इस उद्देश्य के लिए मक्के का उपयोग भी बढ़ा है।

संभवतः ऐसी ही सूचनाओं से चिंतित होकार कुछ रोज पहले नरेंद्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागश्वेरन ने एक अखबार में लेख लिख कर अपनी चिंता जताई थी। उन्होंने इथेनॉल उत्पादन में बड़े पैमाने पर पानी के इस्तेमाल को लेकर भी आगाह किया था। तब तक चीनी आयात का फैसला सामने नहीं आया था। अब चूंकि इथेनॉल का यह परिणाम सामने है, तो बाकी चिंताएं भी अधिक गंभीर हो गई हैं। मगर सरकार के अंदर पेट्रोल में इथेनॉल की मात्रा बढ़ाने की नीति पर पुनर्विचार के संकेत नहीं हैं। जबकि उचित यह होगा कि बिना प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाए वह तुरंत इस नीति में उचित बदलाव लाए।




# ई-बाजार: सुविधा से आगे टिकाऊ अर्थव्यवस्था की नई चुनौती



ललित गर्ग

भारत में खरीदारी की दुनिया जिस तेजी से बदल रही है, वह केवल बाजार की शैली में परिवर्तन नहीं है, बल्कि उपभोक्ता व्यवहार, रोजगार, तकनीक, छोटे व्यापार और अर्थव्यवस्था की पूरी संरचना में हो रहे बदलाव का संकेत है। हाल में शोध परामर्श संस्था इन्फिसम की रिपोर्ट ने इस परिवर्तन को एक स्पष्ट आंकड़े में सामने रखा है। उसके अनुसार भारत का ई-बाजार 2024 के लगभग 125 अरब डॉलर से बढ़कर 2030 तक करीब 345 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। यानी छह वर्षों में लगभग तीन गुना विस्तार। इसके लिए लगभग 18.4 प्रतिशत की वार्षिक चक्रवृद्धि वृद्धि दर का अनुमान लगाया गया है। लेकिन इस आंकड़े को केवल बाजार की सफलता के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। असली प्रश्न यह है कि इतनी तेज वृद्धि भारतीय अर्थव्यवस्था, रोजगार, उपभोक्ता अधिकार, छोटे व्यापार और पर्यावरण के लिए किस तरह का भविष्य बनाएगी। ई-बाजार की अगली कहानी केवल अधिक बिक्री की नहीं, बल्कि अधिक विवेकपूर्ण और अधिक टिकाऊ विकास की होनी चाहिए।

ई-बाजार का सबसे बड़ा परिवर्तन यह है कि उसने दुकान को स्थान से निकालकर व्यक्ति की हथेली तक पहुंचा दिया है। पहले ग्राहक बाजार जाता था, अब बाजार ग्राहक के मोबाइल में पहुंच गया है। दुकान खुलने और बंद होने का समय समाप्त हो रहा है। भौगोलिक दूरी का महत्व घट रहा है और सुविधा खरीदारी का सबसे बड़ा आकर्षण बनती जा रही है। इसी कारण ऑनलाइन खरीदारी अब केवल महानगरों की सुविधा नहीं रही। छोटे शहर और कस्बे इसके नए केंद्र बन रहे हैं। हालिया अध्ययन के अनुसार नए प्रत्यक्ष-से-उपभोक्ता आदेशों का लगभग 66 प्रतिशत हिस्सा दूसरे और तीसरे स्तर के शहरों से आ रहा है। यह परिवर्तन भारत की आर्थिक संरचना के लिए विशेष महत्व रखता है।

महानगरों के बाद अब छोटे शहरों का उपभोक्ता बाजार की अगली शक्ति बन रहा है। स्थानीय भाषा में सामग्री, क्षेत्रीय पसंद, छोटे व्यापारियों की डिजिटल उपस्थिति और कम लागत वाली आपूर्ति व्यवस्था आने वाले वर्षों में ई-बाजार के विस्तार को गति दे सकती है। इसलिए भविष्य का ई-बाजार केवल तकनीक का बाजार नहीं होगा, बल्कि भारत की विविध भाषाओं, संस्कृतियों और स्थानीय आवश्यकताओं को समझने वाला बाजार होगा।

इस बदलाव में नई पीढ़ी की भूमिका निर्णायक है। आज ऑनलाइन खरीदारों में नई पीढ़ी की हिस्सेदारी लगभग एक-तिहाई बताई जा रही है और अनुमान है कि 2030 तक यही वर्ग डिजिटल खर्च का सबसे बड़ा समूह बन सकता है। यह केवल उम्र का परिवर्तन नहीं है, यह उपभोग की मानसिकता का परिवर्तन है। नई पीढ़ी विकल्पों की तुलना करती है, मूल्य की जांच करती है, दूसरे ग्राहकों की राय पढ़ती है और सुविधा को बहुत महत्व देती है। उसके लिए खरीदारी केवल वस्तु प्राप्त करना नहीं, बल्कि समय बचाना भी है। यही मानसिकता त्वरित वाणिज्य को असाधारण गति दे रही है। कुछ वर्ष पहले कुछ मिनटों में सामान पहुंचाने की कल्पना असंभव लगती थी, आज यह महानगरों से निकलकर छोटे शहरों तक पहुंच रही है। अनुमान है कि 2030 तक त्वरित वाणिज्य का बाजार 65



से 70 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है और अगले पांच वर्षों में ई-बाजार की अतिरिक्त वृद्धि में इसका योगदान 45 से 50 प्रतिशत तक हो सकता है। इसके साथ छोटे स्थानीय भंडार केंद्रों की संख्या 2025 के लगभग 2,525 से बढ़कर 2030 तक करीब 7,500 होने का अनुमान है।

लेकिन यहां एक गंभीर प्रश्न भी खड़ा होता है-क्या हर वस्तु को कुछ मिनट में घर पहुंचाना वास्तव में प्रगति का अंतिम मानक है? यदि उपभोक्ता को पांच मिनट में सामान मिल जाए, लेकिन उस सुविधा के पीछे अत्यधिक पैकेजिंग, अधिक यातायात, अधिक ऊर्जा खपत, अस्थिर रोजगार और लगातार घाटे का व्यापार हो, तो ऐसी गति को कितने समय तक टिकाऊ कहा जा सकता है? इसलिए आने वाले समय में ई-बाजार की सफलता को केवल वितरण की गति से नहीं, बल्कि उसके सामाजिक और आर्थिक संतुलन से भी मापना होगा। प्रौद्योगिकी इस पूरी व्यवस्था को और गहराई से बदलने वाली है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता ग्राहक की पसंद को समझकर उत्पाद सुझाएगी, संवाद आधारित खरीदारी ग्राहक को बातचीत के माध्यम से निर्णय लेने में सहायता देगी और आभासी परीक्षण से वस्त्र, सौंदर्य सामग्री तथा अन्य उत्पादों को खरीदने का अनुभव बदल सकता है। एक हालिया अध्ययन के अनुसार कृत्रिम बुद्धिमत्ता और यंत्र-अधिगम 2030 तक खुदरा उत्पादकता में 35 से 37 प्रतिशत तक सुधार ला सकते हैं। इससे आगे एक और बड़ा परिवर्तन संभव है। आज ग्राहक स्वयं वस्तु खोजता है, कल कृत्रिम बुद्धिमत्ता उसके लिए खोज, तुलना और चयन का बड़ा हिस्सा कर सकती है। अर्थात बाजार में सबसे बड़ा प्रतिस्पर्धी केवल वह कंपनी नहीं होगी जिसके पास अधिक उत्पाद हैं, बल्कि वह होगी जो ग्राहक की आवश्यकता को उससे पहले समझ सके। यह सुविधा जहां समय बचाएगी, वहीं उपभोक्ता की स्वतंत्र पसंद, निजता और आंकड़ों की सुरक्षा से जुड़े नए प्रश्न भी पैदा करेगी।

ई-बाजार का विस्तार परंपरागत दुकानदार के लिए भी बड़ी चुनौती है। ऑनलाइन कीमतों की तुलना करने वाला ग्राहक अब दुकान पर भी अधिक जागरूक होकर पहुंचता है। लेकिन इसे केवल ऑनलाइन बनाम ऑफलाइन संघर्ष के रूप में देखना गलत होगा। भविष्य का सफल व्यापारी संभवतः दोनों का मेल करेगा। स्थानीय दुकानदार डिजिटल माध्यम से आदेश ले सकता है, घर तक सामान पहुंचा सकता है और अपने पुराने ग्राहक संबंधों को तकनीकी सुविधा से जोड़ सकता है। इस प्रकार ई-बाजार परंपरागत बाजार का अंत करने के बजाय उसे नए रूप में ढाल सकता है। दूसरी ओर रोजगार का प्रश्न भी महत्वपूर्ण है। ई-बाजार ने वितरण, भंडारण, पैकिंग, तकनीकी सेवाओं और घरेलू आपूर्ति में लाखों अवसर पैदा किए हैं, लेकिन काम की गुणवत्ता, मेहनताना, सामाजिक सुरक्षा और कार्यस्थल की सुरक्षा को लेकर प्रश्न बने हुए हैं। यदि आर्थिक वृद्धि का लाभ केवल कंपनियों और निवेशकों तक सीमित रह जाए और अंतिम पंक्ति में काम करने वाले व्यक्ति को असुरक्षित रोजगार मिले, तो यह विकास अधूरा माना जाएगा।

पर्यावरण भी इसी बहस का महत्वपूर्ण पक्ष है। हर वस्तु की अलग पैकिंग, बार-बार होने वाली छोटी आपूर्ति और अत्यंत तेज वितरण से ऊर्जा उपयोग तथा अपशिष्ट बढ़ सकता है। इसलिए भविष्य का ई-बाजार पुनर्चक्रण योग्य पैकेजिंग, विद्युत वाहनों, सामूहिक वितरण और कम-अपशिष्ट आपूर्ति व्यवस्था की ओर बढ़े, तभी उसकी वास्तविक सामाजिक उपयोगिता सिद्ध होगी। एक और महत्वपूर्ण बदलाव यह है कि भविष्य की खरीदारी केवल कंपनियां नहीं, बल्कि सामग्री निमार्ता और सामाजिक माध्यमों से प्रभावित होगी।

## राम मंदिर और तीन तलाक

प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी की उन उपलब्धियों की बात करें, जो सचमुच बताने लायक हैं या जिन्हें सही अर्थों में उपलब्धि कह सकते हैं तो उसमें सबसे पहले जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 और अनुच्छेज 35ए हटाने का फैसला है। हालांकि इन्हें हटाने से पहले भी इनका असर बहुत कम रह गया था। फिर भी इन दोनों को हटाना बड़ा फैसला था। अनुच्छेद 370 हटाने और राज्य का विभाजन करने के बाद वहां शांति बनाए रखना और आतंकवादी घटनाओं को तुलनात्मक रूप से कम कर देना बड़ी उपलब्धि है। हालांकि उसके बाद जो बदलाव होने चाहिए थे और जम्मू कश्मीर को जिस तरह भारत की मुख्यधारा से जुड़ना चाहिए था वह नहीं हो सका।

इसी तरह नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए एक वास्तविक उपलब्धि है। जिस तरह दुनिया में यहूदियों के लिए एक देश इजराइल है वैसे ही हिंदुओं के लिए एक देश भारत है। इसलिए यह कानून होना चाहिए कि अगर कोई हिंदू कहीं से प्रताड़ित होकर भारत आता है तो उसे नागरिकता मिले। इस दिशा में सीएए से एक पहल हुई। हालांकि यह कानून सिर्फ पड़ोस के इस्लामिक देशों से आने वाले गैर मुस्लिमों के लिए है फिर भी यह अच्छी पहल है। हालांकि सरकार ने कानून बनाने के बाद पांच साल तक इसके नियम अधिसूचित नहीं किए और जब किए भी तो पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से प्रताड़ित होकर भारत आए गैर हिंदुओं को नागरिकता देने की रफ्तार बहुत धीमी और प्रक्रियागत परेशानियां ज्यादा हैं।

ऐसे ही राम मंदिर के निर्माण को कम से कम भाजपा के नजरिए से उपलब्धि कह सकते हैं क्योंकि भाजपा ने इसे दशकों पहले अपना राजनीतिक मिशन बनाया था। हर चुनाव में घोषणापत्र में इसे शामिल किया जाता था। भले जमीन का फैसला सुप्रीम कोर्ट ने किया लेकिन यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि केंद्र में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार आने के बाद मंदिर निर्माण का काम आसान हो गया। अदालत के फैसले के बाद रिकॉर्ड टाइम में इसे बनाया गया। हालांकि आने वाली पीढ़ियों के लिए इसमें भी स्मृति चढ़ावा चोरी की रहेगी।

मुस्लिम महिलाओं की स्थिति सुधारने के लिए तीन तलाक खत्म करने और उसे अपराध बनाने का कानून भी एक बड़ा सुधारवादी कदम है। हालांकि राम मंदिर और तीन तलाक दोनों भाजपा के लिए चुनाव प्रचार का मुद्दा हैं।


**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

## करण जौहर की स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3 बनेंगी शनाया कपूर, इस बार होगा बड़ा बदलाव

करण जौहर की लोकप्रिय फ्रेंचाइजी स्टूडेंट ऑफ द ईयर की तीसरी कड़ी पर अपडेट आ गया है। इस साल आई फिल्म तू या मैं से दर्शकों को प्रभाविक करने के बाद, शनाया कपूर तीसरी कड़ी का हिस्सा होंगी। हालांकि, यह एक नए रूप में दर्शकों के सामने आएगी और यह बिल्कुल अलग तरह की कहानी होगी। बताया जा रहा है कि करण के धर्माटिक एंटरटेनमेंट द्वारा समर्थित इस परियोजना को फिल्म नहीं, बल्कि वेब सीरीज का रूप दिया गया है।



सूत्र ने कहा, सबसे पहले तो, जहां स्टूडेंट ऑफ द ईयर (2012) और स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 (2019) फिल्में थीं, वहीं स्टूडेंट ऑफ द ईयर का तीसरा भाग एक वेब सीरीज होगा। दूसरे, पहले 2 भाग हल्के-फुल्के मनोरंजन वाले थे। वहीं, स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3 बिल्कुल अलग तरह की कहानी है।

उन्होंने बताया कि यह ज्यादा गंभीर, चुनौतीपूर्ण और गहन होगी। इसे क्लास और यूफोरिया के मिश्रण के रूप में देखा जा रहा है।

सूत्र ने आगे कहा, स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3 इसी साल जियोहॉटस्टार पर रिलीज होने की उम्मीद है। इसका नाम स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3- आफ्टर द डार्क हो सकता है। हालांकि, सूत्र ने यह भी स्पष्ट किया कि अंतिम पुष्टि निमार्ताओं के ऐलान के बाद होगी।

बता दें, स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3 का निर्देशन रीमा माया ने किया है। बताया जा रहा है कि इसमें शनाया को दोहरी भूमिका निभाते हुए देखा जा सकता है।




# आत्महत्या निवारण दिवस: जीतने की संस्कृति में जीने की जगह बची है क्या?

दस सितंबर केवल आत्महत्या निवारण दिवस नहीं, हमारी संवेदना की परीक्षा है। हर वर्ष हम संकल्प लेते हैं, संदेश दोहराते हैं–दृष्टिकोण बदलो, पर सवाल है, क्या हम उस मौन को सुनते हैं, जो संकट में घिरे मन के भीतर उठता रहता है? त्रासदी अकेले पड़े व्यक्ति में नहीं, उस भीड़ में है जो पास होकर भी उसका दर्द नहीं देखती। चमकते भारत के नीचे स्क्रीन की नीली रोशनी, अंधी प्रतिस्पर्धा, बेरोजगारी, कर्ज, टूटते रिश्ते और संस्थागत चुप्पी एक ऐसी अनदेखी थकान बुन रहे हैं, जिसका संकट अक्सर दिखाई देने से पहले ही गहरा चुका होता है। शायद निवारण की पहली शर्त यही है कि किसी के टूटने की खबर मिलने से पहले हम उसके भीतर उठती हल्की-सी दरार को पहचानना सीखें।

जब अंक विद्यार्थी की पहचान बन जाएं, तो शिक्षा के बीच से मनुष्य गायब होने लगता है। आईआईटी जैसे संस्थानों की हाल की घटनाओं को केवल परीक्षा-तनाव कह देना आसान है, पर असली सवाल इससे बड़ा है–क्या हमारी श्रेष्ठ शिक्षा-व्यवस्था श्रेष्ठ मनुष्य गढ़ रही है या केवल बेहतर प्रदर्शनकर्ता? जब मेधा अंकपत्र में सिमट जाए और मानसिक स्वास्थ्य व्यवस्था औपचारिकता बनकर रह जाए, तब संकट की जड़ अनदेखी ही रहती है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित राष्ट्रीय टास्क फोर्स ने समस्या की गंभीरता को राष्ट्रीय चिंता बनाया है, फिर भी मूल प्रश्न कायम है–क्या हमारी व्यवस्था विद्यार्थी से सफल होने की अपेक्षा करने से पहले उसे अपनी पीड़ा कहने की जगह देती है? वर्दी देश की रक्षा करती है, मगर उसके भीतर धड़कता मन भी थकता है। सीआरपीएफ जैसे बलों में 2025 में दर्ज सबसे अधिक आत्महत्या की घटनाएं बताती हैं कि रक्षक भी मानसिक दबाव से अछूते नहीं। लंबी ड्यूटी, निरंतर तनाव, परिवार से दूरी और मनोवैज्ञानिक सहारे का अभाव ऐसा बोझ बन जाते हैं, जिसे केवल अनुशासन नहीं उठा सकता। राष्ट्र जवान से साहस मांगता है, तो उसे यह भरोसा भी देना होगा कि मदद मांगना कमजोरी नहीं। जांच और रिपोर्टों से आगे संस्थागत संवेदना जरूरी है; क्योंकि जो व्यवस्था अपने रक्षकों की थकान नहीं सुनती, वह केवल हथियारों और आदेशों से सुरक्षा मजबूत नहीं कर सकती।

मोबाइल ने दुनिया हथेली पर रख दी, पर मनुष्य को कई बार अपने ही भीतर से दूर कर दिया। सोशल मीडिया के चमकीले दर्पण में दूसरों की सफलता दिखती है, अपनी जद्दोजहद नहीं; यही



कृति आरके जैन

**दस सितंबर की असली परीक्षा दस सितंबर को नहीं, ग्यारह सितंबर की सुबह होगी। पोस्टर उतर जाएंगे, भाषण थम जाएंगे, खबरें बदल जाएंगी–तब क्या घरों में संवाद, विद्यालयों में संवेदना, संस्थाओं में सहारा और मीडिया में जिम्मेदारी बची रहेगी? यदि नहीं, तो यह दिवस भी कैलेंडर की एक औपचारिक तारीख बनकर रह जाएगा। आत्महत्या निवारण दिवस का अर्थ एक दिन याद करना नहीं, पूरे वर्ष यह समझना है कि किसी जीवन को थामने की शुरूआत संकट की आखिरी घड़ी में नहीं, उससे बहुत पहले किसी के पास बैठ जाने से होती है**

अंतर युवा मन को लगातार तुलना में धकेलता है। बेरोजगारी, कर्ज, पारिवारिक तनाव और टूटते रिश्ते जुड़ें तो अकेलापन भावना नहीं, सामाजिक संकट बन जाता है। कर्नाटक में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को अस्पतालों से निकालकर समुदाय और पंचायतों तक ले जाने के प्रयास इसी दिशा में जरूरी कदम हैं। क्योंकि समाधान केवल विशेषज्ञ के कमरे में नहीं, समाज के बीच भी होना चाहिए। हेल्पलाइन जरूरी है, पर सबसे पहली मदद वही है–जब एक मन दूसरे मन के लिए सचमुच मौजूद हो। सबसे खतरनाक दीवार ईंटों की नहीं, उदासीनता की होती है–मैंने तो कुछ देखा ही नहीं। मीडिया की जिम्मेदारी भी यहीं से शुरू होती है। किसी त्रासदी को सनसनी बनाना संवेदना का सौदा है, और उसे अनदेखा करना जिम्मेदारी से पलायन। पत्रकारिता को घटना के रोमांच से अधिक उसके सामाजिक कारण और असर देखने होंगे।

घरों में भी संवाद सूख रहा है–हम पूछते हैं, कितने अंक आए?, काम कैसा चल रहा है?, पर कम ही पूछते हैं, मन कैसा है? कभी मिलना-जुलना, उत्सव, सत्संग और पड़ोस का अपनापन सहारा देते थे; अब उनकी जगह अक्सर औपचारिक संदेशों ने ले ली है। टेली-मानस जैसी सेवाएं जरूरी हैं, पर घर और समाज की सुनने वाली संवेदना का कोई विकल्प नहीं।

किसी एक व्यक्ति का संकट अक्सर पूरे समाज के बिगड़ते स्वास्थ्य का संकेत होता है। उसे निजी बीमारी मान लेना वैसा ही है जैसे बुखार देखकर कारण भूल जाना। ये घटनाएं बता रही हैं कि हमें प्रतिस्पर्धा से सहयोग, अंकों से समग्र विकास और मौन से संवाद की ओर लौटना होगा। शिक्षा में मानसिक स्वास्थ्य जीवन-कौशल बने, कार्यस्थलों पर नियमित संवाद और भरोसेमंद सहायता मिले, और परिवार समझें कि हर चुप्पी शांति नहीं, हर मुस्कान सुख नहीं। केवल जागरूकता के पोस्टर नहीं, व्यवस्था का ढांचा बदलना होगा।

संकट अक्सर दस्तक देकर नहीं आता, व्यवहार की एक महीन दरार बनकर दिखता है। मित्र का अचानक अलग-थलग पड़ना, विद्यार्थी का कक्षा से कटना या सहकर्मी का असामान्य रूप से चुप हो जाना–इन्हें निजी मामला कहकर टाल देना हमारी सामूहिक चूक है। हर समस्या का उत्तर हमारे पास हो, यह जरूरी नहीं; किसी की बात सुनने के लिए समय होना जरूरी है। बिना निर्णय सुनाए सुनना भी सहारा है। मदद मांगना कमजोरी नहीं, जीवन के प्रति जिम्मेदारी है। इसलिए निवारण किसी एक अभियान से नहीं, रोजमर्रा की संवेदना से शुरू होगा। जिस दिन कोई अपनी परेशानी कहने में शर्म नहीं, भरोसा महसूस करेगा–उसी दिन दृष्टिकोण सचमुच बदल जाएगा।

दस सितंबर की असली परीक्षा दस सितंबर को नहीं, ग्यारह सितंबर की सुबह होगी। पोस्टर उतर जाएंगे, भाषण थम जाएंगे, खबरें बदल जाएंगी–तब क्या घरों में संवाद, विद्यालयों में संवेदना, संस्थाओं में सहारा और मीडिया में जिम्मेदारी बची रहेगी? यदि नहीं, तो यह दिवस भी कैलेंडर की एक औपचारिक तारीख बनकर रह जाएगा। आत्महत्या निवारण दिवस का अर्थ एक दिन याद करना नहीं, पूरे वर्ष यह समझना है कि किसी जीवन को थामने की शुरूआत संकट की आखिरी घड़ी में नहीं, उससे बहुत पहले किसी के पास बैठ जाने से होती है।

## गुरुवार का राशिफल

**मेष:** घर में किसी रस्म की तैयारी, तारीख तय हो सकती है,सूट, साड़ी,कॉस्मेटिक,बेकरी, खाद्य पदार्थ,चांदी,रत्न व्यवसाय चलेगा, मार्केटिंग,बैंक में जॉब मिलेगी। भाग्य प्रतिशत-82

**वृषभ:** शिक्षा,स्किल,अनुभव का फायदा मिलेगा,अच्छे समबन्ध बनेंगे,शुगर,किडनी संबन्धित रोग काबु में आएगा,कोई जिम्मेदारी किसी को सौप सकते हैं। भाग्य प्रतिशत-62

**मिथुन:** कोई अपना काम शुरू करना चाहेंगे,खेल,जिम सामग्री, टिफिन कार्य चलेगा,बाहर जाकर रहने का फैसला ना करें, माता की सेहत का ध्यान रखें भाग्य प्रतिशत-55

**कर्क:** आध्यात्मिक,अध्यापन, किताब, स्टेशनरी कार्य चलेगा, नौकरी में ट्रांसफर लेना चाहेंगे, फैटी लीवर का ध्यान रखें, क्रिएटिव कार्य में जाना चाहेंगे। भाग्य प्रतिशत-61

**सिंह:** इम्पोर्ट,एक्सपोर्ट,कैंटीन, पेंटिंग,हड्डी रोग विशेषज्ञ कार्य चलेगा,आय अब शुरू होगी, प्रशासनिक क्षेत्र के लिए तैयारी कर सकते हैं,प्रोपर्टी का लाभ मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-67

**कन्या:** मनचाहा काम होगा, स्वास्थ्य में सुधार होगा,यश और सम्मान मिलेगा,नेटवर्किंग, वेबसाइट, सोशल मीडिया, कोपोर्रेट, पब्लिकेशन, कमोडिटी जैसे क्षेत्र में प्रगति करेंगे। भाग्य प्रतिशत-83

**तुला:** काम से संतुष्टी मिलेगी,दवा कार्य, प्रसूति एवं चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉक्टर की प्रैक्टिस चलेगी, जरूरत पड़ने पर पैसे का इंतजाम हो जाएगा। भाग्य प्रतिशत-75

**वृश्चिक:** व्यवसायी लोगों में उठबैठ होगी,शिक्षा में लाभ होगा, दुकान में ग्राहक बढ़ेंगे धन लाभ शुरू होगा, घर में सीलन की समस्या आ सकती हैं। भाग्य प्रतिशत-63

**धनु:** वाहन लेने की बुकिंग करवा सकते हैं, खरीदारी करेंगे, अच्छी जगह खाना खा सकते हैं या ऑर्डर करेंगे,ऑफिस में प्रशंसा मिलेगी।

**मकर:** कोई रुका काम होगा तो आय होगी, फूल डेकोरेशन, संगीत, मीडिया, लेखन, मोबाइल, कार्य चलेगा। भाग्य प्रतिशत-67

**कुंभ:** परेशानी कम होगी, चिकित्सा से स्वास्थ्य का लाभ होगा,पालतू जानवर से प्रेम बढ़ेगा, किराये से फायदा होगा, सरकारी अधिकारी जॉब कुछ परेशान रहेंगे। भाग्य प्रतिशत-56

**मीन:** मानसिक शांति रहेगी, पैसे की कमी नहीं होगी, कोई नए काम से भी आय होगी, ब्रोकर कार्य, अध्यापन, परामर्श कार्य चलेगा, आटा चक्की, दाल मसाले का व्यवसाय चलेगा। भाग्य प्रतिशत-69



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा की गई रेसिपी ल प्रतियोगिता आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**संभल (मौहम्मद अब्बास)।** तहसील सभागार संभल में मुख्यमंत्री द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों तथा आंगनबाड़ी सहायिकाओं का सम्मान समारोह व कुपोषण से सुपोषण की ओर अग्रसर सैम बच्चों के अभिभावकों का सम्मान कार्यक्रम का लाइव प्रसारण के साथ साथ तहसील संभल में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं हेतु सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के मानदेय वृद्धि की घोषणा भी की गई तथा अन्य विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक प्रमुख एवं उपजिलाधिकारी द्वारा नवनियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण किए गए। जो रअट बच्चे पोषण पुनर्वास केन्द्र में चिकित्सीय उपचार हेतु भर्ती होकर ठीक हुए हैं, उनके अभिभावकों को प्रशस्ति पत्र दिए गए। नई पुष्टाहार से आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा अलग अलग प्रकार की रेसिपी तैयार की गई और रेसिपी प्रतियोगिता आयोजित की गयी तथा प्रथम,द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। इसी दौरान उत्कृष्ट कार्य करने पर मुख्य सेविकाओं तथा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर को भी प्रशस्ति पत्र वितरण किए गए। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख संतोष देवी, उपजिलाधिकारी विकास चंद्र, बाल विकास परियोजना अधिकारी रचना देवी यादव, मुख सेविकाएँ जमजमा रिजवान, दीप्ति, दीपिका, अनु चौधरी, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर श्याम सिंह तथा विकास खंड असमोली एवं सम्भल की आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

# ट्रक ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर,तीन स्कूली छात्रा घायल,एक की हालत गंभीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई ( दिनेश सक्सेना )।** बुधवार को स्कूल से अपने घर जा रहे ई-रिक्शा से स्कूली बच्चों को अपनी साइड छोड ट्रक ने मारी टक्कर तीन

**सीएचसी बहजोई में प्रथम उपचार के बाद,परिजन प्राइवेट एम्बुलेंस से निजी अस्पताल ले गये**

स्कूली बच्चे व एक अन्य घायल एक बच्चे की हालत नाजुक।

जनपद में लगातार हो रहे हादसों पर पुलिस अधीक्षक की पैनी नजर होती जा रही है और लगातार अंकुश लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

बुधवार को मीनाक्षी जूनियर हाईस्कूल बहजोई से पढ़कर ई-रिक्शा से तीन बच्चे अपने गांव ईसमपुर जा रहे थे जैसे ही ई-रिक्शा डीआर राइस मिल पर पहुचा तभी सामने से अपने साइड छोड़कर ट्रक दूसरी साइड आकर ई-रिक्शा में टक्कर मार दी जिससे उसमे बैठे तीन स्कूली छात्राएं व एक बुजुर्ग बुरी तरह से घायल हो गया जिन्हें आनन फानन में सीएचसी बहजोई ले जाएगा गया जहां एक छात्रा की हालत नाजुक बनी हुई है।





सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्हें प्रथम उपचार देखकर हालत नाजुक के कारण रैफर कर दिया परिजन बच्चों के लिए प्राइवेट एम्बुलेंस से निजी अस्पताल ले गये, पुलिस ने ई-रिक्शा व ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया। ट्रक में चालक और परिचालक थे जिसमे चालक फरार हो गया और दूसरे व्यक्ति को पकड कर पुलिस के हवाले कर दिया पुलिस ने बताया की पकडे गये व्यक्ति ने अपना नाम शालिम पुत्र अहमद हसन निवासी नूरपुर,थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद बताया।

टक्कर के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में 10 वर्षीय ज्योति, 8 वर्षीय राखी और 5 वर्षीय दर्शन समेत 65 वर्षीय लाखन प्रसाद घायल हो गए। तीनों छात्राओं को तत्काल बहजोई सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर परिजन उन्हें निजी एंबुलेंस से निजी हॉस्पिटल, बहजोई ले गए।

बताया जा रहा है कि एक बच्ची की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है,

अब सवाल है–आखिर सड़क पर नियमों की अनदेखी कब तक मासूमों की जिंदगी पर भारी पड़ती रहेगी।

# एएसआई की टीम ने किया मस्जिद व मुसाफिर खाने की भूमि का सर्वे

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**संभल।** शहर में बाबा बहाउद्दीन शाह मस्जिद के निर्माण से जुड़ी शिकायत की जांच के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की टीम मंगलवार दोपहर संभल पहुंची। टीम के पहुंचने से पहले ही चौधरी सराय पुलिस चौकी व मस्जिद क्षेत्र को छाबनी में तब्दील कर दिया गया। यहां छह थानों की पुलिस व डेढ़ प्लाटून पीएसी तैनात रही। एसपी विकास चंद्र ने भी मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम परखे। एएसआई की टीम ने पहले सदर तहसील में अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें एडीएम सत्यप्रिय सिंह, एसडीएम विकास चंद्र, सीओ कुलदीप कुमार आदि मौजूद रहे। बैठक के बाद टीम अफसरों के साथ चौधरी सराय पहुंची। तहसीलदार के साथ भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की टीम ने हसनपुर मार्ग पर स्थित मुसाफिर खाने का निरीक्षण किया। एएसआई के अधिकारी पुनीत डोगरा व तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह राजस्व विभाग की टीम के साथ करीब 1:45 बजे पहुंचे, उन्होंने भूमि का दस्तावेजों से मिलान किया और करीब 20 मिनट रूकने के बाद चौधरी सराय चौकी लौटकर पहुंची। एडीएम सत्यप्रिय सिंह ने बताया कि शिकायत के निस्तारण के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण टीम ने मौके का दौरा किया। टीम की मदद के लिए स्थानीय राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे। शिकायती पत्र में जिन बिंदुओं का उल्लेख किया गया था, उन्हीं के आधार पर संबंधित स्थानों का निरीक्षण किया गया। मौके की स्थिति का जायजा लेने के बाद टीम ने जांच पूरी की और लौट गई। एडीएम ने कहा कि एएसआई की रिपोर्ट मिलने के बाद नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहनों को दिखाई हरी झंडी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** आगामी 12 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए बुधवार को जनपद न्यायालय परिसर से तीन विशेष प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सम्भल स्थित चन्दौसी डॉ. विदुषी सिंह ने सुबह 10 बजे प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाई।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य लोगों को त्वरित,सुलभ और निःशुल्क न्याय उपलब्ध कराना है।लोक अदालत में छोटे-मोटे विवाद, पारिवारिक विवाद, बैंक ऋण, बिजली-पानी के बिल, यातायात चालान और श्रम संबंधी मामलों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कराया जा सकता है। इससे लोगों को समय और धन की बचत के साथ ही विवादों का सरल तरीके से समाधान मिल सकता है।प्रचार वाहनों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर आमजन को लोक अदालत की प्रक्रिया, लाभ और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा।



वाहन को हरी झंडी दिखाते मुख्य अतिथि

वाहनों में पोस्टर, बैनर, ध्वनि यंत्र और लोक अदालत से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई।इस अवसर पर अपर सत्र न्यायाधीश आरती फौजदार, विशेष न्यायाधीश रागिनी, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत अवधेश कुमार सिंह, अपर सत्र न्यायाधीश गोपाल, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दीपक कुमार जायसवाल, पराग यादव,आदित्य सिंह, नावेद अख्तर, दिव्या गर्ग समेत न्यायिक अधिकारी और बार एसोसिएशन चन्दौसी के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# सीएचसी असमोली में ब्लॉक स्तरीय एचआईवी-एड्स जागरूकता कार्यशाला आयोजित,स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को दी गई जानकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**असमोली (मोनू सिंह)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) असमोली पर डॉक्टर हेमंत कुमार एवं डीटीओ डॉक्टर संतोष कुमार के नेतृत्व में एचआईवी-एड्स विषय पर एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। दो सत्रों में आयोजित इस कार्यशाला में क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकताओं और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (CHO) को एचआईवी-एड्स से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों और बचाव के उपायों से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में काउंसलर वैभव गुप्ता ने प्रतिभागियों को एचआईवी से बचाव के उपायों और इसके कारणों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एचआईवी संक्रमण से बचाव के लिए जागरूकता, सही जानकारी और सुरक्षित व्यवहार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संक्रमण फैलने के चार मुख्य कारणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि दूषित रक्त या रक्त उत्पाद चढ़ाने, संक्रमित सुई या सिरिंज का इस्तेमाल करने, असुरक्षित यौन संबंध बनाने तथा संक्रमित मां से बच्चे में यह संक्रमण फैल सकता है।

काउंसलर ने समाज में फैली भ्रांतियों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि एचआईवी सामान्य सामाजिक संपर्कों जैसे हाथ मिलाने, साथ बैठने, एक साथ भोजन साझा करने, छूने या मच्छर के काटने से नहीं फैलता है। उन्होंने उपस्थित स्वास्थ्य कार्यकताओं से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर ग्रामीणों को जागरूक करें और इस बीमारी से जुड़े सामाजिक डर व भ्रांतियों को दूर करने में अपना सहयोग दें।

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य कर्मियों को एचआईवी-एड्स के प्रति संवेदनशील बनाना और ग्रामीण स्तर तक बचाव का सही संदेश पहुंचाना रहा। इस अवसर पर हेल्थ एजुकेटर ऑफिसर रमेश, एआरओ आकाश सारस्वत और मतीन अहमद सहित कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# झूलों की ऊंचाई बढ़ाएगी गणेश मेले की रौनक

बुलन्द संदेश ब्यूरो



मैदान में लगा झूला

**चंदौसी (मयंक सक्सेना)।** मेला गणेश चौथ-2026 शुरू होने में करीब दो दिन शेष हैं। नगर में मेले की तैयारियां तेज हो गई हैं। नाव वाले झूले, ज्वाइंट व्हील समेत कई छोटे-बड़े झूले पहुंचने लगे हैं और उन्हें लगाने का काम चल रहा है। झूले तैयार होने के साथ ही नगर वासियों में मेले को लेकर उत्साह बढ़ने लगा है। बच्चों और परिवारों के लिए ये झूले खास आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

ऊंचाई वाले झूलों पर लोगों की भीड़ रहने की संभावना है। ऐसे में झूला संचालन के दौरान निर्धारित क्षमता और आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाओं का ध्यान रखना जरूरी होगा। इससे लोग बिना किसी परेशानी के मेले के मनोरंजन का आनंद ले सकेंगे।

मेले में बाहर से आने वाले दुकानदार भी दुकानें लगाने में जुटे हैं। कपड़े, सजावटी सामान, खाने-पीने की वस्तुएं, बैग, जूते-चप्पल, पूजा सामग्री, ढोलक और मजीरे समेत कई तरह की दुकानें लगेंगी। दुकानदारों का कहना है कि हर वर्ष दुकान आवंटन की कीमत बढ़ने से उनका खर्च बढ़ रहा है। इसके अलावा सामान लाने-ले जाने और अन्य खर्च भी उठाने पड़ते हैं। इस बीच कई साल से मेले के दौरान बारिश पड़ने के कारण मेले में कीचड़ की स्तिथि उत्पन्न हो जाती है जिससे मेले में आने वालों की संख्या पर बहुत प्रभाव पड़ता है। जिससे दुकानदारी न के बराबर होती है और प्रतिदिन का खर्चा निकालना भी मुश्किल हो जाता है। दुकानदारों के मुताबिक बढ़ते खर्च के बीच मेले में कारोबार करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। उनका कहना है कि दुकान का किराया और अन्य खर्च बढ़ने का असर बिक्री और मुनाफे पर पड़ता है।

**तैयारियों से बढ़ी मेले की रौनक**

झूले लगाए जाने और दुकानें लगने के साथ ही मेले का माहौल बनने लगा है।

अगले दो दिनों में तैयारियां पूरी होने के साथ मेले की रौनक और बढ़ने की उम्मीद है। नगर वासियों को गणेश चौथ मेले के शुरू होने का इंतजार है।

# धान की पराली जलाई तो किसानों पर लगेगा भारी जुर्माना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल।** जनपद में धान की कटाई का कार्य शुरू हो गया है, किसान मौसम के मिजाज को लेकर चिंतित हैं और धान की अगेती फसल को समेटने में जुटे हैं। जिले में 50 से अधिक कंवाइन हार्वेस्टर मशीन आ चुकी हैं और कटाई कर रही हैं।

**उप कृषि निदेशक अरूण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि एसएमएस का इस्तेमाल नहीं करने पर मशीन को जब्त किया जाएगा**

कंवाइन हार्वेस्टर से कटाई के बाद किसान खेतों में धान की पराली न जलाएं, इसको लेकर कृषि विभाग सतर्क हो गया है। कृषि विभाग ने कंवाइन हार्वेस्टर संचालकों को निर्देश जारी किए हैं कि वह फसल की कटाई के समय एसएमएस स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम का इस्तेमाल जरुर करें, क्योंकि यह धान की पराली का भूसा बनाकर खेत में फेंक देता है और अगर इसका इस्तेमाल नहीं होगा। तो पराली टूटकर खेत में इकट्ठा हो जाएगी और किसान उसे जला देंगे, ऐसे में अगर एसएमएस का फसल कटाई के समय इस्तेमाल नहीं किया जा रहा होगा और विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने उसे पकड़ लिया तो कंवाइन हार्वेस्टर को जब्त किया जाएगा और मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। वहीं पराली जलाने पर किसानों पर जुमार्ना लगाया जाएगा और मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई होगी। उप कृषि निदेशक अरूण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि एसएमएस का इस्तेमाल नहीं करने पर मशीन को जब्त किया जाएगा और संचालक पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। वहीं पराली जलाने की घटना सामने आने पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम की धारा -24 के अंतर्गत क्षतिपूर्ति की वसूली और धारा-26 के अंतर्गत उल्लंघन की पुनरावृत्ति होने पर अर्थदंड इत्यादि की कार्रवाई होगी।

# पुलिस अधीक्षक ने नवीन पुलिस लाइन का किया स्थलीय निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी द्वारा नवीन पुलिस लाइन बहजोई का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न निमार्णाधीन स्थलों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों से कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं पूर्ण होने की निर्धारित समयावधि के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों के लिए प्रस्तावित/उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी ली गई।पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं मानकों का विशेष ध्यान रखते हुए कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने तथा पुलिस लाइन में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी एवं प्रगति की समीक्षा सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।





## संक्षिप्त समाचार

### हिंदी सेवा सप्ताह में विद्यार्थी दिखाएंगे प्रतिभा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** श्री नारायण सेवा समिति के तत्वावधान में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में 9 से 14 सितंबर तक हिंदी सेवा सप्ताह मनाया जाएगा। इसके तहत कक्षा छह से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन, सुलेख, श्रुतलेख, पत्र लेखन, रामचरितमानस की चौपाइयों व दोहों का सस्वर गायन और कविता लेखन सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।समिति के प्रबंधक हरीश कठेरिया एडवोकेट ने बताया कि सभी प्रतियोगिताएं निःशुल्क होंगी और निर्धारित समय पर संबंधित विद्यालय परिसरों में आयोजित की जाएंगी। हिंदी दिवस पर मुख्य आयोजन में प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों के साथ हिंदी के वरिष्ठ साहित्यकारों को भी पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा।

### तबीयत बिगड़ने से यात्री की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** बरेली से गाजियाबाद जा रहे व्यक्ति की तबीयत बिगढ़ने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि मृतक गाजियाबाद में सिक्योरिटी गार्ड का कार्य करता है। मंगलवार की रात जनपद बरेली के गांव अतरछेड़ी निवासी 50 वर्षीय राज बहादुर बरेली से गाजियाबाद जाने के लिए पैसेंजर ट्रेन में सवार हुए थे। वह गाजियाबाद स्थित एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। बरेली से ट्रेन चलने के बाद यात्रा के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गए। सूचना मिलने पर जीआरपी ने उन्हें ट्रेन से नीचे उतारा और सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत राज बहादुर को मृत घोषित कर दिया। मृतक के पास मोबाइल व बरेली से गाजियाबाद का टिकट मिला। मोबाइल से परिजनों को सूचना दी गई। राज बहादुर की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### गांव धीमर खेड़ी की 15 दिन से ट्रांसफार्मर फुका है बिजली विभाग की नींद नहीं खुल रही ग्रामीण बिजली विभाग के चक्कर लगाकर परेशान हो चुके है

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (मौहम्मद सादिक)।** थाना हजरत नगर गढ़ी गांव धीमर खेड़ी की जनसंख्या लगभग 4300 लोगों की जनसंख्या वाला गांव है ।जिसमें 15 दिनों से 63 के बी ए का ट्रांसफार्मर फुका पाड़ा है ।गांव के लोग बिजली विभाग के चक्कर लगाकर परेशान है लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी सुने के लिए तैयार नहीं हैं आज परेशान होकर गांव के लोगों ने गांव में बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया प्रदर्शन करना भी इन लोगों का सही है 15 दिन ट्रांसफार्मर फुके हुए हो गए हैं प्रदर्शन करने वाले ग्रामीणों के कल्लु, बाबू सलमानी ,आसीफ सेफी ,नबी मोहम्मद ,बशीर सेफी ,अब्दुल रहीम,शकील पधान ,छोटे, जरीफ अहमद और अन्य लोग मौजूद है,।



छापा मारा

## जांच के समय बीएसए से नोंक झोंक,मौके पर पहुंचा भारी पुलिस बल

# अवैध संचालित प्राइवेट स्कूल पर बीएसए का छापा,किया बंद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** बुधवार को उस समय क्षेत्र में अफरातफरी का माहौल बन गया जब अवैध रूप से संचालित प्राइवेट स्कूल पर बीएस ए ने छापा मारा।

जनपद में नौनिहालों के भविष्य से खिलवाड़ पर शिक्षा विभाग का बड़ा एक्शन बहजोई के गांव आनंदपुर में अवैध रूप से चल रहे स्कूल पर बीएसए अलका शर्मा ने की छापेमारी कर बंद कराया।

उत्तर प्रदेश सरकार की शून्य-सहनशीलता (जॉब-टोलरेंस) नीति और सभी बच्चों को सुरक्षित व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के संकल्प के तहत सम्भल जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। इसी क्रम में बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) अलका शर्मा ने बहजोई थाना क्षेत्र के ग्राम आनंदपुर में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक बिना मान्यता और जर्जर भवन में संचालित प्राइवेट स्कूल का औचक निरीक्षण किया।मोहन देवी सरस्वती बालविद्या मंदिर वही दूसरा खंडहर जर्जर भवन में पन्नी के तंबू चल रहा था । 1--12 अवैध स्कूल।





पारदर्शिता और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए की गई इस छापेमारी के दौरान प्रशासन ने मौके की गंभीरता को समझा। स्थानीय ग्रामीणों की उत्सुकता और सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल की तैनाती के बीच निष्पक्ष कार्रवाई की गई। जांच के दौरान पाया गया कि भवन छात्रों के पठन-पाठन के अनुकूल नहीं था, जिस पर बीएसए अलका शर्मा ने तत्काल कड़ा संज्ञान लिया।

योगी सरकार की मंशा...... हर बच्चे को मिले सुरक्षित माहौल और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

उत्तर प्रदेश सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि प्रदेश के हर बच्चे को आधुनिक, सुरक्षित और



गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। जर्जर भवनों और अवैध रूप से चल रहे विद्यालयों पर इस प्रकार की कड़ी कार्रवाई से यह संदेश साफ है कि बच्चों के जीवन और उनके भविष्य के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

**कार्रवाई के मुख्य बिंदु.....**

मानक विहीन स्कूलों पर नकेल.... बिना मान्यता और जर्जर भवनों में चल रहे संस्थानों के खिलाफ सख्त रुख।

सुरक्षित नामांकित प्रक्रिया प्रभावित बच्चों को पास के सुसज्जित सरकारी व मान्यता प्राप्त स्कूलों में नामांकित कराया जाएगा ताकि उनकी पढ़ाई बाधित न हो।

अवैध विद्यालयों की जांच में पहुंची तो पास के ही ग्रामीण ने बीएसए अलका शर्मा से नोंकझोंक और अभद्रता की गई जिस पर बीएसए ने पुलिस विभाग को बुला लिया उसके बाद पुलिस की मौजूदगी में विद्यालय को बंद कराया।

शिक्षा विभाग की इस समयबद्ध कार्रवाई की स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने सराहना की है। अभिभावकों का कहना है कि प्रशासन के इस कदम से न केवल बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि उन्हें बेहतर शैक्षणिक माहौल में पढ़ने का अवसर भी मिलेगा।

# भाजपा जिला कार्यालय पर सेवा एवं संकल्प अभियान में जुटे कार्यकर्ता, जनकल्याण के संकल्प को किया मजबूत

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलंदशहर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे सेवा एवं संकल्प अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए सेवा, समर्पण, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प को और अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में सिकंदराबाद विधायक लक्ष्मीराज सिंह भी उपस्थित रहे। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में सांसद एवं राष्ट्रीय मंत्री डॉ. भोला सिंह ने सहभागिता की। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी बसंत त्यागी, भाजपा जिलाध्यक्ष विकास चौहान, क्षेत्रीय मंत्री दीपक ऋषि, सुखविंदर सोम, जिला पंचायत अध्यक्ष अंतुल तेवतिया, विधायक देवेंद्र लोधी, विधायक चंद्रपाल लोधी, विधायक प्रदीप चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष डी.के. शर्मा, अनिल शिशोदिया तथा क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य हेमंत लोधी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन, जनकल्याण और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग के हित में निरंतर कार्य करने का प्रण लिया।

भाजपा नेताओं ने कहा कि पार्टी का मूल उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

इसी उद्देश्य के साथ कार्यकर्ता सेवा भाव से जनता के बीच पहुंचकर संगठन को मजबूत करने और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# 11 को औरंगाबाद में जुटेंगे कांग्रेसी, बैठक कर बनाई रणनीति

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** मिशन 2027 को लेकर कांग्रेस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में कांग्रेस जिले के औरंगाबाद से 11 सितंबर को चुनावी शंखनाद करने जा रही है। जिला कांग्रेस कमेटी की आवश्यक बैठक बुधवार को जिला कार्यालय पर आयोजित हुई, जिसमें 11 सितंबर को

**विजय ऐलान रैली को सफल बनाने के लिए कांग्रेस ने कसी कमर**

औरंगाबाद स्थित रुचिका गार्डन में स्वर्गीय चन्द्रावती देवी की जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाली कांग्रेस की विजय ऐलान रैली की तैयारियों की समीक्षा की गई और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।बैठक की अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने कहा कि स्वर्गीय चन्द्रावती देवी की जयंती के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। रैली में कांग्रेस के यूपी प्रभारी राजेंद्रपाल गौतम, सहप्रभारी एवं राष्ट्रीय सचिव संजीव आर्य, पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद, पूर्व सांसद एवं अभिनेता राज बब्बर, पूर्व राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर, सांसद इमरान मसूद, जयप्रकाश अग्रवाल, दिल्ली सहप्रभारी काजी निजामुद्दीन, विदित चौधरी और परवेज हाशमी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने कहा कि 11 सितंबर को औरंगाबाद में होने वाली विजय ऐलान रैली केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि 2027 के लिए कांग्रेस कार्यकताओं के संकल्प और संगठन की एकजुटता का प्रदर्शन होगी। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता को



पूरी ताकत के साथ रैली की सफलता में जुटना होगा। बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक संगठन को मजबूत करना और आम जनता के बीच कांग्रेस की नीतियों एवं विचारधारा को पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मिशन 2027 के लिए कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतर चुकी है। भाजपा सरकार की नीतियों से जनता त्रस्त है। महंगाई लगातार आम आदमी की कमर तोड़ रही है, बेरोजगारी के कारण नौजवान परेशान हैं और भ्रष्टाचार ने आम जनता की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। किसानों, युवाओं, छात्रों और गरीबों में सरकार के प्रति भारी असंतोष है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति भी चिंताजनक है और जनता अब बदलाव चाहती है।

जियाउर्रहमान ने कहा कि भाजपा सरकार की दलित और वंचित विरोधी मानसिकता लगातार सामने आ रही है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी की रैली के बाद कार्यक्रम स्थल का शुद्धिकरण किया जाना इस मानसिकता का बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा संविधान, सामाजिक न्याय, समानता और भाईचारे की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी इन मूल्यों की रक्षा के लिए मजबूती से संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओ का आह्वान करते हुए कहा कि कांग्रेस को सत्ता में लाने के लिए केवल चुनाव के समय सक्रिय होना पर्याप्त नहीं है। हमें अभी से गांव-गांव, बूथ-बूथ और घर-घर जाकर जनता से संवाद करना होगा। किसान, नौजवान, छात्र, मजदूर, व्यापारी और समाज का हर वर्ग आज अपने मुद्दों को लेकर कांग्रेस की ओर उम्मीद से देख रहा है। कार्यकताओं की मेहनत और जनता के सहयोग से 2027 में उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को मजबूत राजनीतिक ताकत के रूप में स्थापित किया जाएगा। पूर्व जिलाध्यक्ष श्योपाल सिंह, सुभाष गांधी ने कहा कि औरंगाबाद की विजय ऐलान रैली से जिले में कांग्रेस के चुनावी अभियान को नई ऊर्जा मिलेगी और कार्यकताओं में नया उत्साह पैदा होगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से अधिक से अधिक संख्या में लोगों को रैली में शामिल कराने तथा कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने की अपील की। बैठक को पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, श्योपाल सिंह और नरेंद्र चौधरी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, श्योपाल सिंह,कॉर्डिनेटर राजकुमार पंडित, नरेंद्र चौधरी, साजिद गाजी, नईम मंसूरी, मनीष चतुर्वेदी, किशन चौधरी, शकील अहमद, महेश शास्त्री, मुकेश रजक, आशु कुरैशी, सुरेंद्र उपाध्याय, सादिक सैफी,मजहर अली, इशू शर्मा,कर्णवीर सिरोही, इस्लामुद्दीन सैफी, नरेश शर्मा, दुष्यंत कुमार आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छ शिकारपुर की ओर बढ़ा एक और कदम, SVPS सदस्यों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का प्रशिक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**शिकारपुर।** स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय), उत्तर प्रदेश के निदेशों के अनुपालन में नगर पालिका परिषद शिकारपुर कार्यालय में बुधवार, 09 सितंबर 2026 को स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति (SVPS) के सदस्यों के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (SWM) नियम, 2026 विषय पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।


कार्यशाला में Lead Facilitator के रूप में उपस्थित सदस्यों को कचरे के स्रोत पर ही उचित पृथक्करण करने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान बताया गया कि गीले, सूखे, विशेष घरेलू हानिकारक तथा सेनेटरी कचरे को अलग-अलग निर्धारित डस्टबिन में रखा जाना चाहिए। कार्यशाला में गीले कचरे को हरे डस्टबिन, सूखे कचरे को नीले डस्टबिन, विशेष घरेलू हानिकारक कचरे को काले डस्टबिन तथा सेनेटरी कचरे को लाल डस्टबिन में डालने की जानकारी दी गई। साथ ही रहट नियम 2026 के नए प्रावधानों और स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाने में नागरिकों की जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से समझाया गया।

नीतू सिंह, अधिशासी अधिकारी ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य नागरिकों में कचरा पृथक्करण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाना रहा। नगर पालिका परिषद शिकारपुर द्वारा स्वच्छता के प्रति नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

# दीक्षारंभ समारोह का सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ समापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर लॉ कॉलेज, शिकारपुर में आयोजित तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह का अंतिम दिन बुधवार को उत्साह, ज्ञानवर्धक सत्रों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के सचिव विपिन बंसल, प्राचार्य डॉ. बिनोद कुमार, वरिष्ठ प्रवक्ता प्रमोद कुमार एवं वरिष्ठ प्रवक्ता श्वेता सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।





तीसरे दिन के प्रथम सत्र में सहायक प्रोफेसर लक्ष्मी ने सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के महत्व पर विद्यार्थियों को जानकारी दी। उन्होंने नैतिक मूल्यों, अनुशासन तथा व्यावसायिक जीवन में सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की भूमिका पर प्रकाश डाला। इसके बाद वरिष्ठ प्रवक्ता उत्तम वीर ने लीगल करियर और कोड ऑफ कंडक्ट विषय पर व्याख्यान देते हुए विधि विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों, आवश्यक कौशल तथा अधिवक्ताओं की आचार-संहिता और पेशेवर जिम्मेदारियों की जानकारी दी।

# जलकुंभी के मकड़जाल में कैद अमृत सरोवर, बारिश का पानी सहेजने की योजना पर लापरवाही का ग्रहण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबाद।** वर्षा जल संचयन और गिरते भूजल स्तर को सुधारने के उद्देश्य से शासन की महत्वाकांक्षी अमृत सरोवर योजना के तहत वर्ष 2022 में

**2022 में लाखों रुपये से बना था सरोवर, जलकुंभी और घास-फूस से पूरी तरह पटा; बारिश से पहले सफाई नहीं हुई तो व्यर्थ बह जाएगा वर्षाजल**
**हेमंत कौशिक**

नगर से सटी ग्राम पंचायत जसर में लाखों रुपये की लागत से बनाया गया अमृत सरोवर आज बदहाली का शिकार है। कभी गांव के लगभग आधे हिस्से का वर्षा जल समेटने वाला यह सरोवर अब जलकुंभी और घास-फूस के मकड़जाल में पूरी तरह कैद हो चुका है। हालात यह हैं कि तालाब में पानी के बजाय दूर तक जलकुंभी दिखाई दे रही है। ऐसे में बारिश का पानी सरोवर में सहेजे जाने के बजाय इधर-उधर बह जाने का खतरा बना हुआ है।

अमृत सरोवर के निर्माण के समय इसे आकर्षक स्वरूप देने के लिए चारों ओर हरित पट्टी विकसित की गई थी। ग्रामीणों के टहलने के लिए गैलरी और बैठने के लिए सीमेंट की बेंच भी लगाई गई थीं। योजना का उद्देश्य केवल तालाब का सौंदर्यीकरण करना ही नहीं, बल्कि वर्षा जल का संचयन कर भूजल स्तर को बढ़ाना भी था। लेकिन नियमित रखरखाव के अभाव में सरोवर की हालत लगातार खराब होती चली गई।



अब पूरा तालाब जलकुंभी और घास-फूस से ढका हुआ है। दूर से देखने पर यह तालाब कम और हरे मैदान जैसा अधिक दिखाई देता है।

स्थानीय ग्रामीण कंछिद सिंह, रमेश सिंह, जयप्रकाश सिंह, महिपाल सिंह, राहुल सिंह और समयपाल सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत जसर के करीब आधे क्षेत्र का वर्षा जल पहले इसी अमृत सरोवर में एकत्र होता था। बारिश का मौसम शुरू होने से पहले यदि इसकी सफाई नहीं कराई गई तो इस वर्ष भी बारिश का अधिकांश पानी तालाब में जमा होने के बजाय बह जाएगा। इससे न केवल जल संचयन योजना का उद्देश्य प्रभावित होगा, बल्कि भूजल रिचार्ज का लाभ भी ग्रामीणों को नहीं मिल सकेगा।

**तेजी से फैलती है जलकुंभी, प्रभावित होती है जलधारण क्षमता**

जानकारों के अनुसार जलकुंभी तालाबों और जलाशयों के लिए गंभीर समस्या बन जाती है। यह तेजी से फैलकर पानी की सतह को ढक लेती है। इससे पानी में ऑक्सीजन की कमी होने लगती है और जलाशय की प्राकृतिक क्षमता प्रभावित होती है। लंबे समय तक सफाई नहीं होने पर जलकुंभी और घास-फूस की मोटी परत जमा होने से तालाब की जलधारण क्षमता भी कम होती जाती है। समय रहते सफाई नहीं की गई तो तालाब धीरे-धीरे अपना अस्तित्व तक खो सकता है।

**लाखों खर्च के बाद रखरखाव पर सवाल**

ग्रामीणों का कहना है कि शासन ने अमृत सरोवर योजना के तहत लाखों रुपये खर्च कर तालाबों का निर्माण कराया, ताकि वर्षा जल का अधिकतम संचयन किया जा सके और गिरते भूजल स्तर को रोका जा सके। इसके अलावा ग्रामीणों को जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण का लाभ भी मिल सके। मगर निर्माण के बाद नियमित देखरेख और सफाई नहीं होने से जसर का अमृत सरोवर अपनी उपयोगिता खोता जा रहा है।

# PaymentSetu Portal से न्यायालय एवं यातायात चालान का ऑनलाइन भुगतान हुआ आसान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** जनपद न्यायाधीश बुलन्दशहर श्री संजय सिंह के निदेर्शानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बुलन्दशहर के पूर्णकालिक सचिव विकास चौधरी के पर्यवेक्षण में आमजन को न्यायालय संबंधी सेवाओं एवं डिजिटल सुविधाओं की जानकारी सरल एवं सुगम रूप से उपलब्ध कराने के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा विकसित PaymentSetu Portal के माध्यम से न्यायालय संबंधी विभिन्न भुगतानों की प्रक्रिया को ऑनलाइन एवं अधिक सुविधाजनक बनाया गया है। इस पोर्टल के जरिए आमजन घर बैठे न्यायालय से संबंधित कोर्ट फीस, ई-फाइन तथा अन्य निर्धारित भुगतानों की प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से पूरी कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त PaymentSetu Portal के माध्यम से यातायात चालान संबंधी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। नागरिक अपने वाहन से संबंधित चालान का विवरण ऑनलाइन देख सकते हैं तथा चालान की स्थिति

**जनपद न्यायाधीश के निर्देश पर आमजन को डिजिटल न्यायिक सेवाओं के प्रति किया जा रहा जागरूक**

एवं भुगतान से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

इस डिजिटल सुविधा के माध्यम से नागरिकों को भुगतान अथवा जानकारी प्राप्त करने के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, जिससे उनके समय एवं श्रम दोनों की बचत होगी। जनपद न्यायाधीश श्री संजय सिंह द्वारा न्यायिक सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सुलभ एवं जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से डिजिटल सुविधाओं के अधिकाधिक उपयोग पर विशेष बल दिया जा रहा है। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव श्री विकास चौधरी द्वारा आमजन को उपलब्ध विधिक एवं डिजिटल सुविधाओं के प्रति जागरूक करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

जनपद न्यायाधीश श्री संजय सिंह ने आमजन से अपील की है कि वे PaymentSetu Portal पर उपलब्ध ऑनलाइन सुविधाओं का अधिकाधिक लाभ उठाएं तथा न्यायालय एवं यातायात चालान से संबंधित निर्धारित भुगतानों के लिए सुविधाजनक, सरल एवं पारदर्शी डिजिटल माध्यम का उपयोग करें।

# व्यापारी सुरक्षा फोरम ने नवनियुक्त कोतवाली प्रभारी का किया स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**शिकारपुर ।** नगर के व्यापारी सुरक्षा फोरम के एक प्रतिनिधिमण्डल ने नवनियुक्त कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह, से शिष्टाचार मुलाकात की इस दौरान व्यापारियों ने नगर की प्रमुख समस्याओं विशेष रूप से यातायात और जाम की स्थिति से उन्हें अवगत कराया। प्रतिनिधिमण्डल ने कोतवाली प्रभारी को बताया कि पहासू अड्डे पर तैनात होमगार्डों की लापरवाही के कारण बाजार में बड़े वाहनों का प्रवेश हो जाता है । इसके चलते बड़ा बाजार क्षेत्र में आए दिन गम्भीर जाम की स्थिति बनी रहती है जिससे व्यापारियों और आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। व्यापारियों ने इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए पहासू अड्डे पर एक पुलिसकर्मी की स्थायी परमानेंट ड्यूटी लगाने का आग्रह किया। व्यापारियों की मांग पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह, ने आश्वासन दिया कि अगले सप्ताह से पहासू अड्डे पर एक पुलिस कर्मी की परमानेंट नियुक्ति कर दी जाएगी ताकि बड़े वाहनों का प्रवेश रोका जा सके और जाम से राहत मिले ।

मुलाकात के दौरान व्यापारी सुरक्षा फोरम के नगर अध्यक्ष गौरव मित्तल, ने नवनियुक्त कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार सिंह, को पट्टा पहनाकर और मिठाई खिलाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया तथा उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी । इस मौके पर अरविन्द रावत, गौरव मित्तल, मुदित मित्तल, सुनील सैनी, गौरव मित्तल, रोहित वर्मा, मनोज सिंघल, कपिल शर्मा, सहित व्यापारी सुरक्षा फोरम के सदस्य मौजूद रहे ।

# पिछड़ा वर्गों के प्रतिनिधित्व और आरक्षण पर आयोग ने की जनसुनवाई, जिला पंचायत सभागार में हुई महत्वपूर्ण बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जिला पंचायत सभागार में बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष माननीय न्यायमूर्ति श्री राम औतार सिंह की अध्यक्षता में स्थानीय ग्रामीण निकायों में पिछड़े वर्गों के प्रतिनिधित्व एवं आरक्षण से संबंधित विषयों पर संगोष्ठी, बैठक एवं जनसुनवाई आयोजित की गई। बैठक में आयोग के अध्यक्ष ने स्थानीय ग्रामीण निकायों में पिछड़े वर्गों के प्रतिनिधित्व, आरक्षण की वर्तमान स्थिति तथा इससे जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों, स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों एवं जनप्रतिनिधियों ने पिछड़े वर्गों से संबंधित स्थानीय स्तर की समस्याओं और विषयों को आयोग के समक्ष रखा।

माननीय न्यायमूर्ति श्री राम औतार सिंह ने कहा कि आयोग का प्रमुख उद्देश्य स्थानीय ग्रामीण निकायों में पिछड़े वर्गों के प्रतिनिधित्व एवं आरक्षण से संबंधित तथ्यों का समुचित अध्ययन कर शासन को आवश्यक सुझाव एवं संस्तुतियां उपलब्ध कराना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोग द्वारा मांगी गई सभी सूचनाएं एवं अभिलेख निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराए जाएं ।

# स्वास्थ्य के क्षेत्र में BIS की भूमिका पर कार्यक्रम आयोजित प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**शिकारपुर ।** आरएसएस इंटर कॉलेज आंचरु कला, शिकारपुर में ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (BIS) क्लब की गतिविधियों के अंतर्गत स्वास्थ्य के क्षेत्र में ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का रोल विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिकारपुर के मेडिकल ऑफिसर डॉ. कृष्ण चंद्र राय रहे। प्रधानाचार्य चंद्रवीर पुंडीर के नेतृत्व में कार्यक्रम का संचालन इक्र रिसोर्स पर्सन एवं मेंटर तथा जीव विज्ञान प्रवक्ता अतुल तिवारी ने किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विषय आधारित पोस्टर प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में अर्शी (कक्षा 12) ने प्रथम, अंशिका सिंह (कक्षा 12) ने द्वितीय तथा अंश (कक्षा 11) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार कुमारी गार्गी (कक्षा 9-अ) को दिया गया। विजेताओं को क्रमशः 1500, 1000, 750 और 250 रुपये की नकद धनराशि प्रदान की गई। मुख्य अतिथि को विद्यालय परिवार की ओर से स्मृति चिह्न भेंट किया गया। विद्यार्थियों के लिए जलपान की भी व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

**पदयात्रा** | **पदयात्रा का नेतृत्व आश्रम की साध्वी बाईजी चंद्रप्रभा ने किया**

# मानव उत्थान सेवा समिति ने धर्म के प्रति जागरूकता का संदेश लेकर निकाली पदयात्रा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबाद।** नगर के मोहल्ला रोगनग्रान स्थित नगर शाखा हंस आश्रम, मानव उत्थान सेवा समिति के (स्वामी सतपाल जी महाराज) के अनुयायियों द्वारा धर्म एवं अध्यात्म के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा का नेतृत्व आश्रम की साध्वी बाईजी चंद्रप्रभा ने किया।

पदयात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष किशनपाल सिंह एवं विशिष्ट अतिथि नवीन बंसल ने झंडी दिखाकर किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष कैलाश सैनी, सभासद गौरव शिशोदिया एवं मनीष लोधी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

पदयात्रा हंस आश्रम से प्रारंभ होकर बालाजी मंदिर, बुलंदशहर बस स्टैंड सहित नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी और पुनः आश्रम




पहुंचकर संपन्न हुई।

इस दौरान अनुयायियों ने लोगों को धर्म, अध्यात्म, सदाचार एवं मानव सेवा के प्रति जागरूक किया गया।

आश्रम की प्रधान राधा बंसल ने कहा कि धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि धर्म हमें मानवता, प्रेम, सेवा, सद्भाव और जरूरतमंदों की सहायता करने की प्रेरणा देता है।

यात्रा के दौरान नेमवती देवी ने पदयात्रा का स्वागत करते हुए श्रद्धालुओं के लिए जलपान आदि की व्यवस्था की।

इस अवसर पर कुसुम, मंजू, पूनम, होशियारी, मोनिका गोयल, मीडिया प्रभारी लालमन, बल्लू सिंह, राजकुमार सहित बड़ी संख्या में आश्रम के अनुयायी मौजूद रहे।

# शॉर्ट सर्किट से मकान में लगी भीषण आग, लाखों का सामान राख

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** थाना अहमदगढ़ क्षेत्र के गांव खुदादिया में बुधवार को बिजली के शॉर्ट सर्किट से एक मकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। मकान से उठती आग की लपटें बाहर तक दिखाई दे रही थीं। हादसे में घर में रखा घरेलू सामान, कपड़े, गहने समेत लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

गांव निवासी किरन पाल सिंह पुत्र भगवान साह के अनुसार, बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण घर में अचानक आग लगी। जब तक परिवार के लोग कुछ समझ पाते, तब तक आग तेजी से फैल चुकी थी। आग की चपेट में आने से घर में रखा कीमती सामान जलकर राख हो गया।



पीड़ित ने बताया कि करीब दो माह पहले ही उनके छोटे बेटे की शादी हुई थी। शादी में दहेज के रूप में मिला घरेलू सामान भी आग की चपेट में आ गया और पूरी तरह जलकर राख हो गया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

आग लगने की सूचना डायल-112 पुलिस को दी गई। इसके बाद पड़ोसियों की मदद से ग्रामीणों ने काफी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि हादसे में किसी व्यक्ति के हताहत होने की सूचना नहीं है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से आग से हुए नुकसान का सर्वे कराकर आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।

# भारतीय वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन ने मनाया प्रथम स्थापना दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा। भारतीय** वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन का प्रथम स्थापना दिवस माता महालक्ष्मी अग्रसेन धाम में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच यज्ञ से हुआ। मुख्य अतिथि अंशुल मित्तल, महामंत्री धीरज गर्ग वाडीलाल, कोषाध्यक्ष दीपक गर्ग, मार्गदर्शक सुधीर गोयल, कवि अशोक गोयल व बीना गोयल समेत अन्य पदाधिकारियों ने यज्ञ में आहुति देकर समाज की समृद्धि और राष्ट्र कल्याण की कामना की। कार्यक्रम में अध्यक्ष अजय गोयल, सुनील गर्ग, वीरसेन बंसल, दीपक मित्तल, सुशील सिंघल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार अशोक गोयल चक्रवर्ती ने संचालन करते हुए काव्य प्रस्तुति दी। वक्ताओं ने अग्रवाल समाज की एकता और संगठन को मजबूत करने पर विचार रखे। संस्था पदाधिकारियों ने अतिथियों व अग्रजनों का पटका पहनाकर स्वागत किया। अंत में महाप्रसाद वितरित किया गया। अध्यक्ष अजय गोयल ने सभी का आभार जताया।





# परिवर्तन योजना का स्कूल प्रबन्धक लाभ उठाये : छवि सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- एआरटीओ ने स्कूल कालेज के प्रबन्धकों के साथ बैठक कर योजना की दी जानकारी
- पुराने ट्रक-बस स्क्रैप करने पर 10 वर्षों तक टैक्स में छूट मिलेगी
- योजना के तहत नये वाहन के पंजीकरण में मिलेगी 100 प्रतिशत की छूट

**हापुड़।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली क्षेत्र में वायु प्रदूषण कम करने के लिए केंद्र सरकार ने परिवर्तन योजना लागू की है। योजना के तहत बीएस थर्ड और बीएस प्रथम से लेकर बीएस फोर श्रेणी के पुराने ट्रक व बसों को स्क्रैप कर नए या इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर वाहन स्वामियों को कर और शुल्क में बड़ी राहत मिलेगी। अब एआरटीओ ने स्कूल कालेज के प्रबन्धकों के साथ बैठक कर उन्हें उक्त योजना की जानकारी देकर योजना का लाभ उठाने की अपेक्षा की है। जनपद की सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन छवि सिंह ने बताया कि परिवर्तन योजना का लाभ केवल एनसीआर में पंजीकृत बीएस फर्स्ट से लेकर फोर्थ तक के मानक वाले ट्रक एवं बसों को मिलेगा। इच्छुक वाहन स्वामी अधिसूचना जारी होने की तारीख से दो वर्ष के भीतर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उससे पुराने वाहनों को स्क्रैप कराना अनिवार्य होगा। बीएस फोर वाहनों को आरवीएसएफ में स्क्रैप किया जा सकता है या एनसीआर से बाहर बेचा जा सकता है। प्रतिस्थापन में खरीदा जाने वाला नया वाहन या इलेक्ट्रिक होना चाहिए और उसका पंजीकरण एनसीआर में होना आवश्यक है। एआरटीओ ने बताया कि योजना के तहत नए वाहन पर पंजीकरण की तारीख से 10 वर्ष तक 100 प्रतिशत मोटर वाहन कर और पंजीकरण शुल्क में पूरी छूट दी जाएगी। यदि बीएस फोर वाहन को एनसीआर से बाहर बेचकर नया वाहन खरीदा जाता है तो 10 वर्ष तक 50 प्रतिशत कर में छूट मिलेगी। इसके अलावा एक वर्ष से अधिक के बकाया कर और शास्ति को भी माफ किया जाएगा। वाहन निमार्ता कंपनियां नए वाहन की खरीद पर 8 प्रतिशत तक अग्रिम छूट देंगी। डीजल और सीएनजी वाहनों के लिए 5 वर्ष तक ब्याज अनुदान और 5 वर्ष तक मासिक ईंधन वाउचर भी दिया जाएगा।

बुधवार को परिवहन विभाग के अधिकारियों ने जनपद के स्कूल कालेज के प्रबन्धकों के साथ बैठक की। जिसमें एआरटीओ प्रशासन छवि सिंह ने परिवर्तन योजना के बार में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि योजना तहत ही अपना वाहन स्क्रैप कराकर उसका अनापत्ति प्रमाण पत्र एनसीआर क्षेत्र के से बाहर के जनपद के लिए निर्गत कराकर योजना का लाभ उठाये। इसके अलावा बैठक में योजना से सम्बंधित प्रपत्र भी वितरित किये गये।

इस अवसर पर नाजमीन,कार्यवाह डीआईओएस शैलेन्द्र,प्रधान सहायक राम आसरे तिवारी,उर्दू अनुवादक नदीम सुब्हानी,शाहिद अफाक सहित 35 स्कूल कालेज के प्रबन्धक,प्रधानाचार्य आदि मौजूद रहे।




# लायंस क्लब प्लेटिन ने शिवा पाठशाला में हर पेड़ एक उम्मीद के तहत किया पौधरोपण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में लायंस क्लब प्लेटिनम के तत्वावधान में बुधवार को नगर क्षेत्र के शिवा प्राथमिक पाठशाला में पौधरोपण एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें क्लब के पदाधिकारियों ने
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रधानाचार्य

- बीएसए,प्रधानाचार्य सहित शिक्षकों को किया सम्मानित
- शिक्षक व्यक्तित्व के निमार्ता और राष्ट्र निर्माण के प्रथम शिल्पकार होते हैं:विजयपाल
- ऐसे आयोजन बच्चों को प्रकृति से जोडने का कार्य करते है: बीएसए
- विधायक,बीएसए को डा.सुमन अग्रवाल की प्रेरणादायक कहानी से भी अवगत कराया

सहित शिक्षकों को सम्मानित किया। विधायक व बीएसए ने कार्यक्रम की सराहना की।

कार्यक्रम में सदर विधायक विजयपाल आढ़ती ने कहा कि गुरु केवल ज्ञान प्रदान करने वाले नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाले, संस्कारों के वाहक,व्यक्तित्व के निमार्ता और राष्ट्र निर्माण के प्रथम शिल्पकार होते हैं। पौधे लगाकर पृथ्वी को बचाना चाहिए। पौधे पृथ्वी का गहना है।

बीएसए दीपा भाटी ने कहा कि पौधारोपण आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जिस प्रकार से पर्यावरण असंतुलन और प्रदूषण बढ़ता जा रहा है, ऐसे में अधिक से अधिक वृक्ष लगाना हम सबकी जिम्मेदारी बनती है। विद्यालय ऐसे आयोजनों के माध्यम से छात्राओं को प्रकृति से जोडने का कार्य करता रहेगा।

प्रधानाध्यापिका डॉ सुमन अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को वर्ष में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। उन्होंने छात्राओं को पेड़-पौधों की देखभाल करने का संकल्प दिलाया।







कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए बीएसए दीपा भाटी,एसएसवी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य विजय कुमार गर्ग और शिवा पाठशाला की प्रधानाध्यापिका डॉ.सुमन अग्रवाल को सम्मानित किया गया। समारोह में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया।

कार्यक्रम में क्लब के पदाधिकारियों द्वारा विधायक व बीएसए को पाठशाला की प्रधानाध्यापिका डा.सुमन अग्रवाल की प्रेरणादायक कहानी से भी अवगत कराया। बताया गया कि प्रधानाध्यापिका द्वारा 12 वर्ष संघर्ष कर पाठशाला की भूमि से अवैध कब्जा हटवाया,विभाग के माध्यम पाठशाला के नवीन भवन का निर्माण कराया। इसके अलावा कड़ी मेहनत कर बच्चों की संख्या को 100 से पार पहुंचा। इसके अलावा परिश्रम कर शिवा पाठशाला को निपुण घोषित कराया। इतना ही नहीं पाठशाला के नवीन भवन का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष विवेक गर्ग एडवोकेट, सचिन जिंदल, सचिन गोयल सर्राफ,प्रवीण सेठी, सभासद अजय भास्कर, व्यापारी सुरक्षा फोरम के जिलाध्यक्ष अरुण अग्रवाल चीनी वाले, धीरखेड़ा इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के सचिव धीरज चुग सोनू, एमडीएम प्रभारी प्रदीप सिंह सहित शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# श्री मंशा देवी मंदिर परिसर में श्री कृष्ण छठ उत्सव महोत्सव का भव्य आयोजन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** बुलन्दशहर रोड स्थित श्री मंशा देवी मंदिर में श्री कृष्ण छठ उत्सव महोत्सव का भव्य आयोजन श्रद्धा एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। छह महोत्सव मंदिर

- छठ महोत्सव पर मंदिर को रंग बिरंगी लाइटों व गुब्बारों से सजाया गया
- श्रीकृष्ण को माखन,मिश्री व कढ़ी चावल का भोग लगाया

परिसर को फूलों, गुब्बारो एवं रंग बिरंगी लाइटों एवं दीपों से भव्य रूप से सजाया गया। साथ ही भगवान श्री कृष्ण जी का मनमोहक श्रंगार किया गया।

बुधवार को श्री कृष्ण छठ पर सुबह से ही सैकड़ों श्रद्धालु मंदिर में एकत्र होकर बाल कृष्ण की पूजा-अर्चना में सम्मिलित हुए तथा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। महोत्सव के दौरान श्री कृष्ण छठ पूजा विधानपूर्वक की गई,जिसमें महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने भगवान श्री कृष्ण को छठ का भोग अर्पित किया।

मंदिर में भजन संध्या का आयोजन हुआ जिसमें स्थानीय कलाकारों द्वारा मधुर भजन प्रस्तुत किए गए। उत्सव के दौरान महिला श्रद्धालुओं ने श्री कृष्ण के भजनों पर भाव विभोर होकर भक्ति नृत्य एवं लोक गीतों की मनमोहक प्रस्तुति की। जिस पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने तालियों से उनका उत्साह वर्धन किया। मातृशक्ति की इस प्रस्तुति से पूरे मन्दिर परिसर में भक्तिमय माहौल बन गया ।





उत्सव विश्राम के दौरान नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की। श्री कृष्ण छठ उत्सव की समस्त नगर वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी,इस के उपरांत कृष्ण जी की आरती कर श्री कृष्ण को माखन - मिश्री एवं कढ़ी -चावल का भोग लगा कर श्रद्धालुओं वितरण किया गया ।

इस अवसर पर प्रधान शिवकुमार मित्तल,महेश तोमर, बिजेंदर कंसल, पुनीत गोयल, अनुज मित्तल, खिलेन्द्र सैनी, लाल राज किशोर, सुनील सैनी,राकेश माहेश्वरी, यादराम सैनी, सोनू सैनी, रितु मित्तल, कविता कंसल, दुर्गेश तोमर,दीपांशी सैनी, स्वाति गोयल, हरदेई शर्मा आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग सदस्य का भव्य स्वागत किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसायटी उत्तर प्रदेश के चेयरमैन व भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष दानिश कुरैशी ने अपने

- सदस्य मनोज वाल्मीकि का स्वागत करने व बधाई देने का सिलसिला जारी
- पार्टी में 35 वर्ष कड़ी मेहनत व सेवा करने का मिला इनाम

राजनीतिक गुरु राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग नवनियुक्त सदस्य मनोज बाल्मीकि को दिल्ली राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के कार्यालय में पहुंचकर बधाई व स्वागत किया।

चेयरमैन दानिश कुरैशी ने कहा कि मनोज बाल्मीकि जी निःस्वार्थ भाव से पिछले 35 सालों से पार्टी की सेवा कर रहे हैं,जिनका उन्हें 36 राज्य 802 जिलों का प्रतिनिधित्व देकर संगठन व सरकार ने यह इनाम दिया और निश्चित रूप से विधानसभा चुनाव 2027 व 2029 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को मजबूती मिलेगी उनके साथ स्वागत करने वालों में मोहम्मद अहमद, राशिद अली, आरिफ त्यागी, रहीसुद्दीन सैफी, मो तैयब, अरशद कुरैशी, मो साजिद, चौधरी सलीम, नौमान आदि सम्मानित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।





वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के नव नियुक्त सदस्य मनोज वाल्मीकि का भाजपा पदाधिकारियों, समर्थकों व वाल्मीकि समाज के नेताओं द्वारा बधाई देने के साथ-साथ स्वागत करने का सिलसिला उनके निवास स्थान व दिल्ली स्थित कार्यालय पर जारी है। बुधवार को वाल्मीकि समाज के नेता संजय सहारनपुरिया ने समर्थकों के साथ मनोज वाल्मीकि का भव्य स्वागत किया।

# भारतीय किसान यूनियन (सर छोटूराम) ने किया संगठन विस्तार, जिलाध्यक्ष ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को सौंपे मनोनयन पत्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन (सर छोटूराम) की एक बैठक फ्री गंज रोड स्थित कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के मेरठ मंडल अध्यक्ष एडवोकेट जितेंद्र चौधरी ने की।



बैठक में संगठन को जनपद में और मजबूत करने तथा किसानों और आम जनमानस की समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर उनके समाधान में तेजी लाने का आह्वान किया गया।

जिलाध्यक्ष हापुड़ कौशल चौधरी ने आश्वस्त किया कि हापुड़ में संगठन अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करवाते हुए किसानों और आम आदमी की आवाज बनने का काम करेगा। जल्द ही इस संबंध में रणनीति बनाकर कार्य किया जाएगा।

इसी क्रम में संगठन विस्तार करते हुए मेरठ मंडल अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी ने अमित त्यागी नंगौला को हापुड़ का जिला प्रभारी और नवीन चौधरी को मेरठ मंडल का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया। संगठन विस्तार के क्रम में जिलाध्यक्ष कौशल चौधरी ने शशि गर्ग को जिला महासचिव,वैभव यादव को जिला सचिव,विशाल शर्मा को जिला सचिव व मोहित कुमार को तहसील अध्यक्ष धौलाना नियुक्त किया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष हापुड़ अरुण चौधरी, मोहित कुमार,शुभम चौधरी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किसानों एवं सहकारी समितियों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद,/ हापुड़।** बुधवार को जिला सहकारी बैंक लिमिटेड गाजियाबाद के मुख्य कार्यालय आरडीसी जिला गाजियाबाद में जनपद हापुड़ के समिति अध्यक्षों एवं समिति सचिवों की महत्वपूर्ण बैठक में किसानों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक में किसानों एवं सहकारी समितियों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसमें समितियों के जर्जर गोदामों की मरम्मत, वर्ष 2025-26 के किसानों को ब्याज अनुदान के वितरण तथा किसानों के हित से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिलाध्यक्ष एवं वर्तमान में बी-पैक्स बक्सर के अध्यक्ष पवन हूण गुर्जर द्वारा बी-पैक्स बक्सर समिति से संबंधित महत्वपूर्ण मांगें प्रमुखता से रखी गईं। उन्होंने समिति परिसर में भराव कराने,परिसर में निर्मित दुकानों की मरम्मत कराने तथा समिति की बाउंड्री कराने की मांग रखी, जिससे समिति की व्यवस्थाओं में सुधार हो सके और किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। बैठक की अध्यक्षता जिला सहकारी बैंक लिमिटेड, गाजियाबाद के सभापति कृष्णवीर सिंह द्वारा की गई।



इस अवसर पर सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता जनपद हापुड़ हिमांशु कुमार,अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक सहकारिता मेरठ मंडल मेरठ विकास कुमार,मुख्य कार्यपालक अधिकारी,जिला सहकारी बैंक लिमिटेड, गाजियाबाद संदीप सिंह,अपर जिला सहकारी अधिकारी रहीस उज्जमा सहित जनपद हापुड़ के विभिन्न समितियों के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित रहे।

# रिंकू टांक को नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर दी बधाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा की ओर से रिंकू टांक को जिला हापुड़ के पिलखुवा नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उनके मनोनयन पर समाज के लोगों और समर्थकों ने खुशी जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी। समर्थकों ने उम्मीद जताई कि रिंकू टांक संगठन को मजबूत करने के साथ समाज के लोगों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने और उनके हितों के लिए कार्य करेंगे। इस अवसर पर संगठन से जुड़े लोगों ने कर्मचारी आयोग के चेयरमैन एवं भारत सरकार के मंत्री भगवत प्रसाद मकवाना के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रिंकू टांक को नई जिम्मेदारी मिलने से संगठन को नगर स्तर पर मजबूती मिलेगी और सामाजिक कार्यों को गति मिलेगी। समर्थकों ने नवनियुक्त नगर अध्यक्ष का स्वागत करते हुए संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में सहयोग का भरोसा दिलाया। मनोनयन के बाद रिंकू टांक ने सभी का आभार जताते हुए समाजहित में पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने की बात कही।



# आवारा श्वानों की संख्या रोकने को पालिका ने शुरू किया अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** नगर में आवारा श्वानों की बढ़ती संख्या को रोकने के लिए नगर पालिका परिषद ने बंध्याकरण अभियान शुरू कर दिया है। पालिका की ओर से नगर में पहली बार इस तरह की कार्रवाई की जा रही है। अभियान के तहत आक्रामक और लोगों के लिए खतरा बने श्वानों को पकड़कर उनका बंध्याकरण कराया जाएगा। इसके साथ ही बीमार या घायल श्वानों का उपचार भी कराया जाएगा। पालिका अध्यक्ष विभू बंसल ने बताया कि अभियान के दौरान श्वानों को सुरक्षित तरीके से पकड़ा जाएगा। बंध्याकरण के बाद उन्हें कुछ समय तक निगरानी में रखा जाएगा। पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद श्वानों को उसी स्थान पर वापस छोड़ा जाएगा, जहां से उन्हें पकड़ा गया था। उन्होंने अधिकारियों को पशुओं के साथ किसी तरह की क्रूरता नहीं होने देने के निर्देश दिए हैं।



अधिशासी अधिकारी इन्द्रपाल सिंह ने पालतू श्वान रखने वाले लोगों से उनका नियमित टीकाकरण कराने और टीकाकरण की पुस्तिका संभालकर रखने को कहा है। उन्होंने प्रतिबंधित नस्ल के श्वान नहीं पालने और पालतू श्वानों को खुले में नहीं छोड़ने की अपील की। पालिका ने लोगों से अभियान में सहयोग करने की अपील की है।

**प्रशासन बेखबर!** उदय प्रताप कॉलेज बना कूड़े का अड्डा, बैंक वाली गली में नालियां जाम, शिकायतों के बाद भी नहीं जागा ब्लाक प्रशासन

# सपनावत में शिक्षा के मंदिर के बगल में कूड़े का नरक, प्रशासन बेखबर! बस्ती में महामारी का खतरा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना ।** धौलाना तहसील के गांव सपनावत में उदय प्रताप इंटर कॉलेज की दीवार से सटाकर ग्राम पंचायत द्वारा कूड़ा डलवाया जा रहा है। कॉलेज के बगल में ही घनी बस्ती है, जहां से उठ रही भयंकर दुर्गंध ने लोगों का

**सपनावत में कूड़े के ढेर से सांस लेना दुश्वार, बच्चों की सेहत दांव पर, फिर भी मौन है प्रशासन**

जीना मुहाल कर दिया है। कूड़े के इस ढेर में मच्छर-मक्खियों का जमावड़ा लगा है, जिससे डेंगू-मलेरिया और संक्रामक बीमारियों के फैलने का गंभीर खतरा पैदा हो गया है। रोज सैकड़ों स्कूली बच्चे इसी बदबू के बीच से गुजरने को मजबूर हैं। वहीं बैंक वाली गली का हाल और भी बुरा है। नालियां कूड़े से पूरी तरह चोक हैं, पानी निकासी ठप है। गली में गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। मार्केट के दुकानदारों ने बताया कि कई बार अधिकारियों और प्रधान से शिकायत की, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द सफाई नहीं हुई तो वे धरना-प्रदर्शन को मजबूर होंगे।







# 300 गज सरकारी जमीन पर कथित कब्जे का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** महानगर के वार्ड नंबर-27, तमोलीपाड़ा/रफतगंज क्षेत्र में लगभग 300 गज भूमि पर कथित अवैध कब्जे और निर्माण को लेकर मामला गरमाता जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने मुख्यमंत्री को भेजे प्रार्थना पत्र में

**भू-माफिया पर कार्रवाई की मांग-मुख्यमंत्री से उच्चस्तरीय जांच की गुहार**

भूमि को सरकारी/पंचायती बताए जाने का दावा करते हुए राजस्व अभिलेखों की जांच, मौके पर पैमाइश और निर्माण कार्य तत्काल रुकवाने की मांग की है।

शिकायत में यश उर्फ कलुआ पुत्र मंत्री मदनलाल के संबंध में स्थानीय स्तर पर शिकायत किए जाने का उल्लेख है। हालांकि शिकायतकताओं ने स्पष्ट किया है कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति को दोषी ठहराना नहीं, बल्कि दस्तावेजों और राजस्व रिकॉर्ड की निष्पक्ष जांच के बाद वास्तविक स्थिति सामने लाना है।?

**हाउस टैक्स और दस्तावेजों पर भी उठे सवाल**

प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि कथित तौर पर संदिग्ध या फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नगर निगम अभिलेखों में हाउस टैक्स अपने नाम कराने का प्रयास किया जा रहा है। शिकायतकताओं ने मांग की है कि हाउस टैक्स रिकॉर्ड, दाखिल दस्तावेजों और संबंधित अधिकारियों की भूमिका की भी जांच की जाए।





दूसरे पृष्ठ में शिकायतकर्ताओ ने यह भी मांग रखी है कि यदि जांच में फर्जी दस्तावेज, रिश्वतखोरी, मिलीभगत या सरकारी भूमि को निजी संपत्ति के रूप में दर्ज कराने का प्रयास प्रमाणित होता है, तो दोषी व्यक्तियों के साथ-साथ जिम्मेदार अधिकारियों पर भी नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

**जनता की मांग-कागज सामने आएं, पैमाइश हो और सच सामने आए**

शिकायत में मांग की गई है कि विवादित भूमि की राजस्व अभिलेखों के आधार पर जांच और मौके पर पैमाइश, भूमि की श्रेणी स्पष्ट करने, संबंधित दस्तावेजों का मूल अभिलेखों से सत्यापन तथा जांच पूरी होने तक निर्माण रोकने की कार्रवाई की जाए। यदि भूमि सरकारी/पंचायती पाई जाती है तो उसे कब्जामुक्त कर सरकारी अभिलेखों में सुरक्षित किए जाने की मांग भी की गई है।

अब बड़ा सवाल यह है कि लगभग 200 गज भूमि की असली स्थिति क्या है? दस्तावेज सही हैं या संदिग्ध? और यदि सरकारी जमीन पर कब्जे की शिकायत सही पाई जाती है तो जिम्मेदार कौन है? स्थानीय नागरिकों की निगाह अब प्रशासन की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई पर टिकी है।

## बंदरों के डर से छत से गिरकर महिला की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** गभाना थाना क्षेत्र के गांव बलवंत नगलिया में बुधवार सुबह बंदरों के डर से एक महिला की छत से गिरने से आयीं गंभीर चोट के कारण मौत हो गई।



प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव बलवंत नगलिया निवासी प्रमोद सिंह की 55 वर्षीय पत्नी रामवती देवी बुधवार सुबह करीब सात बजे किसी कार्य से घर की छत पर गई थीं। इसी दौरान छत पर अचानक बंदरों का झुंड आ गया और महिला को देखकर उसकी ओर, बंदरों से बचने के प्रयास में महिला का संतुलन बिगड़ गया और वह छत से नीचे आंगन में जा गिरीं। बताया गया कि हादसे के समय उनके पति प्रमोद सिंह गांव में ही स्थित डेयरी पर दूध देने के लिए गए हुए थे। कुछ देर बाद जब वह घर लौटे तो पत्नी को आंगन में लहूलुहान हालत में पड़ा देखकर उनकी चीख निकल पड़ी। उनकी चीख-पुकार और शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने महिला को उपचार के लिए ले जाने का प्रयास किया, लेकिन इससे पहले ही उसकी मृत्यु हो चुकी थी। स्वजन ने मामले में किसी तरह की कानूनी कार्रवाई नहीं कराई और आपसी सहमति से शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनने के लिए सैकड़ो छात्राओ से नगर आयुक्त ने किया संवाद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** बुधवार दोपहर संवाद कार्यक्रम के क्रम में नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने रतन प्रेम डी.ए.वी. इंटर कॉलेज अलीगढ़ में सैकड़ों छात्राओं के साथ संवाद किया। नगर आयुक्त ने छात्राओं से अपने छात्र जीवन से लेकर बीटेक आईआईटी मुंबई से विदेश में प्राइवेट सेक्टर में सेवा फिर वापिस आकर भारतीय प्रशासनिक सेवा(आईएएस)अधिकारी बनने तक के सफर को साझा करते हुए कहा सफलता के लिए जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना निरंतर मेहनत करना समय का सदुपयोग तथा सेल्फ स्टडी अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने छात्राओं के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि विद्यार्थी जीवन में आने वाली चुनौतियों और असफलताओं से घबराने के बजाय उनसे सीख लेते हुए अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ना चाहिए।

संवाद के दौरान छात्राओं ने नगर आयुक्त से शहर की स्वच्छता व जलनिकासी में सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। संवाद कार्यक्रम में छात्राओ ने नगर आयुक्त से आईएएस परीक्षा की तैयारी, कैरियर चयन, अध्ययन पद्धति, टाइम टेबिल एवं प्रशासनिक सेवा में कार्य करने के अनुभवों से संबंधित



विभिन्न प्रश्न पूछे नगर आयुक्त ने छात्राओं के प्रश्नों का विस्तार से उत्तर देते हुए उनका मार्गदर्शन किया। संवाद कार्यक्रम शासन द्वारा निर्धारित उस पहल का हिस्सा है जिसके अंतर्गत भारतीय प्रशासनिक सेवा भारतीय पुलिस सेवा एवं भारतीय वन सेवा के युवा अधिकारियों द्वारा इंटरमीडिएट स्तर के विद्यार्थियों के साथ नियमित संवाद मार्गदर्शन एवं उन्हें प्रेरित किया जाना है। संवाद कार्यक्रम में नगर आयुक्त के साथ डीआईओएस, विद्यालय की प्रधानाचार्या, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## एसएसपी ने चण्डौस थाना प्रभारी को किया निलंबित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** मंगलवार रात एसएसपी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चंडौस थाना पुलिस की ड्यूटी में लापरवाही सामने आई। पुलिसकर्मी निर्धारित स्थान पर नहीं मिले।

वहीं, थाना परिसर में कुछ लोग बिना किसी अनुमति के बैठे मिले। उनके थाने में आने की जानकारी रजिस्टर में भी दर्ज नहीं थी। जिसके बाद एसएसपी ने चंडौस थाना प्रभारी राजवीर सिंह परमार को निलंबित कर दिया।

एसएसपी ने मंगलवार रात चंडौस थाना क्षेत्र में रात्रि गश्त और अन्य पुलिस ड्यूटी की जांच की। इसके बाद थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान रात्रि गश्त पर लगाए गए पुलिसकर्मी अपने निर्धारित स्थान पर नहीं मिले।

निरीक्षण के दौरान थाना परिसर में कुछ लोग अनावश्यक बैठे मिले। इसके बाद एसएसपी ने देर रात गभाना थाना क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। यहां पीआरवी और अन्य पुलिस ड्यूटी की जांच की गई। पुलिसकर्मियों की सतर्कता और सुरक्षा




व्यवस्था का जायजा लिया गया।

एसएसपी ने पुलिसकर्मियों को रात की गश्त के दौरान पूरी तरह सतर्क रहने और आम लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ कहा कि ड्यूटी में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** आयोजित संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर अतरौली विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में विज्ञान एवं गणित विषयों से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।




प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विज्ञान एवं गणित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की शानदार उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण रहा। विद्यालय के अध्यक्ष श्रीमान राजकुमार गुप्ता जी, प्रधानाचार्य श्रीमान सत्य प्रकाश गुप्ता जी ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा आगामी प्रतियोगिताओं में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## पुलिस ने नेशनल हाईवे पर वाहनों से डीजल चोर पकडे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अकराबाद पुलिस ने नेशनल हाईवे पर वाहनों से डीजल चोरी करने वाले दो चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी का ट्रक और डीजल चोरी करने के उपकरण बरामद किए हैं। यह कार्रवाई 19 जुलाई 2026 को भारत पेट्रोल पंप के पास एक ट्रक से 350 लीटर डीजल चोरी होने के मामले में की गई। ट्रक चालक सतीश कुमार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

इसी दौरान उप निरीक्षक नितिन यादव को सूचना मिली कि डीजल चोर हापुड़ में मौजूद हैं। उप निरीक्षक अमित यादव अपनी टीम के साथ हापुड़ पहुंचे। टीम में सिपाही बृजेश माबी और अंकुश कुमार शामिल थे। हापुड़-दिल्ली रोड पर बजाज शोरूम के पास एक ट्रक में दो संदिग्ध व्यक्ति दिखे। पुलिस ने उनसे पूछताछ की तो उन्होंने चोरी का डीजल बेचने की फिराक में होने की बात कबूली। पुलिस दोनों को हिरासत में लेकर अकराबाद थाने लाई। यहां उन्होंने अकराबाद के



भारत पेट्रोल पंप पर खड़े ट्रक से डीजल चोरी करने की बात मान ली। पुलिस ने पकड़े गए व्यक्तियों से डीजल चोरी करने के उपकरण और एक ट्रक बरामद किया है। आरोपियों की पहचान शेरू पुत्र मखबूल निवासी अठसैनी, गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ और नासिर पुत्र अब्दुल गनी निवासी फैजाबाद, थाना ऊपरकोट, बुलंदशहर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया है।

## योगी सरकार ने बढ़ाया मानदेय, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में बढ़ा उत्साह: बोलीं, अब और मनोयोग से करेंगी सेवा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** प्रदेश सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि किए जाने से जिले की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में खुशी की लहर है। मानदेय में बढ़ोतरी को उन्होंने अपने कार्य,

**मानदेय में बढ़ोतरी से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मान और परिवारों को आर्थिक संबल**

जिम्मेदारियों और योगदान के प्रति सरकार की संवेदनशीलता एवं सम्मान का प्रतीक बताया है। नव चयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र मिलने से उनके उत्साह में और इजाफा हुआ है।

अतरौली ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्र कुंजलपुर पर नव चयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्री छाया ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मानदेय में वृद्धि किया जाना हम सभी के लिए उत्साह बढ़ाने वाला निर्णय है। सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की जिम्मेदारियों और उनके महत्वपूर्ण कार्यों को समझते हुए यह निर्णय लिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सम्मानजनक मानदेय मिलने से वह और अधिक उत्साह एवं पूर्ण मनोयोग के साथ अपने विभागीय दायित्वों का निर्वहन करेंगी।

उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां केवल आंगनबाड़ी केंद्र तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव और पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण कड़ी हैं। बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं की देखभाल और जनजागरूकता से जुड़े कार्यों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में मानदेय में वृद्धि उनके कार्यों को मिले सम्मान के साथ-साथ उनके मनोबल को भी मजबूत करेगी।



इसी तरह चंडौस ब्लॉक की परियोजना पिसावा और बिजौली ब्लॉक की परियोजना सैफपुर में नव चयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों प्रियंका एवं कविता ने सरकार के निर्णय पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि बढ़े हुए मानदेय से उन्हें अपने परिवार के भरण-पोषण में आर्थिक सहयोग मिलेगा। साथ ही सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे पोषण आहार एवं अन्य सामग्री का जरूरतमंद लाभार्थियों तक विभागीय योजनाओं के अनुरूप वितरण सुनिश्चित कराने में वे पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करेंगी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कांत राय ने कहा कि सरकार द्वारा मानदेय में वृद्धि और नई नियुक्तियों के माध्यम से आंगनबाड़ी व्यवस्था को मजबूती मिली है। इससे कार्यकत्रियों और सहायिकाओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जिस विश्वास के साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरते हुए वे बाल विकास, पोषण और महिला एवं बाल कल्याण से जुड़ी योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल तक पहुंचाने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देंगी। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के बीच यह भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है कि मानदेय में वृद्धि केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि उनके महत्वपूर्ण सामाजिक योगदान की स्वीकार्यता भी है। कार्यकत्रियों का कहना है कि सरकार के इस निर्णय से उनका मनोबल बढ़ा है और वे अब और अधिक उत्साह, निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पायदान तक पहुंचाने के लिए कार्य करेंगी।

## अलीगढ़ पुलिस ने 10 दिन में 50 से ज्यादा हिस्ट्रीशीटर खोज निकाले

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में पुलिस को 193 हिस्ट्रीशीटरों की तलाश है। इन अपराधियों के ठिकाने की जानकारी पुलिस के पास नहीं है। करीब 10-12 दिन पहले जिले में 250 हिस्ट्रीशीटर ऐसे थे, जिनका कोई पता नहीं चल रहा था। पुलिस ने अभियान चलाकर 50 से ज्यादा हिस्ट्रीशीटरों को खोज लिया है।

बुधवार को एसएसपी नीरज जादौन ने पत्रकारों से वार्ता में बताया कि जिले में कुल 1976 हिस्ट्रीशीटर दर्ज हैं। इन सभी का सत्यापन कराया जा रहा है। जांच में सामने आया है कि कई हिस्ट्रीशीटरों की मौत हो चुकी है, जबकि कई अलग-अलग मामलों में जेल में बंद हैं। पुलिस का फोकस उन 193 हिस्ट्रीशीटरों पर है, जो लापता या फरार चल रहे हैं। इनके ठिकाने के बारे में पुलिस के पास कोई जानकारी नहीं है। एसएसपी ने जिले के सभी बीट कांस्टेबलों और संबंधित पुलिस टीमों को इनकी तलाश करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस को आशंका है कि कुछ हिस्ट्रीशीटर अपनी पहचान छिपाकर रह रहे हैं। वहीं, इनके दोबारा अपराध में शामिल होने की संभावना को देखते हुए भी पुलिस इनका सत्यापन जल्द पूरा करना चाहती है।



एसएसपी ने बताया कि फरार हिस्ट्रीशीटरों का पता लगाने के लिए पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। जो पुलिसकर्मी या टीम किसी लापता हिस्ट्रीशीटर का पता लगाकर उसका सही सत्यापन करेगी, उसे प्रशस्ति-पत्र दिया जाएगा। साथ ही प्रोत्साहन राशि देकर भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होने कहा कि अभियान का मकसद सिर्फ फरार हिस्ट्रीशीटरों को खोजना नहीं, बल्कि बीट पुलिसिंग को भी मजबूत करना है। हाल ही में पुलिस बल में शामिल करीब 700 नए कांस्टेबलों को भी इस अभियान से जोड़ा गया है। इन कांस्टेबलों को बीट स्तर पर जिम्मेदारी देकर अपराधियों की जानकारी जुटाने और उन पर नजर रखने का काम दिया जा रहा है। पुलिस का मानना है कि इससे अपराधियों की निगरानी मजबूत होगी और कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

## 74 निर्माण परियोजनाओं को समयबद्ध पूरा कराने के निर्देश, लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को कलैक्ट्रेट सभागार में 50 लाख रुपये से अधिक लागत वाली विकास एवं निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में 16 कार्यदायी संस्थाओं द्वारा

**कार्य में लेटलतीफी करने वाली फर्मों पर अर्थदंड के बाद डिबार करने की कार्रवाई के निर्देश**

संचालित 74 परियोजनाओं की कार्यवार समीक्षा करते हुए सीडीओ ने सभी परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा सर्वाधिक 11, यूपी प्रोजेक्ट कारपोरेशन द्वारा 10, पैकफेड द्वारा 9, सीएनडीएस एवं जल निगम द्वारा 8-8 तथा लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड द्वारा 7 परियोजनाओं पर कार्य कराया जा रहा है। सीडीओ ने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा और प्रत्येक परियोजना निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरी होनी चाहिए।

उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि शासन से आवंटित धनराशि का सदुपयोग करते हुए पूर्ण कराए गए कार्यों के उपयोगिता प्रमाणपत्र तत्काल उपलब्ध कराएं और आगामी किस्त की धनराशि प्राप्त करने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि परियोजनाओं में धन की कमी के कारण कार्य बाधित न हों। सीडीओ ने जिलाधिकारी द्वारा नामित 35 जिलास्तरीय नोडल अधिकारियों द्वारा किए गए स्थलीय निरीक्षण की कार्यवार जानकारी ली। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सामने आई कमियों तथा उनकी अनुपालन स्थिति की समीक्षा करते हुए चिन्हित कमियों को



प्राथमिकता के आधार पर दूर कराने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट कहा कि बैठक में दिए गए निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। कार्यदायी संस्थाएं निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार कार्य पूर्ण कराएं, जिससे योजनाओं का लाभ जनसामान्य को समय से मिल सके। उन्होंने कहा कि जिन फर्मों द्वारा कार्य में अनावश्यक देरी की जा रही है, उनके विरुद्ध अर्थदंड की कार्रवाई की जाए। अर्थदंड के बावजूद कार्य में सुधार न होने अथवा कार्य की गति न बढ़ने पर संबंधित फर्म को डिबार करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

अहिल्याबाई होल्कर स्टेडियम में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान सीडीओ ने कार्य को निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर के मध्य स्थित इस स्टेडियम में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं खिलाड़ी आते हैं। इसलिए निर्माण कार्य इस प्रकार कराया जाए कि खेल गतिविधियां अनावश्यक रूप से प्रभावित न हों। वार्ड-33 में पेयजल योजना के कार्य की भी समीक्षा की गई। एलसी इंफ्रास्ट्रक्चर द्वारा कार्य में धीमी प्रगति पाए जाने पर पूर्व में 43.34 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया जा चुका है, इसके बावजूद कार्य में अपेक्षित तेजी नहीं आने पर सीडीओ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम को संबंधित फर्म को डिबार करने के लिए आवश्यक कार्रवाई तत्काल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**हादसों का खतरा** भानपाड़ा की मुख्य सड़क पर आए दिन हादसों का खतरा, दो दिन पहले स्थानीय लोगों ने बच्चों को बचाया

# गड्ढा मुक्त सड़क का दावा हवा,गड्ढों में फंसी स्कूली बच्चों की ई-रिक्शा


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अतरौली।** प्रदेश सरकार भले ही सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने का दावा कर रही हो, लेकिन अतरौली नगर पालिका क्षेत्र के मोहल्ला

**भाजपा नगर महामंत्री और सभासद मधु वर्मा ने डीएम से की शिकायत, 60 लाख रुपये का एस्टीमेट तैयार होने के बावजूद बजट का इंतजार**

भानपाड़ा की मुख्य सड़क इन दावों की हकीकत बयां कर रही है। सड़क पर जगह-जगह बने गहरे गड्ढों के कारण राहगीरों, वाहन चालकों और स्कूली बच्चों की परेशानी बढ़ गई है।







स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की बदहाली के चलते आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

**दो दिन पहले टला बड़ा हादसा**

बताया गया कि दो दिन पहले सुबह स्कूल जा रहे बच्चों से भरी एक ई-रिक्शा सड़क के बीच बने गहरे गड्ढे में फंस गई। गड्ढे में पहिया फंसने से ई-रिक्शा एक तरफ बुरी तरह झुक गई। उसमें सवार स्कूली बच्चे घबरा गए और चीख-पुकार मच गई।

मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए बच्चों को सुरक्षित संभाला। इसके बाद ई-रिक्शा को धक्का देकर गड्ढे से बाहर निकाला गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते मदद नहीं मिलती तो ई-रिक्शा पलट सकती थी और बड़ा हादसा हो सकता था।

**आए दिन गिरते हैं बाइक सवार**

स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों के मुताबिक सड़क पर छोटे-बड़े कई गड्ढे हैं। आए दिन बाइक सवार गड्ढों में गिरकर चोटिल होते हैं। ई-रिक्शा और साइकिल चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और गंभीर हो जाती है तथा वाहन चालकों को गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता।

लोगों का कहना है कि सड़क की समस्या को लेकर कई बार जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अभी तक स्थायी समाधान नहीं हो सका है।

**भाजपा नगर महामंत्री ने मुख्यमंत्री संदर्भ में की शिकायत**

सड़क की समस्या को लेकर भाजपा के नगर महामंत्री ललित कुमार वर्मा ने नगर पालिका परिषद से लेकर जिला प्रशासन तक शिकायतें किए जाने की बात कही है। उनके द्वारा मुख्यमंत्री संदर्भ/तहसील दिवस के माध्यम से भी शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत संख्या 92614300059389 बताई गई है।

**सभासद मधु वर्मा ने भी डीएम से लगाई गुहार**

मोहल्ला भानपाड़ा की बदहाल सड़क को लेकर नगर पालिका की सभासद मधु वर्मा ने भी जिलाधिकारी को शिकायत देकर सड़क की समस्या से अवगत कराया है। उन्होंने सड़क की स्थिति को देखते हुए आवश्यक कार्रवाई और निर्माण/मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

## पूर्व मंत्री डॉ.अनवार खां के निधन पर एमएलसी असीम यादव ने जताया शोक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अतरौली।** मोहल्ला चौधरियान स्थित पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक मरहूम डॉ. अनवार खां के आवास पर बुधवार को शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का



सिलसिला जारी रहा। 9 सितंबर को एमएलसी असीम यादव ने उनके निवास पर पहुंचकर पूर्व प्रत्याशी साकिब अनवार से मुलाकात की और डॉ. अनवार खां के निधन पर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। एमएलसी असीम यादव ने डॉ. अनवार खां को याद करते हुए कहा कि वह मिलनसार, जनप्रिय और समाज के लिए समर्पित नेता थे। उनके निधन से राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। इस दौरान स्नातक प्रत्याशी शशांक यादव 'सीटू' एवं पूर्व जिला अध्यक्ष ठाकुर रक्षपाल सिंह ने भी डॉ. अनवार खां को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके साथ बिताए संस्मरणों को याद किया।

इस मौके पर सभासद सोहिल राईन, माधवेन्द्र सिंह यादव, नासिर गाजी, रामवीर सिंह, छोटे सिंह, श्यामबाबू शर्मा, शाहिद खां, मुजीब चौहान, शानू खान, नफीस खान, राजू मुनिरी, कासिफ चौधरी और दानिश खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# स्टेशन रोड की स्मार्ट रोड पर व्यापारियों ने पार्किंग ठेके का किया विरोध: डीएम को ज्ञापन देकर "ठेका निरस्त" करने की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांठ, मुरादाबाद (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद की पहली स्मार्ट रोड पर पार्किंग स्थल के ठेके का बुधवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने सड़क पर ठेका 'प्रथा' का विरोध किया है ' व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध जताते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। और पार्किंग ठे-के को निरस्त किए जाने की मांग की।
स्मार्ट रोड पर पार्किंग ठेके को लेकर बुध बाजार के व्यापारी और विभिन्न संगठनों के लोग खफा हैं। प्रशासन को दिए ज्ञापन में कहा कि स्टेशन रोड क्षेत्र में स्मार्ट सिटी में प्रोजेक्ट के तहत सड़क का चौड़ीकरण किया गया। ईपीरियल तिराहे से बुध बाजार पुलिस चौकी तक की दुकानों के आगे करीब दो मीटर की जगह खाली कराई गई। संगठन का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण के चलते व्यापारियों को इस दौरान काफी परेशानियां उठानी पड़ी।निर्माण के चलते व्यापारियों के कारोबार पर भी असर पड़ा। व्यापारी संगठन का कहना है कि इसके लिए वैकल्पिक पार्किंग स्थलों का सुझाव दिया गया। संगठन का कहना है कि जिस जगह को यातायात के लिए सुरक्षित बनाया गया।

# आर्थिक संकट में फंसी केसर चीनी मिल को सहारनपुर के कारोबारी संजीव कपूर ने 431 करोड़ में खरीदी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** आर्थिक संकट में फंसी केसर चीनी मिल का मालिकाना हक 93 साल बाद बदल गया। सहारनपुर के कारोबारी संजीव कुमार कपूर की कंपनी अवध फूड्स ने मिल को 431 करोड़ रुपये में खरीद लिया है। मिल प्रबंधन का दावा है कि बिक्री की रकम से सबसे पहले हजारों गन्ना किसानों का 164 करोड़ रुपये का बकाया चुकाया जाएगा।

**1933 में रखी गई थी मिल की नींव**

किला चंद परिवार ने वर्ष 1933 में बहेड़ी में केसर चीनी मिल की स्थापना की थी। करीब नौ दशक तक मिल इसी परिवार के स्वामित्व में रही। बहेड़ी और आसपास के क्षेत्रों के हजारों गन्ना किसानों की आजीविका इस मिल से जुड़ी रही है। पिछले पांच-छह वर्षों में आर्थिक संकट गहराने के कारण मिल की स्थिति लगातार खराब होती चली गई।

**दो पेराई सत्रों से अटका किसानों का भुगतान**

मिल की आर्थिक हालत बिगड़ने के साथ किसानों का गन्ना मूल्य भुगतान भी फंसता गया। दो पेराई सत्रों का करीब 164 करोड़ रुपये बकाया होने से किसानों में नाराजगी बढ़ रही थी। भुगतान की मांग को लेकर किसान लगातार आंदोलन कर रहे हैं।




**कई कंपनियों से चली बात, अवध फूड्स के नाम लगी मुहर**

किला चंद परिवार के हर्ष आर. किला चंद ने मिल बेचने का निर्णय लिया था। खरीदारी के लिए कई कंपनियों से बातचीत चली, लेकिन आखिरकार अवध फूड्स के साथ 431 करोड़ रुपये में सौदा तय हुआ। सोमवार देर शाम डील फाइनल होने के बाद मंगलवार को मिल के सीईओ शरद मिश्र ने इसकी आधिकारिक घोषणा कर दी।

**सबसे पहले किसानों का भुगतान: सीईओ**

केसर चीनी मिल के सीईओ शरद मिश्र ने बताया कि अवध फूड्स ने मिल खरीद ली है। बिक्री की रकम से पहली प्राथमिकता किसानों का बकाया गन्ना मूल्य चुकाना होगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सौदा पूरा होने के बाद अब चीनी मिल की किसी जमीन की नीलामी नहीं कराई जाएगी।

**नीलामी से पहले डीएम ने किसानों संग की बैठक**

मंगलवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कलक्ट्रेट सभागार में बहेड़ी क्षेत्र के गन्ना किसानों के साथ बैठक की। बैठक मुड़िया मुकर्रमपुर स्थित चीनी मिल की कुर्क जमीन की प्रस्तावित नीलामी को लेकर बुलाई गई थी। बेहतर कीमत हासिल करने के लिए जिले के बाहर तक प्रचार-प्रसार कराने का निर्णय लिया गया था। जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याएं और अपेक्षाएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि मिल की बिक्री प्रबंधन का आंतरिक मामला है। कुर्क जमीन की नीलामी किसानों का बकाया भुगतान कराने के लिए प्रस्तावित थी।

**मिल बिकी, लेकिन धरने पर डटे रहे किसान**

बकाया गन्ना मूल्य भुगतान की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भानु) का धरना मंगलवार को भी जारी रहा। एक सप्ताह से आंदोलन कर रहे किसानों ने बरेली, पीलीभीत और शाहजहांपुर के प्रतिनिधियों के साथ महापंचायत की। दिन में मिल प्रबंधन से बातचीत हुई, लेकिन कोई सहमति नहीं बन सकी। देर रात तक किसान धरनास्थल पर डटे रहे। मिल बिकने की घोषणा से किसानों में भुगतान की उम्मीद जरूर जगी है, लेकिन उनकी नजर अब इस बात पर टिकी है कि 164 करोड़ रुपये का बकाया उनके खातों में कब पहुंचता है।

# महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज कांठ के 8 छात्रों का राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन : 24 से 27 सितंबर तक प्रयागराज में होगी राज्य स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** गांधी इण्टर कॉलेज दड़ियाल रामपुर में मंडल स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढा कांठ के खेल शिक्षक पदम सिंह के दिशा निर्देशन में छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमें चयनकर्ताओं द्वारा तीनों वर्गों में विद्यालय के 8 छात्रों का चयन राज्य स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता के लिए किया गया' सीनियर वर्ग में वैभव, उज्जवल वशिष्ठ, जूनियर वर्ग में कार्तिक चौहान, प्रिंस चौहान, विनायक भारद्वाज और सब जूनियर वर्ग में वैभव चौधरी, विनायक राजपूत और वैभव का चयन किया गया। बुधवार को प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्रबंधक मुकेश माहेश्वरी ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर तथा शील्ड देकर सम्मानित किया तथा सभी खिलाड़ियों व खेल शिक्षक को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी ' प्रधानाचार्य मदन सिंह ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में धैर्य व संयम के साथ खेलने हेतु प्रेरित किया पदम सिंह ने बताया कि चयनित सभी खिलाड़ी 24 सितंबर से 27 सितंबर तक प्रयागराज में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे इस अवसर पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष महेश चंद्र गुप्ता,महेश गुप्ता, , गौरव बिश्नोई , प्रमोद कुमार बिश्नोई, भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई, भारत विकास परिषद के कोषाध्यक्ष पंकज भटीरिया, प्रदुमन, आदि सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बेसिक शिक्षा विभाग में बड़ा बदलाव, 13 खंड शिक्षा अधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदले

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** बेसिक शिक्षा विभाग में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा बदलाव किया गया है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की स्वीकृति के बाद बीएसए डॉ. विनीता ने जिले के 13 खंड शिक्षा अधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदल दिए हैं। नए आदेश में कई बीईओ को दूसरे ब्लॉक भेजने के साथ अतिरिक्त जिम्मेदारियां भी सौंपी गई हैं।
तीन सितंबर को डीएम ने दी थी स्वीकृति खंड शिक्षा अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव के प्रस्ताव को जिलाधिकारी ने तीन सितंबर को स्वीकृति दी थी। इसी क्रम में बीएसए ने सोमवार को स्थानांतरण और अतिरिक्त प्रभार संबंधी आदेश जारी कर दिया। अधिकारियों को नए कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारी संभालने के निर्देश दिए गए हैं।

**विजय कुमार संभालेंगे नगर क्षेत्र**

जारी सूची के मुताबिक शशांक शुक्ला को भुता से बिथरी चैनपुर और शीशपाल को फरीदपुर से दमखोदा भेजा गया है। विजय कुमार को भदपुरा और बिथरी चैनपुर के प्रभार से हटाकर नगर क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही उन्हें बीएसए मुख्यालय का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।

**अवनीश को बहेड़ी, शेरगढ़ का अतिरिक्त जिम्मा**

सतीश कुमार वर्मा को आलमपुर जाफराबाद से भदपुरा स्थानांतरित किया गया है। अवनीश कुमार को मीरगंज एवं बहेड़ी के अतिरिक्त प्रभार से हटाकर बहेड़ी की जिम्मेदारी दी गई है। उनके पास शेरगढ़ का अतिरिक्त प्रभार भी रहेगा। जगदीश कुमार को दमखोदा से मीरगंज भेजा गया है।




**मुकेश कुमार को फरीदपुर के साथ भुता भी मिला**

मुकेश कुमार भारती को शेरगढ़ से फरीदपुर स्थानांतरित करते हुए भुता का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। राजेश कुमार को रामनगर से नवाबगंज और सुनील कुमार शर्मा को मझगवां से भोजीपुरा भेजा गया है।

**विवेक शर्मा को दो ब्लॉकों की जिम्मेदारी**

विवेक शर्मा को भोजीपुरा और नवाबगंज के अतिरिक्त प्रभार से हटाकर आलमपुर जाफराबाद भेजा गया है। उन्हें मझगवां का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। पूरन सिंह को क्यारा से रामनगर और तौसीफ अहमद को नगर क्षेत्र बरेली से क्यारा स्थानांतरित किया गया है।

# पहली पत्नी को मरा बताकर कर रहा था शादी, बारात की तैयारियों के बीच पहुंच गई पहली पत्नी काटा हंगामा, शादी रुकी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली/बदायूं।** महफिल सज चुकी थी, मेहमान पहुंच चुके थे और शादी का खाना भी तैयार था। बस बारात आने वाली थी। तभी पहली पत्नी अचानक शादी वाले घर पहुंच गई। उसने खुद को डॉक्टर की पत्नी बताते हुए हंगामा कर दिया। इसके बाद शादी की सारी तैयारियां धरी रह गईं और दूल्हा बने डॉक्टर साहब बारात लेकर मौके पर ही नहीं पहुंचे। आरोप है कि पहली शादी खत्म किए बिना ही डॉक्टर दूसरी शादी करने की तैयारी में थे और दूसरी तरफ उनकी पहली पत्नी को मरा हुआ बताया गया था।
मामला बारादरी थाना क्षेत्र के सूफी टोला निवासी निजी चिकित्सक डॉ. बुशरा फरहत अंसारी से जुड़ा है। डॉ. बुशरा का आरोप है कि उनके पति बदायूं जिले के एक सरकारी अस्पताल में एमओआईसी के पद पर तैनात हैं। आरोप है कि पति नवाबगंज की एक युवती से दूसरी शादी करने की तैयारी में थे। डॉ. बुशरा के मुताबिक पति के दूसरी युवती से संबंधों को लेकर पहले भी दोनों के बीच विवाद होता रहा था। इसी दौरान उन्हें जानकारी मिली कि पति नवाबगंज में दूसरी शादी करने की तैयारी कर रहे हैं। जानकारी मिलते ही वह शादी वाले घर पहुंच गईं।

**डॉ. बुशरा फरहत अंसारी और उनका पति**

**मेहमान पहुंचे, खाना तैयार, तभी पहुंच गई पहली पत्नी**

शादी वाले घर में उस समय पूरा इंतजाम हो चुका था। मेहमान पहुंच चुके थे और खाना भी तैयार था। घर में शादी का माहौल था।



इसी बीच डॉ. बुशरा ने वहां पहुंचकर खुद को डॉक्टर की पत्नी बताते हुए शादी का विरोध शुरू कर दिया। इसके बाद मौके पर हंगामा खड़ा हो गया। डॉ. बुशरा का आरोप है कि युवती के परिवार को यह बताया गया था कि डॉक्टर की पहली पत्नी की मौत हो चुकी है। लेकिन जिस महिला को कथित तौर पर मृत बताया गया था, वही शादी वाले घर में अचानक जिंदा सामने पहुंच गई। इसके बाद शादी की तैयारियों के बीच हड़कंप मच गया।

**बारात लेकर नहीं पहुंचे डॉक्टर साहब**

मामले की जानकारी डॉक्टर तक पहुंची तो स्थिति और बिगड़ गई। खास बात यह रही कि शादी के लिए बारात लेकर डॉक्टर मौके पर पहुंचे ही नहीं। उधर शादी वाले घर में मेहमान मौजूद रहे और दूल्हे का इंतजार होता रहा, लेकिन पहली पत्नी के पहुंचने के बाद शादी टल गई। हंगामे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शादी की तैयारियां रुकवा दीं। पुलिस युवती को थाने ले गई। बाद में परिजनों के समझाने पर युवती ने कहा कि जब तक डॉक्टर और उनकी पहली पत्नी के बीच तलाक नहीं हो जाता, तब तक वह डॉक्टर से दूरी बनाए रखेगी।

**एमओआईसी डॉक्टर पर उठे गंभीर सवाल**

थाना प्रभारी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शादी की तैयारियां रुकवा दी गई हैं। युवती ने भी डॉक्टर से दूरी बनाए रखने की बात कही है। वहीं, पूरे मामले ने सरकारी अस्पताल के जिम्मेदार पद पर तैनात डॉक्टर की भूमिका को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। पहली शादी कायम होने के बावजूद दूसरी शादी की तैयारी क्यों की जा रही थी और पहली पत्नी को कथित तौर पर मृत बताने की बात किसने और क्यों कही, यह अब जांच का विषय है।

# के जी के कॉलेज में पार्किंग में अवैध वसूली की जांच करेगी समिति: सबसे बड़ा सवाल "किसके संरक्षण में चल रही थी अवैध "वसूली ?

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** केजीके कॉलेज मुरादाबाद में पार्किंग में अवैध वसूली मामले की जांच के लिए प्रबंधन ने तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। प्राचार्य का कहना है कि समिति एक सप्ताह में अपनी रिपोर्ट देगी।
सोमवार को कॉलेज में एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने एक युवक को पार्किंग में अवैध वसूली करते हुए पकड़ लिया था। उसे प्राचार्य कक्ष में लाकर मामले में एफआईआर दर्ज करवाने के लिए धरना-प्रदर्शन किया था। संगठन के पदाधिकारियों का कहना था कि कॉलेज प्रशासन ने अवैध वसूली की जानकारी न होने की बात कही, जबकि आरोपी युवक


**छात्रों और कार्यकर्ताओं के दबाव में प्राचार्य प्रो. जितेंद्र सिंह ने आरोपी युवक धर्मेंद्र सिंह निवासी नगला तहर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए पुलिस में शिकायत दी थी**

बाकायदा कॉलेज के नाम से रसीद छापकर वसूली कर रहा था। इसमें साइकिल के पांच रुपये, बाइक के दस रुपये और कार के 20 रुपये निर्धारित किए गए थे। विभाग संगठन मंत्री गौरव यादव ने बताया कि पूछताछ में आरोपी युवक ने पांच साल से वसूली करने की घटना को स्वीकार किया था। छात्रों और कार्यकर्ताओं के दबाव में प्राचार्य प्रो. जितेंद्र सिंह ने आरोपी युवक धर्मेंद्र सिंह निवासी नगला तहर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने के लिए पुलिस में शिकायत दी थी।

# मुरादाबाद मेंआईएएस अधिकारी समेत स्वाइन फ्लू संक्रमित मरीजों की संख्या हुई 27

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जिले में एक आईएएस अधिकारी समेत चार मरीजों में स्वाइन फ्लू की पुष्टि हुई अब मरीजों की संख्या 27 हो गई है। आईएएस अधिकारी के अलावा तीन मरीज महिला हैं। इनमें से एक कांठ के गांव फूलपुर मिठनपुर निवासी 83 वर्षीय महिला को बुखार व खांसी के साथ सांस लेने में तकलीफ है।इन्हें जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती किया गया है। इनके अलावा बैंक कॉलोनी निवासी 52 वर्षीय महिला और अरण्या सिग्नेचर निवासी 58 वर्षीय महिला मरीजों की की सूची में शामिल हैं।आईएएस अधिकारी को पिछले चार दिन से बुखार की शिकायत थी, जांच कराने पर स्वाइन फ्लू की पुष्टि हुई। अब उनकी हालत में सुधार है। घर पर ही उनका इलाज चल रहा है।




डिप्टी सीएमओ व जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव काकहना है कि जिले में संक्रमित मरीजों की संख्या 27 हो गई है। सभी मरीजों के परिजनों से सर्विलांस टीम ने बात की है। तबीयत बिगड़ने की स्थिति में फौरन संपर्क करने की सलाह दी है। कई परिवारों को दवा भी वितरित की गई है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक बैंक कॉलोनी निवासी महिला सिद्ध अस्पताल में भर्ती हैं। जबकि अरण्या सिग्नेचर निवासी महिला का बेटा गुड़गांव में नौकरी करता है। कुछ दिन पहले जब वह घर आया था तो उसे खांसी-बुखार था। अब उसकी तबीयत ठीक है लेकिन मां बीमार पड़ गई हैं। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह का कहना है कि जिला अस्पताल के अलावा सीएचसी में भी स्वाइन फ्लू के मरीजों के लिए बेड आरक्षित किए गए हैं।उन्होंने लोगों से अपील की है कि यदि तीन दिन से अधिक बुखार है और दवा खाने के बाद भी आराम नहीं हो रहा है तो जांच जरूर कराएं। सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनकर जाएं और आवश्यक दूरी बनाए रखें।

## संक्षिप्त समाचार

# मुरादाबाद को "यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट की पहली बार मेजबानी मिली: 25 से 27 सितबर तक होगी प्रतियोगिता, प्रविष्टि की अंतिम तिथि 15 सितंबर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट की पहली बार मेजबानी करेगा। समर वैली स्कूल में 25 से 27 सितंबर तक होने वाली चौथी राज्य रैंकिंग प्रतियोगिता में प्रदेश के अलग-अलग जिलों के खिलाड़ी रैंकिंग और खिताब के लिए जोर आजमाइश करेंगे।प्रतियोगिता से स्थानीय खिलाड़ियों को राज्य स्तर की कड़ी प्रतिस्पर्धा में अपनी प्रतिभा परखने का मौका मिलेगा। टूर्नामेंट को लेकर समर वैली स्कूल में बैठक आयोजित की गई। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रविष्टि कीअंतिम तिथि 15 सितंबर तय की गई है। निर्धारित प्रारूप में ई-मेल के माध्यम से प्रविष्टियां भेजी जाएंगी। आयोजन को लेकर स्कूल प्रबंधन और जिला एसोसिएशन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के सचिव योगेंद्र गौतम और प्रतियोगिता के आयोजन सचिव व राष्ट्रीय पदक विजेता अनिल सेन ने बताया कि जिले को पहली बार रैंकिंग टूर्नामेंट की मेजबानी मिली। प्रतियोगिता में अंडर-19 यूथ, अंडर-17 जूनियर, अंडर-15 सब-जूनियर, अंडर-13 कैडेट और अंडर-11 होप्स वर्ग के बालक-बालिका एकल मुकाबले होंगे। इसके साथ महिला और पुरुष एकल वर्ग में भी मुकाबले खेले जाएंगे। प्रतियोगिता स्टेज ग्लोबल के सहयोग से जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के समन्वय में और उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन के निर्देशन में होगी। समर वैली स्कूल के प्रधानाचार्य विशाल उपाध्याय ने कहा कि जिले में पहली बार राज्य रैंकिंग प्रतियोगिता की मेजबानी मिलना गौरव की बात है। इससे शहर और आसपास के उभरते खिलाड़ियों को बड़े मंच पर खेलने का अनुभव मिलेगा।



# मंडलायुक्त ने नवीन उपविधि पुस्तक का किया विमोचन: अधिवक्ताओं ने मंडलायुक्त संगीता सिंह को पुष्पगुच्छ, पुष्प मालाएं भेंट कर किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के सभागार में मंडलायुक्त संगीता सिंह का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी मुरादाबाद की नवीन उपविधि पुस्तक का विमोचन भी किया गया।
कार्यक्रम की अध्यक्षता बार अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता ने की। महासचिव कपिल गुप्ता ने कार्यक्रम का संचालन किया। अधिवक्ताओं ने मंडलायुक्त संगीता सिंह को पुष्पगुच्छ, पुष्प और मालाएं भेंट कर सम्मानित किया। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष आदेश श्रीवास्तव ने मंडलायुक्त की उपलब्धियों को बताया।



मंडलायुक्त संगीता सिंह ने कहा कि व्यक्ति को सीखने का भाव कभी नहीं छोड़ना चाहिए।अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता ने मंडलायुक्त की कार्यशैली और कर्तव्य परायणता की सराहना की। इस दौरान मंडलायुक्त संगीता सिंह के हाथों दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी मुरादाबाद की नवीन उपविधि पुस्तक का विमोचन हुआ। यह उपविधि चार जुलाई 2026 से प्रभावी है।इस दौरान रफीक अहमद और मोहम्मद इस्लाम उर्फ बाबू ने भी मंडलायुक्त को स्मृति चिह्न प्रदान किए। इस समारोह में उमाकांत शर्मा, सुधीर गुप्ता, महेश चंद्र त्यागी सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

**आयोजन** संस्कार,सेवा, समर्पण के साथ समाज की सेवा करें : मुकेश माहेश्वरी

# भारत विकास परिषद द्वारा महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज में "गुरु वंदन -छात्र अभिनंदन" का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई ) ।** भारत विकास परिषद के प्रांतीय आह्वान पर परिषद की कांठ शाखा के तत्वाधान में बुधवार को नगर के प्रसिद्ध महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज में" गुरु वंदन छात्र अभिनंदन " का आयोजन किया गया' प्रार्थना सभा के बाद मेधावी' छात्र-छात्राओं एवं सर्वश्रेष्ठ शिक्षक को मेडल,प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया' स्कूल के प्रबंधक मुकेश माहेश्वरी ने अपने संबोधन में कहा कि परिषद का लक्ष्य समाज की सेवा करना है उन्होंने सेवा समर्पण संस्कार के साथ समाज की सेवा करने का आह्वान किया ' इस अवसर पर विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले नित्या शर्मा पुत्र दीपक शर्मा, राज यादव पुत्र नरेन्द्र सिंह,दिव्यांशी चौहान पुत्री धर्मेश सिंह,नाजिश परवीन पुत्री मौ० अफजाल,कनक सिंह पुत्र जयप्रकाश सिंह,श्रेया अग्रवाल पुत्र सौरभ अग्रवाल,बुशरा पुत्री मौ० नईम' एवं सर्वश्रेष्ठ शिक्षक जितेंद्र कुमार को परिषद के लोगों ने सम्मानित किया।
इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष महेश चंद्र गुप्ता,भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई,सचिव गौरव बिश्नोई, सुरेश चौहान, प्रमोद बिश्नोई,मदन सिंह अखिलेश बिश्नोई भानु प्रताप सिंह, विष्णु अवतार, पंकज कुमार, प्रद्युमन बिश्नोई, दीपक चौहान,राजेश शर्मा आदि सदस्य उपस्थित रहे'अध्यक्षता महेश चंद गुप्ता ने की संचालक गौरव बिश्नोई ने किया' आगंतुकों का आभार प्रधानाचार्य मदन सिंह ने किया।








# दस साल से सड़क-नाली का इंतजार, ज्ञापन सौंपकर कर की समस्या समाधान की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** सारा रोड गोविंदपुरी के साईं पुरम कॉलोनी और मानवतापुरी गली नंबर-4 के निवासियों की सड़क व जल निकासी की समस्या करीब एक दशक बाद भी दूर नहीं हो सकी है। बारिश के दिनों में घरों के सामने पानी भरने और जल निकासी बाधित रहने से कॉलोनीवासियों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्या के समाधान की मांग को लेकर कॉलोनीवासी बुधवार को तहसील पहुंचे और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। कॉलोनी निवासी मुकेश कुमार के साथ पहुंचे लोगों ने बताया कि वार्ड-26 की उक्त गलियों में लंबे समय से सड़क और नाली का समुचित निर्माण नहीं हुआ है। बारिश होने पर पानी घरों के सामने जमा हो जाता है और निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण गंदा पानी लंबे समय तक ठहरा रहता है। इससे आवागमन प्रभावित होने के साथ ही स्थानीय लोगों को अन्य परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए स्थिति अधिक कठिन हो जाती है। कॉलोनीवासियों ने एसडीएम से मौके का स्थलीय निरीक्षण कराकर सड़क और नाली निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू कराने की मांग की। उनका कहना है कि स्थायी जल निकासी और पक्की सड़क बनने से ही समस्या का समाधान संभव है। ज्ञापन पर कॉलोनी के दर्जनों वासियों के हस्ताक्षर शामिल हैं। मुकेश कोहली के साथ ज्ञापन छापने वालों में कपिल शर्मा, दिनेश माहेश्वरी, मोनू कुमार, सुनीता देवी, बबिता देवी, सुनीता शर्मा, कुसुम सहित अनेक कालोनीवासी शामिल थे।






# मेकअप आर्टिस्ट के क्षेत्र में सपना शमी मेकओवर जनपद का कर रही नाम रोशन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- गाजियाबाद, लखनऊ, मुरादाबाद सहित अनेक जनपदों में किया गया सम्मानित
- शादी समारोह में अनेक दुल्हनों का कर चुकी हैं मेकप ब्राइडल

**बुलंदशहर।** महिलाओं का मेकअप करने के लिए जनपदों में अनेक मेकअप आर्टिस्ट के शोरूम खुले हुए जिसमें गाजियाबाद के वेब सिटी में स्थित दा ब्राइडल ड्रीम प्लेस एंड मेकअप स्टूडियो सबसे आगे है। जहां से अनेक महिलाओं को उत्तम मेंकप ब्राइडल करके दुल्हन बनाया गया। जहां लड़कियों द्वारा मेकअप करने के लिए लाइन लगी हुई।



सपना शमी मेकओवर मुरादाबाद की रहने वाली है जो अब गाजियाबाद के वेव सिटी में रहती है जहां उन्होंने दा ब्राइडल ड्रीम पैलेस एंड मेकअप स्टूडियो खोलकर अपना कार्य शुरू किया। जिन्होंने इस क्षेत्र में मुरादाबाद ,गाजियाबाद ,लखनऊ , दिल्ली सहित अन्य जनपदों में आयोजित अनेक कार्यक्रमों में उत्तम प्रदर्शन किया और पुरस्कार से सम्मानित हुई।

वेव सिटी के इस्कॉन मंदिर एवं ड्रीम होम्स में आयोजित श्री कृष्ण जन्माष्टमी के कार्यक्रम में भी राधा कृष्ण के गाने पर नृत्य कर लोगों का मन मोह लिया जहां दोनों स्थानों पर सपना सभी मेकओवर को सम्मानित किया गया। जिनके संदेश से अनेक महिलाएं जागरूक हुई। सपना शमी मेकओवर जो मेकअप आर्टिस्ट के साथ मिसीज बरेली, मिसीज फोटो जैनिक लखनऊ एवं मल्यार्थ ग्रुप की महिला संयोजक तथा प्रसिद्ध एक्ट्रेस हैं। जिन्होंने नृत्य के क्षेत्र में भी बुलंदिया हासिल की।

जिन्हें उद्योगपति, डॉक्टर, वकील ,राजनेता, शिक्षक,एक्टर सहित अन्य लोग शुभकामनाएं दे रहे।

# जनगणना-2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों में जुटा प्रशासन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जनपद में जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के सफल एवं सुचारू संचालन को लेकर जिलाधिकारी कुमार हर्ष की अध्यक्षता में

## डीएम कुमार हर्ष ने अधिकारियों को दिए निर्देश

महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना कार्य से संबंधित तैयारियों, कार्मिकों के प्रशिक्षण, प्रचार-प्रसार तथा आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि भारत सरकार की अधिसूचना संख्या 4729, नई दिल्ली, दिनांक 5 सितंबर 2026 के अनुसार उत्तर प्रदेश में जनगणना-2027 के अंतर्गत द्वितीय चरण का कार्य 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक प्रस्तावित है। इसके पूर्व नागरिकों के लिए स्व-गणना का कार्य 16 नवंबर 2026 से 30 नवंबर 2026 तक निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनगणना के द्वितीय चरण से संबंधित सभी तैयारियां निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार समयबद्ध ढंग से पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने प्रशिक्षण एवं कार्मिकों की नियुक्ति से संबंधित कार्यक्रमों की विशेष रूप से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने बताया कि फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण 4 अक्टूबर 2026 से 24 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किया जाएगा। वहीं प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति 15 अक्टूबर 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम 22 अक्टूबर 2026 से 14 नवंबर 2026 तक संचालित किया जाएगा।

प्रशिक्षण स्थलों के चयन के संबंध में निर्देश दिए गए कि ऐसे उपयुक्त संस्थानों का चयन किया जाए, जहां स्मार्ट क्लासरूम की सुविधा उपलब्ध हो। एक ही स्थान पर एक से अधिक प्रशिक्षण बैच संचालित किए जा सकें तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रभावी पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण सुनिश्चित किया जा सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रशिक्षण बैचों का गठन करते हुए विस्तृत प्रशिक्षण कैलेंडर जारी किया जाए।

प्रत्येक प्रशिक्षण बैच के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जो संबंधित बैच के प्रशिक्षण कार्यक्रम की नियमित निगरानी एवं अनुश्रवण सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि सभी प्रशिक्षण स्थलों पर प्रोजेक्टर, एलईडी अथवा टीवी स्क्रीन, माइक तथा अन्य आवश्यक उपकरणों की समुचित व्यवस्था की जाए। प्रत्येक प्रशिक्षण कक्ष में जनरेटर अथवा पावर बैकअप की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण शुरू होने से पहले सभी स्थलों पर तकनीकी, विद्युत एवं अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाएं पूरी कर ली जाएं।

जिलाधिकारी ने नामित नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षण स्थलों की व्यवस्थाओं, प्रशिक्षण की गुणवत्ता तथा निर्धारित प्रशिक्षण कैलेंडर के अनुरूप कार्यक्रमों के संचालन की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। बैठक में जनगणना-2027 के संबंध में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया। निर्देशित किया गया कि प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से जनगणना के महत्व और प्रक्रिया का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। नगरीय क्षेत्रों में कूड़ा संग्रहण वाहनों के माध्यम से ऑडियो प्रचार-प्रसार कराने के भी निर्देश दिए गए।

# उप संचालक चकबंदी का पेशकार 50 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ, मुरादाबाद (सुदेश बिश्नोई)।** एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने उप संचालक चकबंदी के संप्रति वरिष्ठ सहायक एवं पेशकार सुभाष चंद्र (55) को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।आरोपी अपने कार्यालय में एक आदेश को ऑनलाइन न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने के एवज में रिश्वत मांग रहा था। टीम ने कार्रवाई के बाद आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में सिविल लाइंस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह के अनुसार मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गनेशघाट निवासी ओमवीर सिंह अधिवक्ता और किसान भी हैं। उनका चकबंदी विभाग में जमीन से संबंधित वाद चल रहा था।अधिवक्ता ओमवीर सिंह ने बताया कि उनके वाद में 17 अप्रैल 2026 को फाइनल बहस हो गई थी और आदेश के लिए 24 जून 2026 की तारीख तय की गई थी लेकिन आदेश को अभी तक ऑनलाइन अपलोड नहीं किया गया था। बार-बार तारीख दी जा रही थी। ओमवीर सिंह ने चकबंदी विभाग के सुभाष चंद्र से संपर्क किया तो उसने आदेश को ऑनलाइन करने के नाम पांच लाख रुपये की मांग की लेकिन बाद में एक लाख रुपये में बात तय हो गई थी अधिवक्ता ने दो बार में 50-50 हजार रुपये देने की बात तय की थी। इसके बाद उन्होंने एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम से संपर्क किया। मंगलवार की दोपहर करीब साढ़े तीन बजे टीम ने अधिवक्ता को 50 हजार रुपये लेकर कचहरी स्थित चकबंदी कार्यालय में पेशकार के पास भेज दिया।अधिवक्ता ने जैसे ही पेशकार को 50 हजार रुपये दिए, इसी दौरान एंटी करप्शन ब्यूरो के इंस्पेक्टर मोहम्मद इश्तियाक, इंस्पेक्टर नवल मारवाह की टीम ने आरोपी सुभाष चंद्र को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से चकबंदी विभाग के कार्यालय में हड़कंप मच गया।

## इंजीनियर शमीम सैफी के इंतकाल पर शोक की लहर

# सैफी समाज के अनमोल रत्न इंजीनियर शमीम सैफी का इंतकाल, नम आंखो से दी अंतिम विदाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सैफी समाज के अनमोल रत्न, प्रख्यात समाजसेवी एवं सैफी वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर शमीम सैफी साहब का बीती रात इंतकाल हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही सैफी समाज सहित सामाजिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई।

इंजीनियर शमीम सैफी ने अपने जीवनकाल में समाज की एकता, शिक्षा, सामाजिक उत्थान और जनकल्याण के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके नेतृत्व एवं सामाजिक सेवाओं को समाज में हमेशा याद किया जाएगा। उनके इंतिकाल को सैफी समाज और सामाजिक जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है।





मरहूम इंजीनियर शमीम सैफी के इंतिकाल की सूचना मिलने पर उनके परिजनों, शुभचिंतकों और समाज के लोगों में गहरा दुःख व्याप्त है। विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं गणमान्य लोगों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे समाज के लिए बड़ी क्षति बताया है।

जानकारी के अनुसार, मरहूम का दफीना आज जोहर की नमाज के बाद निजामुद्दीन स्थित पंजपीरान कब्रिस्तान में किया गया। दूर दराज से आये बडी संख्या मे लोगो ने शिरकत की और इस दुखद अवसर पर तमाम अहले समाज एवं परिचितों से मरहूम के लिए दुआ-ए-मगफि रत करने की अपील की गई है। अल्लाह तआला मरहूम की मगफि रत फरमाए, उनके दरजात बुलंद फरमाए और उनके परिवार, परिजनों एवं तमाम चाहने वालों को इस गहरे सदमे को बर्दाश्त करने की ताकत अता फरमाए। आमीन।

# विशेष शिक्षकों के लिए स्पेशल टीईटी परीक्षा का विज्ञापन जारी, 3 नवंबर को होगी परीक्षा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन के बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग ने विशेष शिक्षकों केइ लिए आयोजित की जाने वाली विशेष अध्यापक पात्रता परीक्षा (Special TET)) को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं।

शासन के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा Special TET का विज्ञापन प्रकाशित कर दिया गया है। यह परीक्षा प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर कार्यरत शिक्षकों एवं विशेष शिक्षकों (CWSN) के लिए आयोजित की जा रही है।

परीक्षा में निर्धारित पात्रता पूरी करने वाले संबंधित विद्यालयों के शिक्षक शामिल हो सकेंगे। अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि प्राथमिक स्तर पर उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित

## टीईटी/सीटीईटी उत्तीर्ण नहीं करने वाले शिक्षकों को भी परीक्षा में शामिल होने का अवसर, आवेदन प्रक्रिया 5 सितंबर से शुरू

विद्यालय, स्थानीय निकाय एवं जिन विद्यालयों को राज्य सरकार/बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा समय-समय पर मान्यता/सम्बद्धता प्रदान की गई है, राज्य सरकार से सहायता प्राप्त विद्यालय तथा विशेष एजुकेटर्स प्राथमिक स्तर (कक्षा 1 से 5) के शिक्षक पात्र होंगे।

# आई.टी.एस डेंटल कॉलेज द्वारा अगस्त माह में लगभग 4100 मरीजों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाये गये

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** दिल्ली मेरठ रोड पर असालत नगर के निकट स्थित आई.टी.एस डेंटल कॉलेज, मुरादनगर द्वारा अगस्त माह में मरीजों के लिए गाजियाबाद के विभिन्न स्थानों विवेकानंद नगर, आकाश नगर, मोहन नगर, भोजपुर, भोपुरा, नेकपुर, रहीसपुर, विजयनगर, नंदग्राम, लोनी, प्रताप विहार, सुराना, निस्तौली एवं फरूकनगर के साथ-साथ चार्म्स कैसल, ऑफिसर सिटी-2, फॉर्च्यूनर रेजीडेंसी और आशियाना पाम जैसी गाजियाबाद की विभिन्न सोसायटियों में भी विभिन्न दंत चिकित्सा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। उक्त शिविरों में लगभग 4100 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया। यह शिविर आई.टी.एस. - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आर.पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से सफलतापूर्वक आयोजित किये गये, जिनका मुख्य उद्देश्य मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, व्यक्तियों को सामान्य दंत समस्याओं के प्रारंभिक संकेतों के बारे में शिक्षित करना और मुफ्त निदान तथा उपचार सेवाएं प्रदान करना था।




# जिला अस्पताल आकर कायाकल्प की टीम ने परखीं स्वास्थ्य सेवाएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** जिला चिकित्सालय में अमरोहा से आयी दो सदस्यीय टीम ने आकर कायाकल्प का पियर निरीक्षण किया। टीम में डॉ. इरफान ईएमओ, डॉ. याकुब एमसीएच कंसलटेंट अमरोहा सुबह 11:30 बजे चिकित्सालय पहुंचे। उसके बाद टीम ने दवा स्टोर में निरीक्षण किया। इमरजेंसी वार्ड में टीम ने ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक से जानकारियां प्राप्त की। जैसे कि चिकित्सालय में प्रतिदिन कितने मरीज भर्ती किए जा रहे हैं। वर्तमान में आ रहे सर्पदंश के मरीजों के लिए क्या प्रोटोकोल इस्तेमाल में लायी जा रही है जिस पर चिकित्सक द्वारा संतोषजनक जवाब दिया गया। ऑपरेशन थिएटर में टीम ने बताया कि ज्यादातर आधुनिक सर्जरी की जा रहीं हैं। कायाकल्प राउंड के दौरान अस्पताल की स्वच्छता, साफ-सफाई, मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, संक्रमण नियंत्रण, व्यवस्थाओं एवं अस्पताल परिसर की समग्र गुणवत्ता का जायजा लिया गया। निरीक्षण के पश्चात टीम ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को बताया की। चिकित्सालय में साफ-सफाई की व्यवस्था बहुत अच्छी है जिस तरह का मरीजों का भार चिकित्सालय पर है और फिर भी इतनी साफ-सफाई होना बड़ी बात है। टीम ने कहा कि जल्द की चिकित्सालय एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन के लिए भी तैयार है। राउंड के दौरान डॉ.बीसी सक्सेना, हरीश चंद्र धोनी, रेखा, आदि शामिल रहे।




आपरेशन थिएटर में कायाकल्प टीम में शामिल चिकित्सक, सीएमएस।




## बैठक

## लखनऊ में अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की बैठक में संगठन विस्तार और यात्रा की तैयारियों पर मंथन

# 24 अक्टूबर से निकलेगी चाणक्य रथ यात्रा, पटना से दिल्ली तक गूंजेगा सामाजिक जागरण का संदेश

**लखनऊ।** अखिल भारतीय संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वावधान में अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की ओर से 24 अक्टूबर से चाणक्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा का शुभारंभ आचार्य चाणक्य की जन्मभूमि पाटलिपुत्र, पटना से सुबह नौ बजे होगा। विभिन्न जिलों से होते हुए यात्रा 2 नवंबर को दिल्ली पहुंचेगी, जहां संसद घेराव के कार्यक्रम के साथ इसका समापन होगा।

परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित कृपानिधान तिवारी ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य समाज में जन-जागरण, लोगों को अपने अस्तित्व के प्रति जागरूक करना तथा वर्तमान व्यवस्था की विसंगतियों के प्रति सचेत करना है। यात्रा पटना, दानापुर, बिहटा, आरा, जगदीशपुर, दिनारा, कोचस, मोहनिया, सैयदराजा, चंदौली, वाराणसी, जौनपुर, शाहगंज, अकबरपुर, अयोध्याधाम, बाराबंकी, लखनऊ, कानपुर, औरैया, इटावा, आगरा, मथुरा, पलवल और फरीदाबाद होते हुए दिल्ली पहुंचेगी।




यात्रा के प्रमुख मुद्दों में आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करने, योग्यता आधारित पदों पर आरक्षण समाप्त करने, सवर्ण आयोग का गठन, समान नागरिक संहिता लागू करने, भगवान परशुराम के प्राकट्य दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने, अयोध्या में भगवान परशुराम मंदिर निर्माण तथा यूजीसी जैसे कानूनों को वापस लेने की मांग शामिल है।

इसी क्रम में बुधवार को लखनऊ स्थित विकास दीप बिल्डिंग के प्रथम तल के एस-8 व एस-9 में अखिल भारतीय चाणक्य परिषद उत्तर प्रदेश की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश संरक्षक आचार्य पंडित श्रीकृष्ण चंद्र शुक्ला ने की, जबकि संचालन प्रदेश संयोजक तेज प्रताप द्विवेदी ने किया। बैठक में राष्ट्रीय संरक्षक पंडित कृपानिधान तिवारी की मौजूदगी में संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक का शुभारंभ पंडित दुर्गेश कुमार त्रिपाठी के मंगलाचरण से हुआ। इसके बाद परिचय कार्यक्रम हुआ। पंडित रविशंकर मिश्र ने पिछली बैठक की कार्यवाही पढ़कर सुनाई। इस दौरान कमलाकांत शर्मा ने प्रस्ताव रखा कि कार्यवाही में अध्यक्ष के रूप में पंडित जवाहर लाल शर्मा, आदर्श ब्राह्मण सभा लखनऊ का नाम अंकित किया जाए।




मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया।
अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267